
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 248
फरीदाबाद, सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

प्रगति के लिए कला की ओर मुड़ें

पेज - 11

# चौथा चुनाव भी संगठन के बगैर लड़ेगी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में सत्ता की सीढ़ी चढ़ने का सपना देख रही कांग्रेस पार्टी ऐलनाबाद का उपचुनाव भी बगैर संगठन के ही लड़ेगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सेलजा के कार्यकाल के दो साल पूरे हो चुके हैं और अभी तक संगठन का कोई अता-पता नहीं है। हरियाणा में कांग्रेस के लिए यह चौथा चुनाव है जब पार्टी संगठन के बगैर ही चुनाव लड़ेगी। पहले अशोक तंवर और अब कुमारी सेलजा को भी हुड्डा गुट के दबाव के आगे सरेंडर करना पड़ रहा है।

हरियाणा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पिछले सात साल से बगैर संगठन के चल रहा है। इन सात वर्षों में कांग्रेस आधा दर्जन चुनाव हार चुकी है। इसके बावजूद पार्टी के वरिष्ठ नेता वर्चस्व की लड़ाई में उलझे हुए हैं। शीर्ष नेताओं की आपसी लड़ाई के चलते जिलों में सैकड़ों पुराने कांग्रेसी घर बैठ चुके हैं और बहुत से नेताओं ने सक्रियता कम कर दी है। हरियाणा में 2005 के दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बतौर मुख्यमंत्री कमान संभाली थी, जिसके बाद हुड्डा के सबसे करीबी फूलचंद मुलाना को 20 जुलाई 2007 को हरियाणा कांग्रेस का प्रधान बना दिया गया। हुड्डा और मुलाना ने एक सुर में काम करते हुए हरियाणा के सभी जिलों में अध्यक्षों की तैनाती और पार्टी का संगठन खड़ा किया। फूलचंद मुलाना द्वारा खड़ा किया गया संगठन हुड्डा के दूसरे कार्यकाल के दौरान भी हरियाणा में सक्रिय रहा। इसके बाद कांग्रेस हाईकमान ने 14 फरवरी 2014 को हरियाणा की कमान अशोक तंवर को सौंपी। ताजपोशी के कुछ दिन बाद ही हुड्डा गुट ने तंवर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। हुड्डा गुट के विधायकों व नेताओं ने तंवर को कभी अध्यक्ष नहीं माना। तंवर ने कई बार कांग्रेस की कार्यकारिणी व जिला अध्यक्षों को तैनात करने का प्रयास किया, लेकिन हुड्डा गुट के दबाव के चलते तंवर कभी भी सूची जारी नहीं कर सके। हुड्डा गुट के दबाव के आगे तंवर को भी सरेंडर करना पड़ गया है और उनके कार्यकाल के दौरान हरियाणा में लोकसभा, विधानसभा, पंचायत व स्थानीय निकाय के चुनाव हुए। बगैर संगठन के फील्ड में उतरी कांग्रेस लगभग सभी चुनाव हारती रही। हाईकमान ने हुड्डा गुट को शांत करने के लिए चार सितंबर 2019 को तंवर को हटाकर सेलजा को हरियाणा कांग्रेस प्रधान बना दिया। अब हुड्डा गुट सेलजा के खिलाफ भी मोर्चा खोले हुए है। हुड्डा के साथ सेलजा के मुकाबले विधायकों की संख्या अधिक है।





## हुड्डा गुट के दबाव के आगे सेलजा की भी नहीं चली

### कहां फंसा है संगठन का पेंच

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संगठन के गठन के समय कुलदीप बिश्नोई, किरण चौधरी, अजय यादव, रणदीप सुरजेवाला जैसे नेताओं ने तो अपनी सूचियां दे दी हैं, लेकिन हुड्डा गुट ने तीन जिलों की सूचियां देने की बजाए करनाल, गुरुग्राम, फरीदाबाद जिले भी मांग रहा है। जिसे लेकर विवाद चल रहा है। इसके चलते हुड्डा गुट के विधायक एवं नेता सेलजा को बदलवाने के लिए हाईकमान के दरबार में पहुंच कर चुके हैं।

**भाजपा, जजपा व इनेलो लगातार कर रहे संगठन का विस्तार:** हरियाणा में कांग्रेस अध्यक्ष सेलजा के बाद भाजपा की बागडोर संभालने वाले ओम प्रकाश धनखड़ पूरे प्रदेश में अपना संगठन खड़ा कर चुके हैं। संगठन के मामले में भाजपा इस समय सबसे आगे है। भाजपा की सहयोगी जननायक जनता पार्टी भी लगातार संगठन का विस्तार कर रही है। जेबीटी भर्ती घोटाले में सजा पूरी करके जेल से बाहर आए ओम प्रकाश चौटाला भी रोजाना संगठन का विस्तार करते हुए सूची जारी कर रहे हैं।

### सात साल से बगैर संगठन के चल रही कांग्रेस

सेलजा के कार्यकाल के दौरान सबसे पहले विधानसभा चुनाव, फिर बरौदा विधानसभा उपचुनाव तथा निगम व परिषद के चुनाव हुए। इनमें से किसी भी चुनाव में कांग्रेस का संगठन नहीं था। अब इसी माह ऐलनाबाद का उपचुनाव होने जा रहा है। इस चुनाव में भी कांग्रेस के पास कोई संगठन नहीं है। सेलजा भी अपने कार्यकाल के दो साल पूरे कर चुकी हैं और तीसरा साल चल रहा है, लेकिन हुड्डा के दबाव के आगे अब वह भी संगठन खड़ा नहीं कर पाई हैं। संगठन में एडजस्ट होने की आस लगाए नेता अब घर बैठ गए हैं। आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस पार्टी को जो डैमेज हो रहा है उसे कंट्रोल करने में बहुत समय लगेगा।

# युवराज सिंह गिरफ्तार पुलिस ने की पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार



**हांसी** पुलिस ने एससी/एसटी के एक मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह को गिरफ्तार करके जांच में शामिल किया है। हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत के चलते पूछताछ के बाद युवराज सिंह को छोड़ दिया गया।

हांसी शहर थाना में दर्ज एससी/एसटी के मामले में हांसी पुलिस ने युवराज को हिसार स्थित जीओ मैस में पूछताछ की। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि डीएसपी विनोद शंकर ने युवराज से पूछताछ की और पूरी जानकारी ली। माना जा रहा है कि पूछताछ के आधार पर अब हांसी पुलिस युवराज के खिलाफ चालान पेश करेगी। इसके बाद युवराज को विशेष अदालत से नियमित जमानत लेनी होगी। शिकायतकर्ता अधिवक्ता एडवोकेट रजत कल्सन के अनुसार मामले में युवराज सिंह को अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत स्थापित अदालत में हर तारीख पर पेश होना होगा। जुर्म साबित होने पर इस मामले में पांच साल तक की सजा भी हो सकती है।

**मौसम** फरीदाबाद

अधिकतम $24.01^{0}C$

न्यूनतम $21.00^{0}C$

## क्विक न्यूज

### एनसीआर के शहरों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है और एनसीआर के सभी प्रमुख शहर रेड जोन में पहुंच गए हैं। प्रदूषण मापक एप समीर के अनुसार रविवार को गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 260 दर्ज किया गया, जबकि नोएडा का स्तर 326 रहा। इसी तरह बल्लभगढ का एक्यूआई 271, फरीदाबाद का 333, दिल्ली का 331, गुरुग्राम का 344 और पानीपत का 405 दर्ज किया गया।

### बैंक ऑफ इंडिया ने आवास वाहन ऋण सस्ता किया

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने अपने आवास ऋण पर ब्याज दर में 0.35 प्रतिशत की कटौती की है। इसके अलावा बैंक ने वाहन ऋण पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कमी की है। बैंक के अनुसार, इस कटौती के बाद बीओआई की आवास ऋण दर 6.50 प्रतिशत से शुरू होगी। पहले यह 6.85 प्रतिशत थी। वहीं बैंक के वाहन ऋण पर ब्याज दर 7.35 से घटकर 6.85 प्रतिशत रह गई है। बैंक ने कहा, यह विशेष दर 18 अक्टूबर, 2021 से 31 दिसंबर, 2021 तक लागू रहेगी। नए ऋण तथा ऋण के स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले ग्राहकों के लिए नई ब्याज दर लागू होगी। इसके साथ ही बैंक ने 31 दिसंबर, 2021 तक आवास तथा वाहन ऋण पर प्रोसेसिंग शुल्क को समाप्त कर दिया है।

### राजपुरा सड़क हादसे में पंचकूला के तीन की मौत

**राजपुरा (पंजाब)।** राजपुरा-चंडीगढ़ मार्ग पर एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर घायल हो गया। उसे चंडीगढ़ जीएमसीएच-32 रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि हादसा रविवार अल सुबह चार बजे हुआ। राजपुरा के अस्पताल में शवों को रखवा दिया गया है। सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य राजपुरा सिविल अस्पताल पहुंचे। जानकारी के मुताबिक पंचकूला-चंडीगढ़ निवासी चार दोस्त कार पर शनिवार रात पटियाला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थान पर माथा टेककर रविवार सुबह वापस पंचकूला आ रहे थे। गांव आलमपुर के पास उनकी कार, ट्रक से टकराकर सड़क हादसे का शिकार हो गई। कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

### हादसे के 75 दिन बाद दूसरे पायलट का शव बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में तीन अगस्त को दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर के दूसरे पायलट का शव रविवार को बरामद किया गया। हादसे के 75 दिनों बाद शव बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक, तीन अगस्त को हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होकर रंजीत सागर झील में गिर गया था। जिसमें हेलीकॉप्टर के पायलटों की मौत हो गई थी। वहीं 75 दिनों बाद दूसरे पायलट (कैप्टन जयंत जोशी) का शव बरामद किया गया।

## केरल में तबाही की बारिश

# लैंडस्लाइड में 21 की मौत, 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम


**केरल** में हो रही भारी बारिश लोगों के लिए जानलेवा साबित हो गई है। कई शहरों में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई है। राज्य में बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 21 लोगों की मौत हो गई है और 20 से अधिक लोग लापता है। मरने वालों में 13 लोग कोट्टायम और आठ लोग इडुक्की के बताए जा रहे हैं। वहीं, मीनाचल और मनीमाला में नदियां उफान पर हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। साथ ही कई लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। यहां तक कि कई जिलों में बांध अपनी पूरी क्षमता के करीब पहुंच गए हैं। राज्य के पहाड़ी इलाकों में कई छोटे कस्बे और गांव बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट गए हैं।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के सीएम पिनाराई विजयन से बात की। दोनों के बीच भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर स्थिति पर चर्चा की। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, घायलों और प्रभावितों की सहायता के लिए जमीन पर काम किया जा रहा है। मैं सभी की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने लिखा, 'यह दुखद है कि केरल में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कुछ लोगों की जान चली गई है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना।' रेस्क्यू के लिए सेना को तैनात किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पठानमथिट्टा, कोट्टायम, अलाप्पुझा, एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम और कोझीकोड जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पंजाब के कुछ हिस्सों के लिए भारी बारिश को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

राज्य में हो रही भारी बारिश पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि लोगों को बारिश से बचने के लिए सभी सावधानियां बरतने का अनुरोध किया गया है। पूरे राज्य में 105 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं और अधिक शिविर शुरू करने की व्यवस्था की गई है। सीएमओ ने कहा कि पातनमिथिट्टा, कोट्टायम, एनार्कुलम, इडुक्की, त्रिशूर औल अलापुझा जिले में एनडीआरफ की 11 टीमें तैनात कर दी गई हैं। तिरुवनंतपुरम और कोट्टायम में सेना की दो टीमें तैनात करने को कहा गया है। आपातकालीन की स्थिति में एयरफोर्स को स्टैंडबाय मोड में रहने को कहा गया है। वहीं एनडीआरएफ की एक टीम भारी बारिश से प्रभावित एर्नाकुलम के मुवात्तुपुझा पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर केरल के कुछ हिस्सों में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। केंद्र सरकार जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हर संभव मदद करेगी।

● संबंधित खबर पेज-09





### मुवत्तुपुझा नदी में बढ़ा जलस्तर

एर्नाकुलम जिले के मुवत्तुपुझा नदी में भारी बारिश के बाद जलस्तर बढ़ गया। भारतीय मौसम विभाग ने एर्नाकुलम जिले में येलो अलर्ट जारी किया है। केरल के कोट्टायम में लापता लोगों की तलाश के लिए सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। बाढ़ के मद्देनजर भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना ने अपने जवानों को तैनात कर दिया है। वायुसेना के अनुसार एमआई-17 और सारंग हेलीकॉप्टर पहले से ही स्टैंडबाय मोड में हैं। केरल में मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए दक्षिणी वायु कमान के तहत सभी ठिकानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कोट्टायम में भूस्खलन के कारण 20 से अधिक लोग लापता हो गए। इस जगह पर पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मी भी पहुंचने में नाकाम रहे। मौसम विभाग ने राज्य के कई और हिस्सों में भी बारिश का अनुमान जताया है।

**सबरीमाला मंदिर जाने से बचने की अपील:** भारी बारिश को देखते हुए केरल में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने भगवान अयप्पा के भक्तों से रविवार और सोमवार को पठानमथिट्टा जिले के सबरीमाला मंदिर में जाने से परहेज करने का आग्रह किया।

### उत्तराखंड: भारी बारिश का अलर्ट, कई जिलों में आज स्कूल बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम विभाग ने दो-तीन दिन तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए एहतियातन प्रदेश के कई जिलों में कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को एक दिन (सोमवार) के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर, नैनीताल, उत्तरकाशी, चंपावत और टिहरी जिले में जिलाधिकारियों की ओर से सभी सरकारी/गैर सरकारी स्कूल 18 अक्टूबर यानी सोमवार को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं खुलेंगे। वहीं, सीएम की ओर से सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है।

## लखबीर हत्याकांड: निहंगों की पुलिस को धमकी

# अब और आत्मसमर्पण नहीं होगा गिरफ्तार किया तो चारों को भी छुड़वा लेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**सिंघु** बॉर्डर पर लखबीर सिंह की बेरहमी से हत्या के बाद निहंगों के तेवरों में कोई नरमी नहीं आई है। निहंगों ने दो टूक कहा है कि वे चार साथियों का आत्मसमर्पण करवा चुके हैं। अब और आत्मसमर्पण नहीं करवाएंगे। उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी है कि अगर अब भी पुलिस ने गिरफ्तार करने की कोशिश की तो वे उन साथियों को भी छुड़वा लेंगे, जो जेल में हैं।

निहंगों ने शनिवार रात को दो निहंग सिखों के आत्मसमर्पण करने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान यह चेतावनी दी। इस दौरान बाबा राजाराम सिंह ने साफ कहा, उन्हें कानून हाथ में लेने को मजबूर किया गया। 2015 से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की घटनाएं की जा रही थीं, लेकिन सरकार व पुलिस ने उन्हें न्याय नहीं दिया। ऐसे में उन्हें अब यह काम करना पड़ा। इस दौरान बाबा अमनदीप ने धमकी दी कि भविष्य में भी कोई ऐसा करेगा तो उसे इसी तरह के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। बाबा राजाराम सिंह ने मायावती की भी आलोचना की और उन्हें दलितों के बजाय ब्राह्मणों की नेता बताया।



### पुलिस ने तीन निहंगों को छह दिन के रिमांड पर भेजा

सोनीपत पुलिस और सीआईए ने रविवार को तीन आरोपी निहंगों को अदालत में पेश किया। सरदार नारायण सिंह, भगवंत सिंह व गोविंद प्रीत सिंह को लेकर पुलिस अदालत पहुंची। तीनों को सिविल जज की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने तीनों को छह दिन के रिमांड पर भेज दिया। आरोपियों ने जज के सामने कबूल किया कि लखबीर सिंह की हत्या उन्होंने ही की। नारायण सिंह ने कहा कि उन्होंने पैर काटा तो भगवंत सिंह और गोविंद सिंह ने उसे लटकाया था।

● विस्तृत खबर पेज-08

### अब सीन रीक्रिएट करेगी पुलिस

पुलिस ने रविवार को अदालत को बताया कि आरोपियों ने सरेंडर कर दिया है, लेकिन अभी इस केस में कई अहम सुराग जुटाने बाकि हैं। पुलिस ने बताया कि इस हत्या में उनके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे। यह पता किया जाना है। इसके अलावा चारों आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ में जो जानकारियां मिलेगी, उसे क्रॉस वेरीफाई करने के लिए बाद में चारों को आमने-सामने बैठाकर भी सवाल जवाब किए जाएंगे। पुलिस हत्या का सीन रिक्रिएट करने के लिए चारों निहंगों को सिंघु बॉर्डर पर भी लेकर जाएगी।

## 21 साल से सोनिया ही पार्टी की बॉस: नटवर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने सीडब्लूसी की बैठक को औपचारिकता बताया। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी पिछले 21 साल से पार्टी की सर्वेसर्वा हैं। उन्होंने कहा, शनिवार को हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक से पहले बयानबाजी करने और आरोप लगाने वाले नेता बैठक में चुप रहे, इसलिए बैठक का कोई ठोस परिणाम नहीं निकल पाया। पार्टी की हालत इन दिनों जैसी है, उस हिसाब से आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी कुछ खास प्रदर्शन करती नहीं दिखाई दे रही है।

## नवजोत सिद्धू का सोनिया को खत

# 13 सूत्रीय एजेंडे को लेकर मुलाकात का मांगा समय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की नसीहत अगले ही दिन बेअसर होती नजर आई। रविवार को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने सोनिया को पत्र लिखा। 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के 13 सूत्रीय एजेंडे को पेश करने के लिए बैठक का समय मांगा है। यह पत्र 15 अक्टूबर का है। सिद्धू ने इसे रविवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया। सिद्धू ने सोनिया को पत्र लिखने के बहाने सीएम चरणजीत चन्नी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, कांग्रेस हाईकमान ने अनुसूचित जाति का मुख्यमंत्री बनाकर प्रगतिशील फैसला लिया। इसके बावजूद अनुसूचित जाति को सरकार में बराबर प्रतिनिधित्व नहीं मिला।

# फैसला: गैर कश्मीरी सेना और पुलिस के कैंपों में लाए जाएंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली/जम्मू

### बिहार के दो लोगों की हत्या के बाद इमरजेंसी एडवाइजरी

**जम्मू-कश्मीर** में आतंकियों ने लगातार दूसरे दिन गैर कश्मीरी लोगों को निशाना बनाया है। रविवार को आतंकियों ने साउथ कश्मीर के कुलगाम में बिहार के 3 लोगों को गोली मार दी। इनमें से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। घटना के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कड़ा फैसला लिया है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करके सभी गैर कश्मीरियों को सेना और पुलिस के कैंपों में लाने की बात कही है।

रविवार को कुलगांव के लारन गंजीपोरा एरिया में जिन्हें गोली मारी गई, वे सभी मजदूर थे। घायल की पहचान चुनचुन रिषि देव के तौर पर हुई है। उसे अनंतनाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारे गए दो नागरिकों की पहचान राजा ऋषि देव और जोगिंदर ऋषि देव के तौर पर हुई है। घायल चुनचुन के साथ आए मोहम्मद जुल्फकार ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ रूम में बैठा हुआ था, उसी समय आतंकियों ने 3 लोगों को गोली मारी। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्चिंग शुरू कर दी है। साथ ही अस्पताल में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# हरियाणा वक्फ बोर्ड ने बदली शेख मूसा दरगाह की सूरत

**रिजवान कासिम।** मेवात

**जिले** के पल्ला गांव में अरावली पर्वत के दामन में बनी हजरत शेख मूसा की दरगाह अपने इतिहास के कई अध्याय अपने आंचल में छुपाई बैठी है। इस दरगाह पर दो मीनार हैं, जिनमें से एक को हिलाने पर दूसरी अपने आप हिलने लगती है। इस अजूबे को देखने कई दशक पहले हजारों लोग दूर दराज से यहां आते थे। दरारें आई तो पर्यटकों की संख्या भी बेहद कम हुई, बल्कि मीनारों के हिलने में भी कमी आई है। लोगों का विश्वास है कि शेख मूसा की कब्र के पास बने गड्ढ़े का पानी शरीर के मस्सों पर लगाने से मस्से हमेशा के लिऐ समाप्त हो जाते हैं। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज हरियाणा वक्फ बोर्ड ने बनाया तो कॉलेज के पास बने इस लैंडमार्क भी भी बोर्ड ने ध्यान दिया। इसी पर हमने खास बातचीत की कॉलेज निदेशक डॉ. मुमताज अली से।



गौरतलब है कि हजरत शेख मूसा ख्वाजा निजामुदीन औलिया के खलीफा थे। उन्हीं के कहने पर वे मेवात में इस्लाम धर्म के प्रचार के लिए निकल पड़े थे। जब वे अरावली पर्वत से गुजर रहे थे तो एक कांटे दार झाड़ी ने उनका पल्लू थाम लिया। बार-बार सुलझाने के बाद भी पल्लू नहीं सुलझा तो सारी स्थिति अपने आप भांप गए और वहीं पर अपना डेरा डाल लिया। हजरत शेख मूसा इस्लाम धर्म का प्रचार करने लगे और जल्द ही दूर-दूर तक उनको लोग जानने लगे। उन्होंने पूरा जीवन मेवात में इस्लाम धर्म का प्रचार ओर प्रसार किया, जिस जगह पर हजरत शेख मूसा का पल्ला झाड़ी ने थामा वहां पर आज पल्ला गांव बसा हुआ है, जो देश के बंटवारे से पहले 'शेख समाज' का गांव था और अब उस गांव में सभी समाजों के लोग रहते हैं। दरगाह करीब 800 वर्ष पुरानी है। इसके मुख्यद्वार पर बनी दो ऊंची विशाल मीनारें हैं जिनमें आज भी एक मिनार को हिलाने के बाद दूसरी मीनार चंद सेकेंड के बाद स्वंय हिलने लगती है, जो 800 वर्ष बाद भी दर्शकों को एक पहेली बनी हुई है। हजरत शेख मूसा की कब्र पर पुखराज पत्थर की करीब दो दर्जन जालियां लगाई गई थी, जिनकी कीमत करोड़ों में बताई जाती है, लेकिन आज से करीब 20 वर्ष पहले इन जालियों को चोर उड़ाकर ले गए, जिन का आज तक कुछ अता पता नहीं चल पाया।

### करीब 800 साल पुरानी है मूसा की दरगाह

### दरगाह में है दो मिनार एक को हिलाने के कुछ देर बाद दूसरी भी हिलने लगती है

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 20.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- जिले में विभिन्न स्थानों पर लगेगी वैक्सीन: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें और मॉल्स खुलेगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**डेट** फंड को आसानी से समाप्त किया जा सकता है और आप अधिकांश अन्य निवेश उपकरणों की तुलना में अपने निवेश से बहुत जल्दी नकद कर सकते हैं। जिसमें फिक्स्ड डिपॉजिट शामिल हैं। जो अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ आते हैं और समय से पहले निकासी के लिए दंड आकर्षित करते हैं। इसलिए, यदि आपको लगता है कि आपको चिकित्सा या व्यक्तिगत आपात स्थिति के मामले में अतिरिक्त धन की आवश्यकता हो सकती है या कम अवधि के लिए अतिरिक्त धन पार्क करना चाहते हैं, तो डेट फंड पर विचार करें।

**यूटीलिटी न्यूज**

## बांस और लौह स्टैकिंग पर पाएं अनुदान

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लोहा स्टैकिंग को प्रयोग करने के लिए किसानों को 50 से 90 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को बागवानी पोर्टल https://hortharyanaschemes.in ऑनलाइन आवदेन करना होगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने किसानों को आह्वान किया कि वे बागवानी में स्टैकिंग विधि को प्रयोग कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि आधुनिक युग में खेती में नई-नई तकनीकें उभरकर सामने आ रही हैं। इससे किसानों को ढेरों फायदे पहुंच रहे हैं। सब्जियों की खेती में स्टैंकिंग ऐसी ही एक विधि का नाम है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नई-नई तकनीकों से खेती करने का सबसे बड़ा फायदा होता है कि इससे ढेर सारी जानकारियां मिलती हैं और दूसरी इनसे मुनाफा और फसलों की पैदावार भी अधिक होती है।

**क्विक न्यूज**

## चोरी के माल समेत गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल व मोबाइल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम दौलत है, जो बल्लभगढ़ का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम गांव शाहपुरा के पास गश्त कर रही थी जहां पर गुप्त सूत्रों ने उन्हें सूचना दी कि आरोपी के पास एक काले रंग की चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल है। जो गांव डीग की तरफ से मोटरसाइकिल लेकर शाहपुरा की तरफ से आ रहा है। यदि नाकाबंदी की जाए तो चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को काबू किया जा सकता है जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने बताए गए स्थान पर नाका लगाया। कुछ समय पश्चात आरोपी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर उस स्थान पर पहुंचा जहां पुलिस ने उसे काबू कर लिया।

# स्मार्ट सिटी : पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहा नगर निगम

### लाखों रुपये की तहबाजारी वसूलने के बाद दशहरा मैदान बना कूड़े का ढेर

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**दशहरा** मैदान की दीवारों पर पत्थर लगवा कर ही नगर निगम इसे सुंदर बनाने में विश्वास रखते हैं, लेकिन एनआईटी के सबसे पुराने दशहरा मैदान की सफाई और रखरखाव की तरफ नगर निगम द्वारा कभी ध्यान नहीं दिया जाता। इस मैदान पर शुक्रवार को दशहरा और शनिवार को भरत मिलाप के मौके पर मेले का आयोजन किया गया था। मेले में खाने-पीने से लेकर हर तरह की दुकानें और मनोरंजन के साधनों का इंतजाम था। लेकिन मेले में न तो किसी दुकानदार की तरफ डस्टबिन रखा गया था और न ही नगर निगम अधिकारियों ने डस्टबिन रखवाने की जहमत उठाई। जबकि नगर निगम मुख्यालय में ही पिछले कई वर्षो सैंकड़ों डस्टबिन पड़े धूल फांक रहे हैं।

स्वच्छता का ध्यान न रखने की वजह से दो दिन के मेले के बाद दशहरा मैदान खुद डस्टबिन में तब्दील हो गया है। नगर निगम द्वारा मेले में लगने वाली सभी तरह की दुकानदारों से तहबाजारी शुल्क वसूली जाती है। मैदान में काफी समय चल रहे मेला आयोजकों से किराया भी वसूला जा रहा है। लाखों रुपये की आय होने के बावजूद नगर निगम ने मेले के बाद मैदान की सफाई करवाने की जरूरत महसूस नहीं की। दशहरा मैदान, मेट्रो रोड और एमसीएफ के पीछे वाली सड़क पर कूड़े के ढेर लगे हैं।



मेले के बाद दशहरा मैदान के पास मेट्रो रोड पर लगे कूड़े के ढेर।



सफाई के अभाव में दशहरा मैदान में फैला कूड़ा और गंदगी।

### स्वच्छता अभियान को पलीता

**देश** में भाजपा सरकार बनने के बाद ही पीएम मोदी की तरफ से लोगों को जागरूक करने के उदेश्य से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई थी। तभी से हर साल दो अक्टूबर से स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत की जाती है। लेकिन इसके बावजूद शहर की सफाई के लिए जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारी ही आज तक जागरूक नहीं हो पाए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था पहले ही किसी से छिपी नहीं है। नगर निगम और ईकोग्रीन कंपनी की लापरवाही के कारण शहर में कहीं भी कूड़े और गंदगी के ढेर लगे हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। गंदगी की वजह से शहर में मच्छरों का प्रकोप छाया हुआ है और बीमारियां फैल रही है, लेकिन इसके बावजूद निगम ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है। नगर निगम की इस लापरवाही की कारण दशहरा मैदान में लगे दो दिन के मेले के बाद चारों तरफ बुरी तरह कूड़ा फैला हुआ है। मेट्रो मोड़ से ईएसआई चौक तक, दशहरा मैदान और निगम कार्यालय के बीच से गुजर रही सड़क पर चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे हैं।

### खुद ही जागरुक नहीं है निगम



दशहरा मैदान और एफसीएफ कार्यालय के बीच स्थित क्षेत्र में फैली गंदगी।

**शहर** को स्वच्छता रखने के लिए कुछ साल पहले नगर निगम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया था। उस दौरान दुकानदारों को बाहर डस्टबिन रखने की हिदायतें भी दी गई थी। ताकि कूड़ा इधर उधर ने फैले। एनआईटी के इस मैदान में पहली बार नहीं बल्कि हर साल दशहरा के मौके पर दो दिन का मेला लगता है। लेकिन इसके बावजूद निगम की तरफ से कभी मेले में स्वच्छता का ध्यान न तो खुद रखा जाता है और न ही मेले में दुकान और स्टॉल लगाने वाले लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। जिसके कारण मेले में आने वाला कोई दुकानदार अपने स्टॉल के सामने डस्टबिन नहीं रखता है। डस्टबिन के अभाव में मेले में आने वाले लोग खाने पीने के बाद कूड़ा मैदान में इधर उधर फेंकते रहे। जबकि नगर निगम को खुद भी दशहरा मैदान में मेला शुरू होने से पहले जगह जगह डस्टबिन रखवाने चाहिए थे। ऐसे नहीं है कि निगम के पास डस्टबिन का कोई अभाव है। निगम मुख्यालय के पीछे सैंकड़ों की संख्या में डस्टबिन पड़े हुए हैं।

### चरमराई क्षेत्र की सफाई व्यवस्था



**इनेलो** की महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू का कहना है कि नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर भर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा चुकी है। मेले के बाद दशहरा मैदान और आसपास की सड़कों की हालत तो बद से बदतर हो गई। निगम द्वारा कभी कोई काम योजना बना कर नहीं किया जाता है। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए डस्टबिन रखे जाते और योजनाबंद तरीके से मेला लगाया जाता तो चारों तरफ कूड़ा और गंदगी नहीं फैलती।

### रखरखाव पर ध्यान नहीं

**दशहरा** और भरत मिलाप के मेलों के लिए विभिन्न स्थानों से आए दुकानदारों, फड़, स्टॉल और झूले और यहां तक खाने पीने की छोटी मोटी चीजों की बिक्री करने वाले रेहड़ी वाले तक से नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा तहबाजारी वसूली जाती है। सूत्रों के मुताबिक निगम के कर्मचारियों ने दोनों दिन मेलों के दौरान लाखों रुपये तहबाजारी शुल्क के रूप में वसूला है। यह रकम हर साल लगने वाले मेलों के दौरान वसूली जाती है, लेकिन इस रकम का थोड़ा बहुत हिस्सा दशहरा मैदान के रख रखाव पर नहीं लगाया जाता। यहां तक की अक्सर मेले के बाद सफाई तक करवाने की जरूरत महसूस नहीं की जाती है। सफाई न होने के पीछे नगर निगम के अधिकारियों द्वारा तर्क दिया जाता है कि शुक्रवार को दशहरा के बाद शनिवार और रविवार को छुट्टी थी। इसलिए सफाई नहीं हुई। लेकिन नगर निगम द्वारा अक्सर पानी, सीवर के बिल वसूलने और कनेक्शन नियमित करने के लिए शनिवार और रविवार को शिविर लगाए जाते हैं। जब निगम राजस्व वसूली के लिए कर्मचारियों की छुट्टी वाले दिन ड्यूटी लगा सकती है तो सफाई के लिए क्यों नहीं ड्यूटी लगाई सकती है।

# जिलास्तरीय 41वीं बैडमिंटन चैंपियनशिप हुई सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर**-14 स्थित मानव रचना स्पोर्ट्स अकैडमी में तीन दिनों तक चली 41 वीं जिला फरीदाबाद बैडमिंटन चैंपियनशिप का रंगारंग समापन हो गया।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व हरियाणा रणजी खिलाड़ी के.के. खन्ना ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड भेंट की। इस अवसर पर मानव रचना स्पोर्ट्स अकैडमी के निदेशक सरकार तलवार, जिला फरीदाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव संजय सपरा, संयुक्त सचिव हेमंत शर्मा, टेक्निकल हेड रवि चौहान, कोच संजय नागर कोच, आदित्य मेहता आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप में गर्ल्स अंडर थर्टीन आयु वर्ग में अनन्या नेगी गर्ल्स डबल में अध्य शमा, तनवी गुप्ता व बॉय अंडर थर्टीन आयु वर्ग में लक्ष्य सिंघल व पार्थ गवरी चैंपियन बने। अंडर फिफ्टीन बॉयज आयु वर्ग में पार्थ गवरी अंडर फिफ्टीन गर्ल्स सिंगल आयु वर्ग में अनमोल तथा बॉयज डबल में पार्थ गवरी व विनेश बंसल चैंपियन बने। अंडर 17 बॉयज आयु वर्ग में मनराज सिंह मिक्स डबल में मनराज सिंह व रिद्धिमा वॉइस डबल में रक्षित खन्ना व रॉयल टोंगर गर्ल्स डबल में अनमोल व रिद्धिमा चैंपियन बने। गर्ल्स डबल आयु वर्ग में बरूनी व मेधावी प्रथम स्थान पर रहे तथा संजना व जिया रावत द्वितीय स्थान पर रहे बॉयज डबल में गौरव सिंह व हर्ष सिंह तथा बॉयज सिंगल में मनराज सिंह चैंपियन बने। महिला डबल आयु वर्ग में नूपुर व तन्वी ठाकुर प्रथम स्थान पर रहे। मिक्स डबल में गौरव शर्मा व रिद्धिमा रतूड़ी चैंपियन बने। महिला सिंगल आयु वर्ग में अनमोल तथा मेंस सिंगल में मनराज सिंह चैंपियन बने।



41 वीं बैडमिंटन चैंपियनशिप के समापन अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व हरियाणा रणजी खिलाड़ी के.के. खन्ना।

मास्टर मिक्स डबल आयु वर्ग में आशीष व निर्मला तथा मेंस सिंगल 45 आयु वर्ग में हेमंत शर्मा व मेंस सिंगल 55 आयु वर्ग में एमएस सपरा चैंपियन बने बने। मेंस सिंगल 65 फाइबर में रवि कालरा तथा मेंस डबल में डीके जैन व रवि कालरा चैंपियन बने। मुख्य अतिथि के.के. खन्ना ने कहा कि फरीदाबाद से अच्छे खिलाड़ी निकलते रहे हैं क्योंकि यहां खिलाड़ियों के लिए संसाधनों का अभाव नहीं है।

# आरपीसीए स्टोर ने एक विकेट से जीता मैच

### वंशज भाटिया को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद शिव नादर स्कूल क्रिकेट के मैदान पर प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच आरपीसीए स्टोर ने शिव नादर स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में आरपीसीए स्टोर ने शिव नादर स्कूल को एक विकेट से हराया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 35-35 ओवर का था और शिव नादर स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। शिव नादर स्कूल टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 17.4 ओवर में 10 विकेट पर 77 रन बनाए। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए अर्नव सिंह ने 17 रन, युवराज और मुनीश ने 10-10 रन बनाए। आरपीएस स्टोर की और से गेंदबाजी करते हुए वंशज और हर्ष ने 3-3 ली।

ऋषभ ने 2 विकेट, मोहम्मद ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीएस स्टोर ने 19 ओवर में 9 विकेट में 81 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सचिन ने निखिल ने 19 रन, नमन ने 14 रन मोहम्मद और मिरदुल ने 8-8 रन बनाए। शिव नादर स्कूल टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए अर्नव ने 3 विकेट, अर्श और वीरेन ने 2-2 विकेट ली। रुशील ने 1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वंशज भाटिया को दिया गया।



वंशज भाटिया।

# पहले मां को अब पिता को निकाला घर से

### ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ने दिया सहारा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बुजुर्गों** की सेवा करने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम 2डी-ब्लॉक ब्लॉक ने एक ऐसे बुजुर्ग को सहारा दिया है। जिसके बेटे ने उसे धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता, रामवीर तंवर, राम प्रसाद ने फोन पर सूचना दी कि बाटा पुल के नीचे एक बुजुर्ग बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ है।

किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता, रामवीर तंवर, राम प्रसाद की मौजूदगी में बुजुर्ग को अपने साथ आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर बुजुर्ग ने अपना नाम दौलतराम पुत्र राधेलाल उम्र 78 बताया। उसने बताया कि उसके लड़के ने उसे धक्के मारकर घर से निकाल दिया और अभी 20 दिन पहले उसने अपनी मां को भी इसी तरह घर ने निकाल दिया था। किशन लाल बजाज ने बुजुर्ग को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझे। जब तक चाहे वह यहां रह सकता है और उसके खाने पीने और पहनने का सारा इंतजाम नवजन मोर्चा समिति की देखरेख में किया जाएगा। किशल लाल बजाज ने बताया कि इसकी लिखित सूचना कोतवाली थाने में दे दी जाएगी।



बुजुर्ग को आश्रम ले जाते नवजन मोर्चा समिति के सदस्य

# कैबिनेट मंत्री ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

### बोले, किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होगी बर्दाश्त

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को फरीदाबाद में हार्डवेयर से सोहना मोड़ सेक्टर 55 तक जाने वाली सड़क का औचक निरीक्षण किया। मंत्री मूलचंद शर्मा के इस दौरे की जानकारी जब अधिकारियों को लगी तो मोके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के एसडीओ महेंद्र मौके पर पहुंचे।

परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने एसडीओ और मौके पर मौजूद काम कर रहे ठेकेदार के व्यक्तियों से सड़क के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि सड़क में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोताही करने वाले के लिए उनके खाते में कोई माफी नहीं है यदि कोई सड़क निर्माण में कोताही बरती गई तो वह उसका अलग तरीके से इलाज करेंगे। यह फरीदाबाद के हार्डवेयर सोहना मो? सेक्टर 55 तक जाने वाली सड़क है जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है ओर जल्दी बनकर तैयार हो जाएगी। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा फरीदाबाद की बल्लभगढ़ विधानसभा विधायक है और फरीदाबाद औद्योगिक नगरी होने के चलते उनके विधानसभा में भी कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित है लेकिन सड़कों का हाल बेहाल होने के चलते उद्योग जगत के लोग काफी समय से सड़कों के निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे जिसके चलते अब कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा की पहल से औद्योगिक क्षेत्र में 112 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इस औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है इसलिए मंत्री मूलचंद शर्मा खुद आज औचक निरीक्षण करने पहुंचे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ मुख्यमंत्री शिकायत निवारण समिति के सदस्य पारस जैन भी मौजूद रहे। परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि यदि सड़क निर्माण में किसी प्रकार की कोताही बरती गई तो उनके खाते में कोताही बरतने वाले के प्रति कोई माफीनामा नहीं है।



परिवहन मंत्री शर्मा हार्डवेयर-सोहना रोड़ सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**चलन कैसा चला है आजकल इस देश में देखो**
**किसी की जान यूँ ही जा रही आवेश में देखो**
**सियासत नफरतों को बांटने पर आज आमादा**
**लहू इंसानियत का बह रहा परिवेश में देखो**

# एनआईटी फरीदाबाद के 73वें जन्मदिन पर केक काटा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी** फरीदाबाद का 73वां स्थापना दिवस एनएच मंडल द्वारा आज केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर बडखल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने विभाजन के समय फरीदाबाद आए विस्थापितों - डेरा संत भगत सिंह गुरुद्वारा के प्रधान मनोहर लाल अरोड़ा, जयदेव चावला व बिशम्बर भाटिया का सम्मान भी किया तथा धार्मिक गुरुपीर जगन्नाथ जी का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने शहरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विस्थापितों द्वारा बसाया गया सन 1947 का यह एनआईटी फरीदाबाद, जिसकी रूपरेखा अगर देखें तो संघर्ष से जुड़ी हुई है। दर्द से जुड़ा हुआ आपसी भाईचारे का रिश्ता जो सन 47 में अपनों को खो के, अपनी कमाई हुई जायदादों को छोड़ करके सिर्फ और सिर्फ धर्म की रक्षा के तहत बंटवारे में सब कुछ आहुति डालकर फरीदाबाद की ओर बढ़े और इस शहर की नींव रखी, उन तमाम फरीदाबाद के मशक्कत से भरपूर पुरुषार्थी पूर्वजों को सादर नमन करती हैं और उन सभी लोगों, जिनके हाथों में फरीदाबाद को इतना बड़ा काम दिलाया, इतनी प्रगति कराई, चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो, मेडिकल हेल्थ का क्षेत्र हो, औद्योगिक क्षेत्र हो या छोटे-छोटे रोजगार हों, ऐसे तमाम लोगों को भी सादर नमन करती हूं। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि आज स्थापना दिवस के उपलक्ष में अलग-अलग स्थानों पर जाकर उन्होंने अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उन्हें हार्दिक बधाई दी। विधायक ने कहा कि हमारे शहर का भाईचारा, समरसता और परस्पर प्यार आपस में यूं ही बना रहे और इसी प्रकार यह शहर विकास की नई बुलंदियों को छुए तथा नए आयाम स्थापित करे, यही उनकी दिली ख्वाहिश है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि पूरे देश और प्रदेश में कहीं पर भी कैसे भी कोई भी आंदोलन या हिंसा की घटनाएं घटी हों लेकिन फरीदाबाद का भाईचारा हमेशा कायम रहा तथा इसका सबसे बड़ा श्रेय उन परिवारों को जाता है जिन्होंने हमेशा संघर्ष और संरक्षण की नीति पर काम किया। इसके साथ-साथ नाम भी जपा और नाम के साथ-साथ मिलकर के खाना और बरताना, दोनों की शिक्षा भी दी। ऐसे शुभ अवसर पर मेरी ओर से सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

कार्यक्रम में डेरा संत भगत सिंह गुरुद्वारा के प्रधान मनोहर लाल अरोड़ा, जयदयाल चावला, विशम्भर भाटिया, रीटा नवजीवन गोसाईं, अमित आहूजा सत्येंद्र पांडे, अनंत कांत भाटिया, वासु सत्यार्थी, सुमित विज, सुरजीत नागर, सत्यम भाटिया, ओमप्रकाश ढींगड़ा, संजय महेंद्रू, प्रवीण चौधरी, हिमांशु मिश्रा, कन्हैया अग्रवाल, अनिल कपूर, कपिल शर्मा, मनजीत सिंह मनु आदि मुख्य रूप से शिरकत की।



विधायिका सीमा संग एनआईटी फरीदाबाद का 73वां स्थापना दिवस मनाते लोग।

# गोल्ड मेडलिस्ट को परिवहन मंत्री ने किया सम्मानित



गोल्ड मेडलिस्ट को सम्मानित करते मंत्री शर्मा

**बल्लभगढ़।** सिविल सर्विसेज नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी द्वारा भाग लेने और कैप्टन अशोक कुमार की टीम में शामिल होकर गोल्ड मेडल लेने पर हरियाणा रोडवेज दिल्ली डिपो के कर्मचारी सतीश कुमार कंडक्टर को हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बधाई दी और शॉल भेंट कर उसका स्वागत और सम्मान किया। परिवहन मंत्री ने टीम के कैप्टन सहित टीम को बधाई दी है।

बता दें कि गत 23 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक शाहाबाद कुरुक्षेत्र में यह नेशनल हॉकी चैंपियनशिप हुई थी, इस चैंपियनशिप में कुल 28 टीम ने भाग लिया था। गोल्ड मेडल लेने वाली टीम में हरियाणा रोडवेज के दिल्ली डिपो से कंडक्टर सतीश कुमार ने भी बेहतर प्रदर्शन किया था। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने पूरी टीम को बधाई दी है।

### हरियाणा रोडवेज दिल्ली डिपो में कडंक्टर के पद पर कार्यरत हैं सतीश कुमार

# डेंगू कैसे न बढ़े : 40 वार्ड में फॉगिंग को सिर्फ हैं 5 मशीन

**कविता।** फरीदाबाद

### रविवार को एक बड़ी फॉगिंग मशीन में लग गई आग

### स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम पर डाल रखा है फागिंग का जिम्मा

**फॉगिंग** का काम नगर निगम को सौंपने के बाद दस साल से जिले में डेंगू व मलेरिया के मामलों में कमी आ रही थी। लेकिन इस वर्ष जिले में डेंगू के मामले अब तक 164 पर पहुंच चुकें हैं। जिसे देखते हुए नगर निगम द्वारा फॉगिंग तो शुरू की गई, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सौंपी गई नौ मशीनों में से मात्र छह ही मशीने काम कर रही थी। जिसमें से बड़ी मशीन में रविवार का अचानक आग लग गई।

अब मात्र पांच छोटी मशीनें ही बची है। फॉगिंग पार्षदों के निर्देश, डेंगू पॉजिटिव के घरों के आसपास और शिकायत करने पर ही हो रही है, लेकिन इसके बावजूद भी डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। कुछ समाजसेवी मशीन खरीदकर फॉगिंग कर रहे हैं।

**जल गई बड़ी फॉगिंग मशीन :** एमसीएफ के वरिष्ठ सफाई निरीक्षक (एसएसआई) राजेन्द्र दहिया ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग निगम को तीन बड़ी और छह छोटी मशीने फागिंग सौंपी थी। पिछले कुछ सालों से डेंगू के मरीजों की संख्या कम थी। इस बार मरीज बढ़ने के साथ ही मशीने निकाली गई। जांच में पता चला कि तीन बड़ी मशीनों में से एक और छह छोटी मशीनों में पांच ही चालू हैं। लेकिन रविवार को फॉगिंग के दौरान बड़ी मशीन हीट होने लगी और उसमें आग लग गई। जिससे फिलहाल मात्र 5 मशीनों से ही फॉगिंग को जारी रखेंगे। पार्षदों की डायरेक्शन पर निगम कर्मी फॉगिंग करते हैं। फिलहाल मरीज के घर के आसपास और शिकायत आने प फागिंग की गई है।

**निर्देशों पर ही फॉगिंग :** फॉगिंग आम जनता या बीमार मरीजों के तीमारदारों के कहने पर नहीं बल्कि निगम पार्षदों के डायरेक्शन पर ही होती है। आरोप है कि कुछ पार्षद अपने चहेतों के इलाके में ही फॉगिंग करवा रहे हैं। जिससे जिले में डेंगू के मामले बढ़ रहे है। लोगों को बाहर से फॉगिंग करवानी पड़ती है या फिर उन्हें बीमार होकर अस्पतालों में दाखिल होना पड़ता है।



फॉगिंग करता नगर निगम कर्मी।



फॉगिंग करने की तैयारी करते समाजसेवी सतीश चोपड़ा।

### समाजसेवी कर रहे फॉगिंग

**समाजसेवी** सतीश चोपड़ा ने बताया कि डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक मशीन मंगवा कर फॉगिंग शुरू की है। विभाग फर्जी आंकड़े दर्शा रहा है। क्योंकि जिन इलाकों में वह फॉगिंग कर रहे हैं, वहां डेंगू के दर्जनों मरीज अस्पतालों में भर्ती है। लेकिन वहां न नगर निगम पहुंच रहा है और न ही जिला स्वास्थ्य विभाग। ऐसे में डेंगू के मरीजों की संख्या सैंकड़ों में है।

# चाकुओं से गोद कर युवक की हत्या में चार गिरफ्तार

### वारदात में उपयोग किए चाकू और कपड़े बरामद

### गाली-गलौज का विरोध करने पर की गई थी युवक हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



चाकु से गोदकर हत्या करने वाले गिरफ्तार चारों अरोपी।

**तीन** दिन पहले गुरुवार की रात को फरीदाबाद के एसी नगर में चाकू से गोदकर की गई एक युवक की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नितिन, पवन बिहारी, राहुल और हर्ष उर्फ भैंगा का नाम शामिल है।

चारों आरोपी फरीदाबाद के रहने वाले हैं। वही इस मामले में इनका एक साथी आरोपी कृष्ण उर्फ पकौड़ा अभी फरार चल रहा है जिसकी पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। आपको बता दें कि गुरुवार की रात मृतक शिवा और उसका साथी सुनील फरीदाबाद के एसी नगर से खाना लेकर सफदरजंग अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में रेलवे ट्रैक के पास इन्हें नशे में धुत पांचों आरोपी मिले जहां पर शराब के नशे में धुत आरोपियों ने उन्हें गाली देना शुरू कर दिया जिस पर दोनों ने ऐतराज किया। इसी के चलते दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई इसी झगड़े को लेकर आरोपियों ने शिवा और सुनील पर चाकू से कई बार किए जिसके कारण शिवा की मृत्यु हो गई और सुनील को गंभीर चोटें आई। पीड़ित सुनील की शिकायत पर थाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने वारदात में संलिप्त आरोपियों कि जल्द से जल्द धरपकड़ के निर्देश दिए जिनके तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने तकनीकी, साक्ष्यों, वैज्ञानिक पहलुओं तथा गुप्त सूत्रों की सहायता से वारदात में शामिल 4 आरोपियों को कल सेक्टर-20 बी एरिया से गिरफ्तार कर लिया।

### निशानदेही पर वारदात में प्रयोग चाकू, जूते और कपड़े पुलिस ने किए बरामद

**पुलिस** पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की वारदात को कबूल करते हुए बताया कि वह नशे में धुत थे और इसी नशे की हालत में उनकी शिवा और सुनील के साथ कहासुनी हो गई जिसमें उन्होंने उनपर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयोग चाकू, जूते तथा कपड़े पुलिस द्वारा बरामद किए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी नितिन तथा कृष्ण उर्फ पकोड़ा अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं जिनके खिलाफ लूट तथा स्नेचिंग के दो मुकदमे दर्ज है जिसमें आरोपी जेल की सजा भी काट चुके हैं। इस मामले में चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जहां आरोपी नितिन को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं अन्य 3 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी नितिन से मामले में गहनता से पूछताछ की जाएगी और फरार चल रहे इनके साथी कृष्ण उर्फ पकोड़ा को गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्कूल में आरओ प्लांट व शौचालय किया स्थापित



आरओ प्लांट का उद्घाटन करती हुईं कम्पनी की चेयरपर्सन मोना दुग्गल और मिनाल आनंद।

**फरीदाबाद।** ग्रामीण इलाके के सरकारी स्कूलों में फरीदाबाद की एक कंपनी ने स्वच्छ जल मुहैया कराए जाने की दिशा में अहम कदम बढ़ाए हैं। इसके तहत फरीदाबाद की एक कम्पनी एचपीएल एडिटिव्स लिमिटेड ने गांवों में स्वच्छता और स्वच्छ पानी प्रदान करने की शुरुआत की हैं।

सीएसआर के तहत कंपनी ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव फत्तुपुरा के बाद अब पलवल के राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिकंदरपुर और राजकीय प्राथमिक विद्यालय मंदपुरी में आरओ वाटर प्लांट, वाटर कूलर लगाकर और शौचालय स्थापित कर जहां स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं छात्रों को स्वच्छ पेयजलापूर्ति करने का सराहनीय कार्य किया। कम्पनी के एचपीएल फाउंडेशन ने को इन गांवों में शौचालय और आरओ वाटर प्लांट का उद्घाटन किया। अब आरओ वाटर प्लांट से प्रति घंटे 200 लीटर पानी फिल्टर करके इन स्कूलों के विद्यार्थियों को मिलता रहेगा। इसी तरह महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण कराया गया है। इससे गांवों में साफ पानी और उचित साफ-सफाई की कमी के कारण स्कूलों में छात्रों की सीमित उपस्थिति की समस्या भी कम होगी। इससे पहले एचपीएल फाउंडेशन की ओर से जुलाई 2021 में फरीदाबाद में तिगांव के गांव फत्तुपुरा के सरकारी प्राथमिक स्कूल में आरओ प्लांट, वाटर कूलर और नए शौचालय बनवाए थे।

**10 और गांवों में आरओ प्लांट व शौचालय :** आरओ प्लांट व शौचालय का उद्घाटन करते हुए कम्पनी की चेयरपर्सन मोना दुग्गल व मिनाल आनंद ने कहा कि छात्र देश का भविष्य होते हैं। इसलिए इन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं भी मिलना जरूरी है।

# विधायक ने आरपीएस सावना का सुरक्षा ऐप लॉन्च किया



आरपीएस सावना वेलफेयर सोसाइटी के सुरक्षा ऐप को लांच करते विधायक राजेश नागर।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर ने आरपीएस सावना सोसाइटी में सुरक्षा ऐप लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों से समस्याएं जानीं और उन्हें प्राथमिकता से दूर करने का वादा किया।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि उनके तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास संबंधी कोई समस्या शेष नहीं रह पाएगी। विधायक नागर ने कहा कि यह सुरक्षा एप लॉन्च होने के बाद सावना सोसायटी के अंदर सुरक्षा की व्यवस्था और चौकस हो जाएगी। उन्होंने नागरिकों द्वारा इस प्रकार की सेवाओं को लांच करने को जागरूकता का बड़ा उदाहरण बताया। नागर ने कहा कि आरपीएस सावना वेलफेयर सोसाइटी निरंतर अपने सदस्यों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है, जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

लोगों की मांग को जानने के बाद विधायक नागर ने कहा कि जल्द ही आपके क्षेत्र में बिजली की समस्या पूरी तरह दूर हो जाएगी क्योंकि यहां बिजली संसाधन के विकास के लिए बजट मंजूर हो चुका है। इसके अलावा सड़क और स्ट्रीट लाइट की समस्या भी जल्द दूर हो जाएगी।

# दो किलो गांजा सहित गिरफ्तार भेजा जेल

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने 2 किलो गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आसिफ खान उर्फ आरिफ है जो फरीदाबाद के अज्जी कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम अनाज मंडी में गश्त कर रही थी जहां गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी वेलकम ढाबे के नाम से रेहडी लगाता है और ढाबा चलाने की आड़ में गांजा बेचता है। गुप्त सूत्रों की सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची जहां आरोपी ढाबे के पास गांजे की पुड़िया बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 1 किलो 970 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसने बताया कि पैसों की लालच के चलते वह गांजा बेच रहा था।

# युवक के अपहरण के मामले में तीन गिरफ्तार

### वारदात में प्रयोग इंडेवर गाड़ी और दो देसी पिस्टल बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



अपहरण के तीनों आरोपियों के साथ खड़ी पुलिस टीम।

**थाना** सेक्टर 58 प्रबंधक राजकुमार की टीम ने आरोपियों द्वारा एक युवक के अपहरण मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में समीर, शाहरुख और आदिब अली का नाम शामिल है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना सेक्टर 58 में अपहरण, मारपीट, जान से मारने की धमकी व अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित सूरज ने बताया कि वह फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का निवासी है और सेक्टर-58 में स्थित एवेन्यू ऑटो कंपनी में काम करता है। कंपनी के अकाउंटेंट ने सूरज को कुछ सामान लाने के लिए राजीव कॉलोनी भेजा था। सूरज अपनी बाइक लेकर सामान लाने गया और वापस आते समय सूरज की मोटरसाइकिल की टक्कर एक नाबालिग लड़के की मोटरसाइकिल के साथ हो गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। सूरज की उसके साथ इसी बात को लेकर कुछ कहासुनी हुई। जिसमें नाबालिग लड़के ने फोन करके अपने साथियों को बुला लिया और उसके साथी एंडेवर गाड़ी में सवार होकर तुरंत वहां पहुंच गए। नाबालिग ने उन्हें मोटरसाइकिल से टक्कर की बात बताई और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सूरज के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने सूरज पर पिस्टल तान दी और पिस्टल की नोक पर उसे गाड़ी में बैठा लिया और वहां से जाने लगे। मौके पर मौजूद भीड़ ने जब यह घटना देखी तो वह सूरज की मदद के लिए दौड़े।

ट्रैफिक जाम होने और भीड़ को अपनी तरफ आता देख आरोपी सूरज को सड़क पर फेंककर चले गए। पीड़ित सूरत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए जिसके तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना सेक्टर 58 प्रभारी राजकुमार ने टीम गठित करके आरोपियों की तलाश शुरू की दी है।

# ट्रॉमा विश्व में मृत्यु और विकलांगता का प्रमुख कारण

### विश्व ट्रॉमा दिवस पर बच्चों को किया गया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



प्रिंसीपल रविन्द्र मनचंदा की अध्यक्षता में जागरूक करती छात्रा।

**विश्व** ट्रॉमा दिवस पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच तीन की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। बालिकाओं को ट्रॉमा क्या है, लक्षण, कारण और बचाव एवम प्राथमिक उपचार द्वारा सहायता के उपाय बताए गए।

ब्रिगेड व जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ट्रॉमा विश्व भर में मृत्यु और विकलांगता का सबसे बड़ा और प्रमुख कारण है। ट्रॉमा से बचने के लिए आप शराब और धूम्रपान के सेवन से बचें, जितनी शीघ्र हो सकें, अपनी दिनचर्या बनाएं, कम से कम आधा घंटा डीप ब्रीदिंग, योग और मेडिटेशन करें परिवार के सदस्यों, मित्रों से इस बारे में बात करें, परिवार और मित्रों के साथ अधिक से अधिक वार्ता शेयर करें एवम स्वयं को पॉजिटिव रखें आदि। मनचंदा ने बताया कि ट्रॉमा पीड़ित व्यक्ति का निम्न लक्षणों से आप अनुमान लगा सकते हो जैसे क्रोध, चिड़चिड़ापन अथवा मूड में बदलाव, शर्म महसूस करना, निराशा और उदासी, अकेलेपन का अहसास, चिंता और डर, नींद की कमी, चौंकना, दूसरों की तुलना में कम महसूस करना, अविश्वास, संपूर्ण विश्व में ट्रॉमा का सबसे प्रमुख कारण सड़क दुघर्टनाएं है। मनोवैज्ञानिक ट्रॉमा का कारण शारीरिक और मानसिक चोट, कोई रोग या सर्जरी हो सकता है लेकिन कई बार बिना कोई शारीरिक क्षति हुए भी लोग भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक ट्रॉमा के शिकार हो जाते हैं। जब किसी को परिवार के किसी सदस्य से अधिक लगाव होता है और अचानक से उसका साथ छूट जाता है तो ये एक तरह से भावनात्मक ट्रॉमा होता है। यह सामान्य बीमारी नहीं है। इसके सामान्य लक्षण भी नहीं होते हैं। इस बीमारी में गहरा आघात, सामाजिक, मानसिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक जैसे किसी भी रूप में हो सकती है।

ट्रॉमा के अलग-अलग कारण होते हैं। शारीरिक ट्रॉमा का तात्पर्य है शरीर को कोई भी क्षति पहुंचना। यह सड़क दुर्घटना, आग, जलना, गिरना, हिंसा की घटनाएं, प्राकृतिक आपदाएं आदि से हो सकती है। इस ऑनलाइन आयोजन में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा और प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर ने छात्राओं तबिंदा, हर्षिता, निशा, सृष्टि मेघवाल और नेहा का ट्रॉमा के उपचार में प्राथमिक सहायता के बारे पेंटिंग बनाने के लिए प्रशंसा की।

# कोरोना: जिले में दो पॉजिटिव से एक्टिव केस हुए कुल आठ

### जिले में 13608 लोगों को लगा टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल परिसर में प्रथम डोज स्टाफ उषा से लगवाती डोलीसा।

**जिले** में कोरोना के दो मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में एक पॉजिटिव मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.28 प्रतिशत पर है। वहीं जिले में एक्टिव केसों की संख्या 8 है।

यह सभी होम आईसोलेशन पर है। जिले में अब तक कुल 1159454 लोगों की जांच की गई। जिससे जिले में पॉजिटिव केसों की संख्या 99868 पर है। वहीं जिले में नेगेटिव मरीजों की संख्या 1059100 पर है। जिले में रविवार को 537 सेम्पल जांच किए गए। जिसमें फिलहाल 486 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। वहीं जिले में रविवार को कुल 13608 लोगों ने टीका लगवाया। जिसमें सरकारी शिविरों में 18 प्लस आयुवर्ग में 1400 ने प्रथम और सैकेंड डोज 6687 लोगों ने लगवाई। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 445 ने और दूसरी डोज 4674 लोगों को लगाई गई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सात को और सैकेंड डोज 188 लोगों ने लगवाई। वहीं निजी अस्पताल में 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 39 ने और द्वितीय डोज 147 ने लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में द्वितीय डोज 18 ने और 60 प्लस आयुवर्ग में सैकेंड डोज 4 लोगों ने लगवाई।

## संक्षिप्त समाचार

### डालसा ने पीएनडीटी अधिनियम पर चलाया जागरूकता अभियान



पीएनडीटी अधिनियम के बारे में आमजन को जागरुक करते हुए टीम के सदस्य।

**फरीदाबाद।** जिला सत्र न्यायाधीश कम् चैयरमैन डालसा वाईएस राठौर के निर्देशों के अनुसार रविवार को स्वतंत्रता दिवस 75वे वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीएनडीटी अधिनियम बारे आम जन को जागरूक किया गया। सीजेएम कम् सचिव डालसा मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत नागरिक अस्पताल बल्लबगढ़ के सहयोग से पैनल अधिवक्ताओं द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया। पैनल अधिवक्ताओं ने पीएनडीटी के अधिनियम के बारे में लोगों को जागरूक किया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना के बारे में भी निरंतर जागरूक कर रहे है। अधिवक्ताओं ने लोगों को बताया कि वे डालसा का लाभ कैसे ले सकते हैं। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि अमृत महोत्सव के तहत (पीडीएफ) के माध्यम से ऑनलाइन कैंप का आयोजन किया गया और व्हाट्स एप के द्वारा विभिन्न ग्रुपों मे भेजा गया। पुरुषों, महिलाओं, बच्चों को उनके मौलिक कर्तव्य क्या है। विस्तार पूर्वक उन्हें जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ताओं द्वारा लोगों को यह भी बताया कि हम सबको उनका सम्मान करना चाहिए और देश की धरोहर को किसी भी रूप में हो उनकी रक्षा हमेशा करनी चाहिए। इस इन सभी प्रक्रियाओं द्वारा 500 लोग लाभान्वित हुए। इन गतिविधियों में पैनल अधिवक्ता नीना शर्मा, जीत कुमार रावत, वाईडी शर्मा एवं डॉ.सचिन गर्ग, दीपशिखा भारद्वाज, उमा चौहान शामिल थे।

### फ्रेंडली मैच में मानव 15 किक्रेट टीम ने जीते दो मैच

**फरीदाबाद।** विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में आयोजित फ्रेंडली किक्रेट मैच में मानव परिवार की मानव 15 किक्रेट टीम ने लगातार दो मैचों में विद्या मंदिर किक्रेट टीम को हराकर विजय प्राप्त की। पहले 12 ओवर के मैच में विद्या मंदिर की टीम ने 100 रन बनाए। जिसके मुकाबले मानव 15 टीम ने 102 रन बना कर पांच विकेट से जीत हासिल की। दूसरे 10 ओवर के मैच में विद्या मंदिर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 66 रन बनाकर मानव 15 टीम को 67 रन बनाने का लक्ष्य दिया। मानव 15 टीम ने 69 रन बनाकर यह दूसरा मैच भी 7 विकेट से जीत कर मानव परिवार का हौसला बढ़ाया। जितिन गौड़ की कप्तानी व युवा मंडल संयोजक संदीप राठी के निर्देशन में मानव 15 किक्रेट टीम में शामिल अरुण बजाज, संजीव शर्मा, सौरभ भाटिया, जितिन शर्मा, प्रदीप टिबडेवाल, आदित्य शर्मा, संजीव चोमाल, कुशल, आशीष राठी, सौरभ बजाज, कुणाल मल्होत्रा, स्माइल गर्ग, अभिषेक शर्मा ने बॉलिंग और बैटिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दिलाई। फ्रेंडली मैच के सफल आयोजन में खेल सेल के संयोजक व विद्या मंदिर स्कूल के प्रिंसिपल आनंद गुप्ता व उनके स्टाफ ने शानदार प्रबंध व्यवस्था करके मानव परिवार का दिल जीता। चेयरमैन अरुण बजाज ने इसके लिए पूरे विद्या मंदिर परिवार का आभार प्रकट करते हुए आगे भी इसी प्रकार पूर्ण सहयोग देने की अपील की। मानव 15 क्रिकेट टीम का हौसला बढ़ाने के लिए अध्यक्ष कैलाश शर्मा, रमा सरना महासचिव सुरेंद्र जग्गा, जेपी सिंघल आदि उपस्थित रहे। अगला फ्रेंडली क्रिकेट मैच रविवार 24 अक्टूबर को सुबह 7.30 से 11.30 खेला जाएगा।

### आग लगने पर पुलिस की सर्तकता से हुआ बचाव

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना सेक्टर-58 प्रभारी राजकुमार व टीम की सतर्कता से एक कंपनी में लगी आग पर समय रहते काबू पाकर कई लोगों को क्षतिग्रस्त होने से बचाया है। घटना पुलिस थाना सेक्टर-25 एरिया की है जहाँ आज दोपहर करीब 12 बजे कर्मा टैक्स प्रिंट नामक कंपनी में आग लग गई। पुलिस टीम मौके पर गश्त कर रही थी। टीम को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। आग लगने के कारण घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठी हो गई और सड़क पर जाम लग गया। कंपनी के पास भारी मात्रा में लोग इकट्ठे होने के कारण उनकी जान का खतरा पैदा हो गया। पुलिस टीम ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़ी मशक्कत करते हुए तुरंत रास्ता खुलवाया और लोगों को वहां से दूर भेज दिया जिसकी वजह से किसी भी व्यक्ति को कोई क्षति नहीं पहुंची। इसके पश्चात फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस घटनाक्रम में पुलिस टीम की अहम् भूमिका रही है जो बिना देरी किए मौके पर पहुंची और लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर उन्हें वहां से दूर भेजा तथा सक्रिय रूप से कार्य करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया।

### ओल्ड फरीदाबाद में हुआ भरत मिलाप का भव्य आयोजन



हनुमानजी की पूजा-अर्चना करते लोग।

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद में हनुमान मंदिर तालाब रोड पर भव्य भरत मिलाप का आयोजन किया गया। यह आयोजन बजरंग मंदिर तालाब रोड पर किया गया। इस आयोजन के बारे में बताया गया कि मंदिर के महंत पवन शर्मा द्वारा मंदिर में 40 दिनों तक पूजा का यह आयोजन किया जाता हैं और सभी टीम द्वारा 40 दिनों तक व्रत रख कर भगवन श्रीराम और बजरंग बलि की आराधना की जाती है। ये आयोजन काफी सालो से आयोजित होता रहा हैं परन्तु कोरोना की वजह से सभी नियमो का पालन करके इसका आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि हरयाणा कांग्रेस प्रभारी विवेक बंसल को आना था, परन्तु किसी कारणवश नहीं आ सके और उन्होंने कांग्रेस पार्टी और अपनी तरफ से फरीदाबाद की जनता को दशहरे और भरत मिलाप की शुभकामनाये भेजी और उन्होंने सन्देश दिया अधर्म पर धर्म की जीत अन्याय पर न्याय की विजय बुरे पर अच्छे की जय जयकार यही है दशहरा का त्योहार। इस आयोजन में कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा, ओल्ड फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी रहे लखन सिंघला, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस महासचिव बलजीत कौशिक, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता व सचिव सुमित, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलशन बग्गा, विजय कौशिक प्रवक्ता, पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा पुत्र भरत अरोड़ा, संजय सोलंकी, गौरव पराशर, रोहित गिरधर व टीम के सदस्यों का बहुत-बहुत आभार जताया।

### मारुती कुंज ने आजाद क्लब को हराया

**फरीदाबाद।** शहीद संदीप सिंह खेल परिसर अटाली में 10वां स्वर्गीय जितेंद्र मैमोरियल ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबला मारुती कुंज बनाम आजाद फुटबॉल क्लब के बीच में खेला गया। इस रोमांचकारी मैच में दोनों टीमों के खिलाडियों ने अपना बेहत्तरीन प्रदर्शन किया। इस मैच के दौरान मारूती कुंज की टीम ने आजाद फुटबॉल क्लब को 3:0 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई। शिव फुटबॉल कल्ब के सदस्य प्रवीन शर्मा ने बताया कि आगामी रविवार को सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। फाइल मैच में हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन के चेयरमैन नयनपाल रावत मुख्यतिथि व एसआरसी ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चौधरी विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

# जोत भूमि छोटी हुई, नकदी फसलों की तरफ ध्यान दें किसान: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### गुरुग्राम के फर्रूखनगर में कहीं जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि खेती में जोत भूमि छोटी हो गई है और किसानों को चाहिए कि वे अपनी आय बढ़ाने के लिए पशुपालन, मछली पालन आदि के अलावा फसलों का विविधिकरण अपनाएं और परंपरागत फसलों की बजाय नकदी फसलों की बिजाई करें, मशरूम या सब्जी इत्यादि उगाएं।

ये बातें उन्होंने रविवार को सुल्तानपुर में हरहित स्टोर के उद्घाटन अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का हर परिवार कैसे सुखी हो, हमारी टीम और समस्त मंत्रीमण्डल के सदस्य इस बारे में सोचते रहते हैं। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले (बीपीएल) परिवारों के मानक बदले गए हैं। अब जिस परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये तक है, वे बीपीएल के दायरे में आएंगे जबकि पहले आय की सीमा 1 लाख 20 हजार रुपये वार्षिक थी।


गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में ग्रामीणों को संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**लीक से हटकर योजनाएं लाते हैं सीएमः जेपी दलाल :** हरियाणा के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल लीक से हटकर नई योजनाएं लेकर आते हैं। उन्होंने बड़े-बड़े इनोवेटिव काम किए हैं। उन्होंने बताया कि हर हित स्टोर खोलना सीएम श्री मनोहर लाल का ब्रेन चाइल्ड अर्थात् उनके दिमाग की उपज है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में हरहित स्टोर की भी बड़ी कंपनियों की तरह ब्रांड वैल्यु बने और यह स्टोर चेन लोगों में लोकप्रिय हो।

हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन तथा बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद ने मुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर हित स्टोर योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने की अनोखी पहल की गई है। हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक रोहित यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अंत में धन्यवाद भी ज्ञापित किया। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को सम्मान की सूचक पगड़ी पहनाई और मांग पत्र भी दिया। लोगों के स्वागत से मुख्यमंत्री इतने अभिभूत हुए कि वे सुरक्षा चक्र को तोड़कर सड़क पर आ गए और चलते-चलते हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। सुल्तानपुर पर्यटक केंद्र में भी मनोहर लाल ग्रामीणों के बीच जा पहुंचे और उनसे खुलकर दिल की बात की। उन्होंने इन ग्रामीणों से खाद की उपलब्धता तथा अन्य विषयों पर चर्चा कर फीडबैक भी लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हल्की बरसात ने ही खोल दी प्रशासन के दावों की पोल


रविवार को हुई बरसात के चलते पुरानी जीटी रोड पर हुआ जलभराव।

**होडल।** रविवार की दोपहर हुई हल्की सी बरसात के चलते शहर में हुए जलभराव ने नगर परिषद के दाबों की पोल खोलकर रख दी। हल्की सी बरसात में शहर की सड़कें जलभराव से लबालव हो गई। प्रशासन की ओर से शहर में से पानी निकासी के उचित इंतजाम ना होने के कारण सड़कों पर कई-कई फुट पानी भर गया। क्षेत्र के लोगों को मजबूरन इस बरसात के पानी में से होकर निकलना पड़ रहा था। इस जलभराव की स्थिती को देख शहर के लोग प्रशासन को कोसते नजर आए। प्रशासन की ओर से शहर में से जल निकासी से उचित इंतजाम ना होने के कारण रविवार दोपहर हुई हल्की सी बरसात के बाद ही शहर में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। शहर व आसपास कालोनियों की सड़कों पर कई-कई फुट बरसात का पानी भर गया। पैदल निकलने वाले राहगीरों को मजबूरी में इस बरसात के गंदे पानी में से होकर निकलना पड़ रहा था। शहर निवासी राकेश, विनोद, कपिल, मनोज, नितेश, सुनील, अजय के अलावा अन्य लोगों का कहना है कि पिछले कई सालों से शहर में चली आ रही जलभराव की समस्या से उन्हें जाने कब निजात मिलेगी। नगर परिषद प्रशासन ने जल निकासी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च पर हाइवे के दोनों ओर नालों का निर्माण किया था, लेकिन फिर भी शहर में जलभराव की स्थिती ज्यों की त्यों बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लगता है नगर परिषद प्रशासन ठेकेदारों से साठगांठ कर पानी निकासी के नाम पर करोड़ों रुपये का घपला कर गई। बरसात के कारण शहर की अग्रवाल, पेच कालोनी, पुरानी जीटी रोड, ताली मंडी, अनाज मंडी, रामलीला मैदान रोड, पुरानी अनाज मंडी के अलावा अन्य कालोनी व शहर की सड़कें जलभराव से लबालव हो गईं। जलभराव के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर भरे बरसात के पानी को देख लोग प्रशासनिक अधिकारियों को कोसने पर मजबूर थे।

### फसल का कम मूल्य मिलने पर किसानों ने की नारेबाजी


हसनपुर अनाज मंडी में फसल का कम मूल्य मिलने के विरोध में एकत्रित हुए किसान।

**होडल।** हसनपुर अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर सरकारी एजेंसियों द्वारा की जा रही धांधलेबाजी के विरोध में किसानों ने रविवार को मंडी में प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने यहां खरीद कर रही सरकारी एजेंसी के अधिकारियों पर मिल मालिकों के साथ सांठगांठ कर उनके धान को कम रेटों में खरीदने के आरोप लगाए हैं। मंडी के किसानों में सरकारी खरीद एजेंसी अधिकारियों व मार्केट कमेटी अधिकारियों के खिलाफ रोष व्याप्त है। हसनपुर अनाज मंडी में धान की फसल लेकर पहुंचे किसानों का जब पता चला की सरकारी एजेंसी अधिकारी मिल मालिकों से सांठगांठ कर उनकी फसल को कम दामों में खरीद रहे हैं वैसे ही किसानों में अधिकारियों के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया। किसान एकत्रित होकर मार्केट कमेटी कार्यालय पर पहुंच गए। किसानों ने यहां सरकारी खरीद ऐजेंसियों के अधिकारियों व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिया। यहां गुस्साए किसानों का कहना था कि उन्हें उनकी धान की फसल का पूरा मुल्य नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा उनकी फसल खरीद का कार्य भी कछुआ गति से चल रहा है। किसानों ने कहा कि पहले ही मंडी में खरीद देरी से हुई है। मंडी के किसानों ने आरोप में कहा कि सरकारी एजेंसी व मार्केट कमेटी के अधिकारी मिल मालिकों से साठगांठ कर उनकी फसल का कम मूल्य दे रहे हैं जिसके कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### रक्तदान शिविर में किया 32 यूनिट रक्त एकत्रित


रक्तदान शिविर में रक्त देते रक्तदाता।

**होडल।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रांगण में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में फरीदाबाद के समाजसेवी नवीन पसरीजा मौजूद थे, जबकि अध्यक्षता परिषद के प्रांतीय संयोजक डा. जेके मित्तल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शिविर में 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व प्रसंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिसद की ओर से लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद की टीम ने रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि नवीन पसरीजा व अन्य समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर पसरीजा ने कहा कि आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी मरते व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। शिविर में 32 रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने रक्तदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह समय-समय पर रक्त दें। इस मौके पर चंद्रप्रकाश जैन, बिजेंद्र सिंगला, भोजराज गर्ग, राहुल, हर्षित, फरीदाबाद से अमित आर्य, कुलदीप, शुभांकित गुप्ता, खुशबू के अलावा परिषद के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश के हर परिवार को 2025 तक रोजगार से जोड़ने का है लक्ष्य : मुख्यमंत्री


गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में हर हित स्टोर का उद्घाटन करने के बाद सामान खरीदते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में कृषि मंत्री जेपी दलाल और अन्य।


गांव सुल्तान स्थित रोजी पैलिकन पर्यटक केंद्र से वीसी से हरियाणा में हर हित स्टोर का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में कृषि मंत्री जेपी दलाल और अन्य।

**पायनियर सामाचार सेवा।** गुरुग्राम

### मनोहर लाल ने गुरुग्राम से प्रदेशभर में 71 हरहित स्टोरों का किया लोकार्पण

### स्टोरों का उद्घाटन करके खुद भी मनोहर लाल ने खरीदा सामान

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने रविवार को सुल्तानपुर गांव स्थित रोजी पैलिकन पर्यटक केंद्र से प्रदेशभर में हर हित स्टोर का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इसके साथ ही एक स्टोर का मुख्यमंत्री ने फर्रूखनगर में स्वयं जाकर उद्घाटन करके पहले ग्राहक बन वहां से सामान भी खरीदा और उसका बिल भी लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सन् 2025 तक प्रदेश के हर परिवार को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य लेकर सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को गुरुग्राम से प्रदेश में 71 स्थानों पर एक साथ हर हित स्टोर का लोकार्पण किया और कहा कि प्रदेश में इस प्रकार के पांच हजार स्टोर खोलने की योजना है। इन स्टोर्स पर घरेलू उपयोगी 60 कंपनियों के 550 उत्पाद उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सन् 2025 तक प्रदेश के हर परिवार को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा है और स्वरोजगार के आयाम खड़े करके हम इस लक्ष्य को पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने स्टोर संचालक नवीन को यह नया कार्य शुरू करने के लिए बधाई भी दी और कहा कि वे अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इन स्टोर्स से जहां एक ओर युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों को सस्ती दरों पर शुद्ध, सर्टिफाइड व गुणवत्तापरक सामान अपने घर के नजदीक ही मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तीन हजार आबादी पर तथा शहरी क्षेत्र में 10 हजार आबादी पर इस प्रकार का एक स्टोर खोला जाएगा। इन स्टोर्स से लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा। एमएसएमई, लघु औद्योगिक ईकाइयों तथा सहकारी क्षेत्र की इकाइयों के अलावा महिलाओं के सेल्फहेल्प समूह द्वारा तैयार गुणवत्ता के उत्पाद यहां पर बाजार से कम भाव पर मिलेंगे। सारे सामान की बिक्री कम्प्युटरीकृत प्रणाली से होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थानीय बाजार लगभग बंद हो गए हैं और अपनी जरूरत के सामान के लिए अब लोगों को शहर जाना पड़ता है। ये स्टोर खुलने से लोगों को अच्छी क्वालिटी का सामान गांव में ही मिलेगा।

# हर हित स्टोर हरियाणा के युवाओं को देंगे रोजगार: सुधीर सिंगला


गुरुग्राम के गांव मांकडोला में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों को गुणवत्तापरक पैक्ड सामान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हरित स्टोर शुरू किये गये हैं। रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम के सुल्तानपुर पर्यटक केंद्र से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शुरुआत करने के साथ गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने मांकड़ोला गांव में हरित स्टोर का उद्घाटन किया।

हरित स्टोर के उद्घाटन पर अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला का मांकडोला के ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उन्हें सम्मानसूचक पगड़ी पहनाई गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा में ये हरित स्टोर युवाओं के लिए रोजगार का नया रास्ता खोलने का माध्यम बनेंगे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में युवा इन स्टोर्स से अपनी आजीविका अच्छी चला सकेंगे। उन्होंने कहा कि इन हरित स्टोर्स पर अच्छी पैक्स वस्तुएं सस्ते व उचित दामों में लोगों को उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा के युवाओं के लिए यह ड्रीम योजना है। अब इसकी विधिवत शुरुआत हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में रविवार को एक साथ 71 हरित स्टोर्स का उद्घाटन हुआ है। विधायक ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं है कि ये हर हित स्टोर ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेंगे। हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा यह पहल की गई है। हरियाणा सरकार का लक्ष्य पूरे प्रदेश में दो हजार हर हित स्टोर खोलने का है। सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में 1500 स्टोर व शहरी क्षेत्रों में 500 स्टोर खोले जाएंगे।

# गेहूं से भरे ट्रक के ब्रेक फेल होने से पलटा, जाम

**सोहना।** सोहना घाटी में गेहूं के कट्टों से भरा उतरते समय ट्रक के ब्रेक फेल होने पर बेकाबू हो गया। चालक ने बड़ा हादसा टालने की गरज से बेकाबू ट्रक को घाटी के पत्थरों में टकरा दिया। पत्थरों से टकराने पर ट्रक सड़क के बीचोंबीच पलट गया। इस दौरान एक्यूीव गाड़ी के ऊपर गेंहू के कट्टे गिरे लेकिन चालक सुरक्षित बच गया।

रविवार की सुबह दस बजे हिसार से 830 गेहूं के कट्टा लेकर सोहना आ रहा ट्रक के तावडू मार्ग की घाटी में उतरते समय ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने से ट्रक ढलान पर होने के कारण गति पकड़ने लगा, लेकिन जिला भिवानी निवासी चालक दिनेश ने हौसला दिखाते हुए तथा सामने आ रहे वाहनों को बचाने के उद्देश्य से ट्रक को घाटी के एक कौने में पत्थरों में टक्कर दे मारा। पत्थरों से टकराने के साथ ही ट्रक के चार पहिए निकलकर दूर गिर गए। ट्रक सड़क के बीचों बीच पलट गया। उसी समय सोहना से तावडू की तरफ जा रही एक्सक्यूवी गाड़ी ट्रक के बराबर में से निकल रही थी। पलटते समय ट्रक में से गेंहू के कट्टे गाड़ी के चालक साइड में जा गिरे। एक साथ 50 से 60 कट्टे गिरने से गाड़ी का चालक साइड दब गया। लेकिन उसके चालक को सुरक्षित बचा लिया। ट्रक चालक दिनेश ने बताया कि सोहना गेंहू (बीज) के कट्टे हिसार से सोहना लेकर आ रहा था।

**रोड पर ट्रक पलटने से लगा जाम**

घाटी में ट्रक पलटने के साथ ही घाटी के रास्ते से सोहना व तावडू जाने-आने वाले वाहनों की लंबी लाइन लग गई। करीब 7 घंटा तक घाटी में जाम रहा। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ घाटी में लगा जमा को खुलावने में लगे रहे।

# सीएम से की जाएगी सोहना में हेली हब और नई अनाज मंडी की मांग: संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

### 300 से 400 करोड़ रुपये के विकासकार्यों की मांग की जाएगी

**सरमथला** में 23 अक्टूबर को होने वाली विकास रैली में प्रदेश मुख्यमंत्री से सोहना विधानसभा क्षेत्र के लिए 300 से 400 करोड़ रुपये के विकासकार्यों की मांग की जाएगी। विधानसभा के दो शहर तावडू व सोहना में हेली हब से लेकर यूनिवर्सिटी, मिनी सचिवालय और सोहना में नई अनाज मंडी की मांग प्रमुखता से की जाएगी।

सोहना विधायक संजय सिह रविवार को दमदमा में हुआ सम्मान समारोह में पहुंचे। इस अवसर पर विधायक ने इस सम्मान समारोह में आस-पास के करीब 30 गांवों से आए ग्रामीणों को सरमथला में 23 अक्टूबर को होने वाली विकास रैली का न्यौता दिया। विधायक ने ग्रामीणों को बताया कि मुख्यमंत्री की इस विकास रैली में 20 से 25 हजार लोग आएंगे। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्रवासियों के सहयोग से मुख्यमंत्री मनोहरलाल से क्षेत्र के विकास के लिए 300 से 400 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की मांग की जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से बोम्बे, केएमपी से लगती जमीन पर हेली हब बनाने की मांग की जाएगी।

जिससे क्षेत्र को सड़क यातायात के साथ-साथ हवाई यात्रा से भी जोड़ा जा सके। इसके साथ सोहना शहरी क्षेत्र में 100 बेड का अस्पताल, नई अनाज मंडी, अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम, तावडू शहर में मिन्नी सचिवालय और यूनिवर्सिटी, सरमथला के आस पास डिग्री कॉलेज, गर्ल कॉलेज, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिजली की लाइनों पर लटकी पुरानी तारों का तुरन्त प्रभाव से बदलना, सांप की नंगली व भोंडसी में पार्क, भोंडसी की अवैध कॉलोनियों को पक्का करना, भोंडसी में शहीद के नाम पर सीएचसी अस्पताल, दमदमा के राजकीय मिडल स्कूल का नाम शहीदों के नाम पर, दमदमा झील पर सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लगाना, 33 केवीए का नया पावर हाउस की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्र की 60 से 70 कच्ची सड़कों को पक्का करना, तावडू व सोहना में 27 राजकीय स्कूलों को अपग्रेड करना, आगरा नहर का पानी कृषि के लिए बड़कल झील से दमदमा झील व कोठला झील के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना आदि मांगें होंगी।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**होडल।** बाइक द्वारा बाजार में सामान लेने आ रहे एक व्यक्ति की गौडोता चौक के निकट ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही होडल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पलवल सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

पुलिस के अनुसार होडल नई सब्जी मंडी निवासी गिरधारी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका भाई वेदप्रकाश होडल बाजार में सामान लेने के लिए जा रहा था। उसने बताया कि जैसे ही वह गौडोता चौक के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उसने बताया कि बाइक में टक्कर लगते ही वेद प्रकाश बाइक सहित सड़क पर गिर गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# क्याकिंग क्लोइंग एसोसिएशन ने प्रतिभावान युवाओं का किया सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सामाजिक** संगठन क्याकिंग क्लोइंग एसोसिएशन ने खेल जगत में देश का नाम रोशन करने वाले तथा शिक्षा से आईएएस और जज पद प्राप्त करने वाले युवाओं को खंड स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के उन वीर जवानों की वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया। जिन वीरों ने देश की सुरक्षा में अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। रविवार को दमदमा में अपने एक वर्ष पूरा होने पर क्याकिंग क्लोइंग एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह किया गया।

एसोसिएशन की तरफ से सोहना ब्लॉक के ऐसे प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने खेल और शिक्षा के माध्यम से अपने क्षेत्र, जिला, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में रहकर आईएएस, जज, डॉक्टर व सिविल सर्विस में जाकर नाम कमाया है।


मुक्केबाजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली खुशी खटाना व माही राघव को सम्मानित करते दमदमा में क्याकिंग क्लोइंग एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सम्मान समारोह में सर्व प्रथम पिछले तीन वर्ष में खंड के अलग-अलग गांवों में जन्में उन वीर बहादुरों की वीरांगनाओं को सम्मान किया। जिनके पतियों ने हंसते-हंसते अपने देश के प्रति फर्ज निभाते हुए प्राणों को न्यौछावार कर दिया। ऐसे वीर सपूत भोंडसी, सहजावास, बहलपा, दमदमा आदि गांवों के निवासी रहे हैं। उसके बाद खेल के क्षेत्र में मुक्केबाजी, ताइकमांडो, कबड्डी, नौकायान, बाक्सिंग, तीरदांजी में देश का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों में खुशी खटाना, माही राघव, आशिश खटाना, ओमप्रकाश कहराणा, मंजू सांगवान, सतेन्द्र राघव आदि शामिल है। दमदमा निवासी इडिगो में पायलट सशिन्द्र खटाना सम्मानित किया। इस अवसर पर सोहना विधायक संजय सिंह ने कहा कि युवाओं को खेल और शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन की जरुरत है।

## सीएम को ग्रामीणों ने सौंपा मांग पत्र

**गुरुग्राम।** रविवार को फर्रूखनगर में हर हित स्टोर का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ग्रामीणों ने मांग पत्र भी सौंपा। इस पत्र में फर्रूखनगर की कई सरकारी इमारतों के निर्माण समेत अन्य कई मांगों को शामिल किया गया।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगें स्वीकृत करने की जाएंगी। ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री से मांग की गई कि हैरीटेज सिटी फर्रूखनगर को उपमंडल का दर्जा देकर गुरुग्राम जिले का पांचवा उपमंडल बनाने की घोषणा हो चुकी है, लेकिन अभी तक यहां एसडीएम व स्टाफ के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके अलावा फर्रूखनगर वाया खेड़ा खुर्रमपुर-पटौदी, फर्रूखनगर वायां डाबोदा जाटौला-पटौदी तथा फर्रूखनगर वाया जमालपुर-पंचगांव और फर्रूखनगर वाया झांझरौला खेड़ा-एम्स बाढ़सा के बीच गुरुगमन बस सेवा शुरू की जाए। फर्रूखनगर थाना क्षेत्र के बिरहेड़ा मोड़ पर पुलिस चौकी बनाई जाए।

# ऑटो चालकों की समस्याओं का हर स्तर पर कराया जाएगा समाधान : नवीन गोयल

### पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख ने ली ऑटो चालक यूनियन की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**ऑटो** चालकों की समस्याओं को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने रविवार को यहां डीएलएफ फेज-2 में ऑटो चालक यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। ऑटो चालकों की समस्याओं को इस बैठक में उन्होंने सुना।

आश्वासन दिया कि वे गुरुग्राम पुलिस, नगर निगम व हरियाणा सरकार के स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। शहर में वर्ष 2016 में ऑटो स्टैंड बनाने के लिए एक निजी कंपनी द्वारा सर्वे किया गया था, जिसमें ऑटो स्टैंड के लिए 52 स्थानों का चयन हुआ था। नगर निगम व ऑटो चालक यूनियन द्वारा मिलकर यह सर्वे कराया गया था। ऑटो यूनियन द्वारा दी गई इस जानकारी पर नवीन गोयल ने नगर निगम के अधिकारियों से इस पर चर्चा करके इसे आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम मिलेनियम सिटी है। यहां का सरकारी और निजी यातायात सही तरह से संचालित हो, इसके सरकारी स्तर पर सदैव प्रयास रहते हैं। गुरुग्राम के ऑटो चालकों द्वारा दिए जा रहे सुझावों और उनकी मांगों पर भी गंभीरता से काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑटो चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्हें ईएसआई के दायरे में लाने के लिए नियमों के अनुसार वे काम करवाएंगे। ऑटो यूनियन की मांग पर हरियाणा के ऑटो चालकों की यूनिक आईडी बनाने के प्रस्ताव को भी मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा, ताकि इस पर सकारात्मक काम हो। इससे ऑटो चालकों का सही डाटा भी तैयार हो सकेगा और उनकी जिम्मेदारी भी तय होगी।


डीएलएफ फेज-2 में ऑटो चालक यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक लेते नवीन गोयल।

इस अवसर पर ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग गुरुग्राम के संयोजक प्रवीण अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, समाजसेवी बाली पंडित, ऑटो यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत दीक्षित, उपाध्यक्ष दीपप्रकाश गुप्ता, प्रदेश सचिव जयभारत रोहतक, महामंत्री योगेश शर्मा, जिला ईंचार्ज सुनील राघव, आशीष चौधरी समेत पूरे गुरुग्राम के ऑटो स्टैंड के प्रधान उपस्थित रहे। सभी ने नवीन गोयल को विश्वास दिलाया कि ऑटो चालकों की तरफ से यातायात के नियमों का पालन करने में किसी तरह की शिकायत नहीं आने दी जाएगी।

# आयुष्मान भारत पखवाड़े की अवधि 15 नवंबर तक बढ़ाई गई

### पात्रता सूची में नाम देखने के लिए नजदीकी सीएससी से संपर्क करे

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आयोजित आयुष्मान भारत पखवाड़े की अवधि को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। जिन योग्य लाभार्थियों ने अभी तक अपने आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाए हैं, वे 15 नवंबर तक अपने कार्ड अवश्य बनवा लें। जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला में 15 सितंबर से जारी आयुष्मान भारत पखवाड़े के तहत अभी लाभार्थियों के कार्ड बनाये गए हैं लेकिन अभी भी जिला में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां लोग आयुष्मान कार्ड बनवाने में रूचि नहीं ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत हरियाणा हेल्थ प्रोटेक्शन ऑथोरिटी ने इस विषय को ध्यान में रखते हुए पखवाड़े की अवधि को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया है। जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला के ग्रामीण अंचल के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। आप सभी सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।




### ये हैं आयुष्मान कार्ड बनवाने की पात्रता

**सिविल** सर्जन डॉ सुरेंद्र यादव ने बताया कि जिन नागरिकों का सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 के आधार पर बनी लाभार्थियों की सूची में नाम हैं, वे गांवों में आयोजित किए जा रहे कैम्प अथवा अपने नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा की आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदनकर्ता के पास राशन कार्ड, फैमिली आईडी व आधार कार्ड आदि दस्तवेज होने आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि लाभार्थियों के नाम की सूची सभी सीएससी केंद्रों व आशा वर्कर्स को उपलब्ध करवायी गयी है।

### टोल फ्री नंबर 1800-1800-4444 से ज्यादा जानकारी

**कैप्टन** शक्ति सिंह ने बताया आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए गांवों में आयोजित सभी शिविरों में आशा वर्कर्स व आयुष्मान मित्रों की मदद ली जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी भी नागरिक को आयुष्मान भारत कार्ड से संबंधित कोई समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1800-1800-4444 पर या नागरिक अस्पताल मांडी खेडा में स्थित आयुष्मान भारत पूछताछ केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

# अब तक 6171 लोगों ने ई-श्रम पोर्टल पर कराया पंजीकरण : डीसी

### सीएससी पर निःशुल्क हो रहा पंजीकरण मिलेगा विभिन्न योजनाओं का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**श्रम** एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों का डेटाबेस तैयार करने के लिए ई-श्रम पोर्टल लांच किया गया है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को अब ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने के उपरांत ही सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला में असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण करने लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार विभाग के नेशनल डेटाबेस ऑफ अन-ऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स कार्यक्रम के तहत कॉमन सर्विस सैंटर (सीएससी) के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है।




डी सी ने बताया नूंह जिला में अब तक लगभग 6171 श्रामिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा श्रमिकों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया जा रहा है ताकि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले सभी श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने गांवों व शहरों में श्रमिकों व मजदूरों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया और योजनाओं के लाभ बताए।

### यूनिक आई-कार्ड बनने उपरांत मिलेंगे ये लाभ

**यूनिक** आईडी कार्ड बनते ही इन असंगठित श्रमिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ मिलेगा। इसका एक साल का खर्च भी सरकार स्वयं ही वहन करेगी। असंगठित श्रमिक किस वर्ग से है का खाका तैयार करने के बाद सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जोकि मंत्रालय और सरकार द्वारा चलाई गई जा रही हैं, का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

### ई-श्रम पोर्टल पर निःशुल्क कराएं पंजीकरण

**ई-श्रम** पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण बिल्कुल निःशुल्क है। पंजीकरण उपरांत श्रमिकों व मजदूरों के यूनिक आई-कार्ड बनाए जाते हैं। इस यूनिक आईडी कार्ड बनते ही असंगठित श्रमिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित सरकार की ओर से दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिलता है।

### आपदा के समय श्रमिकों को पहुंचाई जा सकेगी मदद

**यूनिक** आई-कार्ड के माध्यम से श्रमिकों की विभिन्न गतिविधियों और वह किस राज्य से किस राज्य में जा रहे हैं को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। आपदा के समय इन असंगठित श्रमिकों तक तक आसानी से मदद पहुंचाई जा सकेगी। सरकार रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकेगी, साथ ही यदि कहीं किसी विशेष वर्ग के श्रमिकों की जरूरत होगी तो इसी यूनिक आईडी के माध्यम से इन लोगों को सूचित भी कर दिया जाएगा।

# चेयरमैन नायर ने किया वाल्मीकि चौपाल और हरित स्टोर का उद्घाटन



चेयरमैन नायर का फूलमालाओं से स्वागत करते गांव बांसवा के लोग।

**होडल।** हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन व होडल के विधायक जगदीश नायर ने रविवार को गांव बांसवा में लगभग 7 लाख 68 हजार की लागत से बनने वाली बाल्मीकि चौपाल का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया, वहीं हसनपुर में हरियाणा हरित स्टोर का उद्घाटन किया।

विधायक ने कहा प्रदेश सरकार हरियाणा हरित स्टोर खोलकर प्रदेश के युवा बेरोजगार को रोजगार देने का काम कर रही है। नायर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के कुशल नेतृत्व में हलके का विकास कराया जा रहा है। प्रदेश में समान रूप से सभी हल्कों में विकास करवाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं। योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है प्रदेश सरकार का प्रयास है पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे।

उन्होंने कहा की आजकल बुखार व डेंगू व मलेरिया बुखार के दृष्टि गत सभी अपने-अपने घरों में सफाई का विशेष ध्यान रखें अपने आसपास गड्ढे, गमलों, कूलर व अन्य किसी जगह पर पानी इकट्ठा न होने दें। गांव बांसवा के ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष रास्तों व श्मशान घाट के लिए छतरी की मांग रखी। विधायक ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगो पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। चेयरमैन का यहां पहुंचने पर गांव वासियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक अभिनंदन कार्यक्रम में शिक्षकों को किया सम्मानित




शिक्षक अभिनंदन कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यअतिथि।

**होडल।** आदर्श विद्या मंदिर में आरएसएस संस्था द्वारा रविवार को शिक्षक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया गया व समाज में शिक्षकों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापक वर्ग ने कोरोना काल में अपने अनुभव भी शेयर किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव भुलवाना के प्रधानाचार्य मनोज कंसल मौजूद थे जबकि मुख्य वक्ता प्रांत्य प्राध्यापक प्रमुख पवन मौजूद रहे। मार्गदर्शन संस्था के जिला संघचालक राजेन्द्र व सह जिला कार्यवाह भारत का रहा। मुख्यवक्ता पवन ने स्वामी विवेकानन्दजी, राजा चन्द्रगुप्त के जीवन सम्बन्धित विशेष जानकारियों को बिस्तार में देते हुए उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में चार आई क्यूस के बारे में बताया। उन्होंने शिक्षा के साथ विद्यार्थी में सामाजिक, नैतिक व इमोशनल स्किल्स के समावेश को जरूरी बताया। साथ में अपने आरएसएस से जिला संघचालक राजेन्द्र ने अध्यापक जिज्ञासा समाधान बैठक ली। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर के प्रिंसीपल जितेंद्र गर्ग ने कार्यक्रम में शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट पर उनका सम्मान किया।

### बाबा मुंगीपा मंदिर तोड़ने के विरोध में धरना दसवें दिन भी जारी

**भिवानी।** डाडम पहाड़ पर स्थित बाबा मुंगीपा मंदिर तोड़े जाने के विरोध में ग्रामीणों का धरना दसवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती और बाबा मुंगीपा का मंदिर पहले वाली जगह पर ही नहीं बनाया जाता कब तक उनका धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ पर स्थित बाबा मुंगीपा का यह प्राचीन मंदिर था। पहाड़ ठेकेदार द्वारा ब्लास्ट के माध्यम से इस प्राचीन मंदिर को जुड़वा दिया गया, जिससे ग्रामीणों की आस्था को ठेस पहुंची है। जिसको लेकर ग्रामीण गांव के मुख्य चौक पर पिछले करीब 10 दिन से धरने पर बैठे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक उसी जगह पर मंदिर नहीं बनाया जाता और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### सुनील हालुसिया कार्यकर्ताओं के साथ इनेलो में शामिल

**भिवानी।** जेजेपी पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा जब सुनील स्वामी हालुवासिया अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ जेजेपी छोड़कर प्रदेश महासचिव सुनील लाम्बा की अगुवाई में इनेलो पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने जेजेपी पार्टी पर सभी कार्यकर्ताओं की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। उल्लेखनीय होगा कि जननायक जनता पार्टी में सुनील स्वामी हालुवासिया बीसी के हलका प्रधान थे। वे पार्टी में पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करते थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें कोई मान सम्मान नहीं दिया। इससे आहत होकर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं सहित जेजेपी पार्टी को अलविदा कह दिया। पूर्व विधायक अभय चौटाला ने सुनील स्वामी हालुवासिया को पूरा मान सम्मान दिया। साथ ही वायदा किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता उनके साथ है। इनेलो पार्टी सत्ता में आने पर उनकों उचित मान सम्मान दिया जायेगा। प्रदेश महासचिव सुनील लाम्बा ने कहा कि इनेलो पार्टी हमेशा ही सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान देती है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं।

### राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों की सिफारिशें दें आज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा है कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका है। इसी के मद्देनजर केन्द्र व राज्य सरकार ने महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाने के लिए अनेक योजनाएं व कार्यक्रम क्रियान्वित जा रहे हैं। इसी कड़ी में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि विभिन्न 10 क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार के रूप में नगद राशि एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए आगामी 18 अक्टूबर तक सिफारिशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। इन पुरस्कारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की वैबसाइट डब्लूसीडीएचआरवाई.जीओवी.ईन पर देखी जा सकती है। डीसी जितेंद्र यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इन पुरस्कारों में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपये नकद एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार और बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत एक-एक लाख रुपये नकद एवं प्रशस्ति पत्र, लाइफ टाइम अचीवर्स पुरस्कार के तहत 51 हजार रूपए तथा प्रशस्ति पत्र, एएनएम/नर्स/महिला एमपीएचडब्ल्यू (दो पुरस्कारों) व महिला खिलाड़ी पुरस्कार और साक्षर महिला समूह सदस्य के (दो पुरस्कार) के तहत 21-21 हजार रूपए नकद एवं प्रशस्ति पत्र, सरकारी कर्मचारी के (दो पुरस्कार) तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र व सामाजिक कार्यकर्ता (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र तथा महिला उद्यमी के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# वैनी स्पोर्ट्स क्लब ने 104 रन से जीता मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सातवें** ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में वैनी स्पोर्ट्स क्लब ने रन स्टार क्रिकेट क्लब को 104 रन से हराया। यह मुकाबला पाली रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था।

वैनी स्पोर्ट्स क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वैनी स्पोर्ट्स क्लब टीम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 37.4 ओवर में 10 विकेट पर 205 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए जय डागर ने 60 रन, ऋषभ राणा ने 38 रन, अभय ने 26 रन, हरीश भड़ाना ने 23 रन, विनय रावत ने 16 रन बनाए। रन स्टार क्रिकेट क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए रघु डागर ने 3 विकेट ली।

गौरव और तुषार व मनन और वरुण ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रन स्टार क्रिकेट क्लब ने 27.1 ओवर में 10 विकेट में 101 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए वरुण ने 18 रन, रघु और गौरव ने 14-14 रन बनाए। मनन ने 10 रन बनाए। वैनी स्पोर्ट्स क्लब टीम की और से गेंदबाज़ी करते हुए ललित भड़ाना ने 5 विकेट ली। लक्की फागना ने 2 विकेट, हरीश और हैप्पी व विष्णु ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने ललित भड़ाना को दिया गया।

### स्वच्छ भारत कार्यक्रमः युवा मंडलों ने चलाया प्लास्टिक रोकथाम अभियान

**नूंह।** आजादी की 75वी वर्ष गांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 31 अक्टूबर तक जारी स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत कृष्ण लाल पारचा, उप निदेशक, नेहरु युवा केंद्र, गुरुग्राम के अनुसार राजकीय महिला महा विद्यालय, पुनहाना, जिला नूंह की छात्राओं ने सफाई अभियान चलाकर कॉलेज के परिसर को साफ किया।

मुख्य रूप से प्लास्टिक के कचरा एकत्रित किया। साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों ने स्वच्छता की शपथ ली। अन्य आम जनों को भी इस अभियान मे शामिल करने का प्रण लिया। विभिन्न स्तरीय शिक्षा विभाग एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा इस अभियान में सराहनीय योगदान मिल रहा है।

# कृपाल आश्रम में 234 लोगों को लगाई कोविड की दोनों डोज

### मैंने सीखा है जमाने से मुहब्बत करना, तेरा पैगामे मुहब्बत मेरे काम आया है

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**रविवार** को कबीरपुर में कृपाल आश्रम में कोविड टीकाकरण के तहत कैंप में आये लोगों को को-वैक्सीन व कोविडशील्ड की दोनों डोज लगाई गई। कृपाल नगर स्थित कृपाल आश्रम सोनीपत में सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा रविवार को कोविड टीकाकरण के 16वें कैंप का आयोजन किया गया। कैंप प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। इस कैंप में 18 वर्ष से अधिक आयु के 234 व्यक्तियों को कोविडशील्ड व कोवैक्सीन की डोज स्वास्थ्यकर्मी रीना व मीना द्वारा लगाई गई। आश्रम द्वारा आयोजित कैंप में अभी तक 5432 लोगों को डोज दी जा चुकी है। कैंप में आने वाले लोगों ने मास्क लगाकर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए टीकाकरण करवाया। आश्रम के सदस्यों ने कहा कि मिशन के अध्यक्ष संत राजिंदर सिंह महाराज आज सारे संसार में यूट्यूब के माध्यम से ध्यान अभ्यास द्वारा प्रेम, एकता व शांति का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। धाम अपने चलो भाई, पराये देश क्यों रहना, काम अपना करो जाई, पराए काज क्यों फंसना। कैम्प में स्थानीय कृपाल आश्रम के प्रधान सुंदर लाल गुप्ता, संतराम आदि सेवादार उपस्थित रहे।



कृपाल आश्रम में टीकाकरण करती डाक्टर।

# तीन स्थानों पर 44 लोगों का हुआ टीकाकरण

### जिले में अब तक वैक्सीन की कुल 3 लाख 77 हजार 500 डोज दी गईं

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को नूंह में तीन स्थान पर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 44 लोगों को वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगाई गई। रविवार के आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल 3 लाख 77 हजार 500 डोज दी जा चुकी है।

जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे डॉ बसंत दुबे ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम के तहत रविवार को जिला के तीन वैक्सीनेशन सेंटर में लोगों 22 को पहली डोज़ दी गई। वहीं आज 22 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई।



सीएमओ डॉ सुरेंद्र यादव ने बताया कैम्प में आने वाले लोगों को किसी प्रकार के रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। सभी लोगों का पहले आओ पहले लगवाओ की तर्ज पर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया गया। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा वैक्सीन लेने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है इसका कोई नुकसान नहीं है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वे कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेड्यूल जारी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान के तहत जिले के अंतिम व्यक्ति तक कोरोना वैक्सीनेशन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिले में विभिन्न सीएचसी, पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन की पहली तथा दूसरी डोज लगाई जा रही है। डीसी ने बताया कि लोगों बिना किसी डर व संकोच के कोविड का टीका लगवाना चाहिए। कोविड को बढ़ने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की इन कोशिशों में लोगों को भी अपना पूरा सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम टीकाकरण के साथ ही कोरोना वायरस पर जीत प्राप्त करने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि योग्य व्यक्ति अपने के पास केंद्रों में टीका लगवा सकते हैं और यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है।

उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर वैक्सीन जरूर लगवाएं ताकि कोरोना के संक्रमण की कड़ी को तोड़ा जा सके। डीसी ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वैक्सीनेशन करवाएं, मास्क पहनकर रखें, दो गज दूरी व अन्य कोरोना नियमों का पालन करें।

# जनहित के मुद्दे छोड़ खुद को महिमा मंडित करने में जुटे विधायक नीरज शर्मा : नगेंद्र भड़ाना

### पूर्व विधायक ने सीएम अनांउसमेंट के तहत वार्ड नंबर 10 में किया सीमेंटिंग सड़क का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईटी** क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कोरोना महामारी के चलते विकास की जो गति धीमी पड़ गई थी, अब उन अधूरे कार्यो को तेज गति से पूरा किया जा रहा है।

श्री भड़ाना रविवार को सीएम अनांउसमेंट के तहत पास की गई वार्ड नंबर 10 के ब्लाक बाबा रामदास गुरूद्वारा वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह सडक़ पूरी तरह से सीमेंटिड बनेगी और पिछले काफी समय से इस सडक़ को बनवाने की मांग उठ रही थी, जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखा था तो उन्हीं की घोषणा के तहत आज इसका शुभारंभ किया गया है और जल्द ये सडक़ बन जाएगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना का फूल मालाओं से स्वागत किया। लोगों का आभार जताते हुए भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि बेशक वह इस क्षेत्र से विधायक नहीं है, लेकिन उन्होंने पिछले दो सालों से एक जनप्रतिनिधि की तरह क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में भागेदारी निभाई है और उनके विधायक कार्यकाल में जो-जो घोषणाएं उन्होंने की थी, उन विकास कार्यो को पूरा करवाया जा रहा है। श्री भड़ाना ने कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा पर तंज कसते हुए कहा कि विधायक जी को क्षेत्र की समस्याएं दूर करने का समय नहीं है वह केवल खुद को महिमामंडित करने के मुद्दे ढूंढते रहते है और उनके द्वारा पास करवाए गए विकास कार्यो का झूठा श्रेय लेने का असफल प्रयास करते रहते है लेकिन जनता उनके इस दोहरे चेहरे को भली भांति पहचान चुकी है और अब वह उनके झूठे वायदे में फंसने वाली नही है। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आर्शीवाद और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से पूरे फरीदाबाद जिले में विकास की बयार बह रही है।



गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते भड़ाना।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## डीयू में प्रवेश भारी समस्या

**पूरे** देश में डीयू में प्रवेश लेने की इच्छा उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारी समस्या प्रकट करती है। दिल्ली विश्वविद्यालय-डीयू स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया राष्ट्रीय राजधानी में महानगरीय छात्र जीवन का वार्षिक उत्सव है। पिछले साल कोविड-19 महामारी भी इस जोश पर लगाम नहीं लगा सकी थी। विडंबना है कि इस साल दिल्ली विश्वविद्यालय एक प्रोफेसर की बिना विचारे की गई टिप्पणी ने यह जोश ठंडा कर दिया। एक खास राजनीतिक सोच वाले प्रोफेसर ने दावा किया कि रल शिक्षा बोर्ड एक 'नंबर जिहाद' कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि बोर्ड अपने छात्रों को 100 प्रतिशत नंबर देता है ताकि कुछ खास पाठ्यक्रमों में रल छात्रों का 'ज्यादा प्रवेश' हो स। हालांकि, विश्वविद्यालय अधिकारियों ने इसे पसंद नहीं किया और पूरी तरह खारिज कर दिया। दो साल पहले दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद जरीवाल ने विधानसभा चुनाव पहले आम आदमी पार्टी घोषणापत्र में लिखा था कि दिल्ली विश्वविद्यालय की 85 प्रतिशत सीटें राजधानी निवासियों लिए आरक्षित की जाएंगी। लेकिन भौतिकी प्रोफेसर की तरह मुख्यमंत्री यह नहीं समझ स कि डीयू दिल्ली विश्वविद्यालय एक्ट अंतर्गत संचालित एक न्द्रीय विश्वविद्यालय है और यह किसी राज्य सरकार आधीन नहीं है। यह सभी शिक्षा बोर्डों साथ समान व्यवहार करता है और कोई किसी जनसंख्या समूह लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकता है। इन पक्षपाती दृष्टिकोणों बावजूद डीयू में प्रवेश समय पूरे भारत लाखों लोग सहभागिता कर इसे एक राष्ट्रीय आयोजन बना देते हैं। इनमें छात्र, उन माता पिता, संरक्षक तथा कौंसिलिर शामिल हैं। कटआफकुछ कोर्सों लिए




100 प्रतिशत होने साथ ही प्रार्थनापत्रों की संख्या तथा अनेक सूचियां पहले पेज की खबरें बनती हैं। इस साल 70,000 सीटों में से 41,000 का फैसला पहले कटआफ बाद हो गया। इसमें से लगभग 10,000 सीटें विभिन्न राज्यों छात्रों को तथा बाकी सीबीएसई छात्रों को मिलीं।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने अंत तक दिल्ली पिछले साल की तुलना में ज्यादा महानगरीय रहेगी। लेकिन व्यापक रूप से देखें तो पूरे देश में डीयू में प्रवेश की पसंद राज्यों में उच्च शिक्षा की स्थिति प्रति दु:खद टिप्पणी है। योग्य छात्रों को अपने स्नातक पाठ्यक्रम लिए दिल्ली भागना पड़ता है और इसी प्रकार स्नातक बाद वे भारत छोड़ कर विदेश चले जाते हैं। बाहर से अधिकांश छात्र दिल्ली इसलिए आते हैं क्योंकि वे अपने प्रदेशों में शिक्षण मानकों, अकादमिक परिवेश तथा प्रतियोगिता से संतुष्ट नहीं होते हैं और दिल्ली उन लिए आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने वाली लगती है। यह भी कहा जा सकता है कि इस प्रवास को वरिष्ठ छात्रों तथा राज्य सरकारों द्वारा भी बढ़ावा दिया जाता है। पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी राज्यों की छात्र असोसियेशनें राज्यों की राजधानियों तथा दिल्ली में हेल्प डेस्क बनाती हैं ताकि पाठ्यक्रम और कालेज चुनने में छात्रों की सहायता की जा स, वे दिल्ली लिए स्वयं को ढाल सं या हिंदी सीख कर स्वयं को स्थानीय स्ट्रीट फूड का अभ्यस्त बना सं। दक्षिण में सरकार-संचालित तेलंगाना ट्राइबल एंड सोशल वेलफेयर रेजीडेंशियल एजुशन इस्टीट्यूशन्स सोसाइटी निचली जातियों व वर्गों छात्रों को डीयू में प्रवेश लिए प्रोत्साहित करती है। इस लिए वह फीस तथा होस्टल खर्च में उनको सहायता देती है। तेलंगाना सरकार का यह कदम हाशियाकृत युवाओं को अपने सुदूर घरों से दिल्ली विश्वविद्यालय की लंबी यात्रा लिए प्रोत्साहित करता है।

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र को आमंत्रण

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा।



**अनिल प्रकाश**
(लेखक सेटकाम इंडस्ट्री एसोसिएशन के महानिदेशक हैं)



**भा**रत सरकार द्वारा 'अंतरिक्ष' को निजी क्षेत्र लिए खोलना इस समय सारी संभावनाओं द्वार खोलना है। पांच दशकों से अंतरिक्ष विभाग-डीओएस अंतर्गत इसरो सभी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों का न्द्र है जिस पर सीधे प्रधानमंत्री की नजर रहती है। उसे विभिन्न सफल मिशनों का श्रेय प्राप्त है। वह दुनिया की पहली अंतरिक्ष एजेंसी है जिसने चंद्रमा पर पानी तलाशा है। उस पास सुदूर संवेदी उपग्रहों का दुनिया का सबसे बड़ा समूह तथा दो उपग्रह नौवहन प्रणालियां-गगन व नाविक हैं। वर्तमान समय में भारतीय अंतरिक्ष उद्योग वल 7 बिलियन डालर का है, जबकि वैश्विक अंतरिक्ष बाजार 360 बिलियन डालर से अधिक है। इन व्यापक व अविवादित उपलब्धियों बावजूद इसरो ने स्वीकार किया है कि वह भारत भीतर से लगातार अंतरिक्ष-आधारित एप व सेवाओं की बढ़ती मांग पूरी करने में कठिनाई का अनुभव कर रहा है। कृषि, मत्स्यपालन, परिवहन, मौसम विभाग, तेल एवं गैस तथा शहरी विकास जैसे सभी क्षेत्र अपने बिजनेसों लिए अंतरिक्ष तकनीकों पर निर्भर हैं। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को निजी क्षेत्र लिए खोलना एक नया कदम है। दुनिया बहुत गौर से देख रही है कि यहां प्रवेश करना कितना उचित होगा। पहले निजी उद्योग अपनी सीमित भूमिका से बाधित था, पर अब वह न वल वेंडर, बल्कि साझीदार की तरह भी काम करने को तैयार है। इसरो का ढांचा, वैज्ञानिक व तकनीकी संसाधन तथा अंतरिक्ष कार्यक्रम का डेटा भी निजी उद्योग की पहुंच में होगा। इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड आथराइजेशन सेंटर-इनस्पेस एक फैसिलिटेटर व नियामक की भूमिका अदा करने लिए तैयार है और इसरो तथा निजी क्षेत्र बीच सेतु का काम करेगा।

भारत में स्पेस स्टार्टअप क्षेत्र जीवन्त तथा अंतरिक्ष व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में काम करने को तैयार है। अनेक निजी व युवा स्टार्टअप ने नए युग निवेशकों को प्रोत्साहित किया है जो जोखिम उठाने तथा दीर्घकालीन परियोजनाओं से लाभ प्राप्त करने में धैर्य धारण करने लिए तैयार हैं। वे लांच सुविधायें, उपग्रह थ्रस्टर्स, एमएम वेव तथा आप्टिकल संचार संपर्कों साथ उपग्रह निर्माण, भू प्रेक्षण उपकरणों, स्पेस सिचुएशनल एवेयरनेस-एसएसए, कोलीज़न डिटेक्शन, आदि स्थापित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में बड़े संगठनों प्रवेश ने स्टार्टअप व एमएसएमई को मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर दिया है। वर्तमान समय में लगभग 500 फर्में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंतरिक्ष तकनीकों से जुड़ी हैं तथा अनेक स्टार्टअप सरकार साथ काम कर रहे हैं। एक देश रूप में भारत में असाधारण उद्यमिता भावना है जो हालिया वैश्विक महामारी कठिन समय में ज्यादा उल्लेखनीय रूप से उभर कर सामने आई है। उसने लघु उपग्रहों, परिष्कृत राट प्रणोदकों, लांच वाहनों, एआई, रोबोटिक्स, आदि क्षेत्रों में नई तकनीक व बिजनेस माडल विकसित किए हैं। लेकिन इन स्टार्टअप पास संसाधनों तथा तकनीक की कमी है जिससे वे स्वतंत्र अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं चला सकते हैं। हालांकि, अब निजी क्षेत्र फर्मों को इसरो ढांचे व संसाधनों का प्रयोग करने की सुविधा होगी, पर अभी विभिन्न अनुमति की प्रक्रियाओं व समयसीमा बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है।

समयबद्ध तरीके से इन मामलों में स्टार्टअप की सहायता से उनकी प्रगति और तेज होगी। सक्षम बनाने वाली नीतियों अभाव में स्टार्टअप अन्य देशों में जा सकते हैं जहां नियामक व वित्तीय बाधायें युवा बिजनेसों लिए अनिश्चितता न पैदा करें तथा उन दीर्घकालीन निवेश में बाधा न डालें।

उद्योग में उपग्रह स्पेक्ट्रम तक पहुंच सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और यह इस क्षेत्र की सफलता लिए जरूरी है। वर्तमान समय में सैटकाम स्पेक्ट्रम की उपलब्धता बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्पेक्ट्रम आबंटन में नीतिगत स्तर पर स्पष्टता बिना युवा स्टार्टअप को सामान्य टेलीमीट्री, टेलीकमांड व पेलोड डेटा आपरेशन्स में कठिनाई होगी। इस संबंध में तीन अलग अधिकारों-लाइसेंसों की आवश्यकता होगी जिनमें जीएमपीसीएस, वीसैट, इन्सैट एमएसएस शामिल हैं। अभी लाइसेंस श्रेणियों में उपग्रह सेवाओं या अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। समय आ गया है कि भारत स्टार्टअप-हितैषी लाइसेंस नीति अपनाने पर विचार करे। इसमें इसरो द्वारा अल्पकालीन प्रायोगिक लाइसेंस भी शामिल है जिससे निजी क्षेत्र उपग्रह मिशनों से जुड़ सकता है। वर्तमान समय में अंतरिक्ष विभाग की भूमिका लाइसेंस देने वाले, बाजार नियामक तथा उपग्रह आपरेटर की है।

इससे निजी उपग्रह निर्माताओं तथा सैटकाम सेवा प्रदाताओं साथ हितों टकराव वाली स्थिति पैदा होती है। इस साथ ही डीओटी, डीओएस, डब्लूपीसी, इनस्पेस व एनएसआईएल अनुमतियों अनेक स्तर पैदा करते हैं। इससे इस क्षेत्र में बिजनेस सुगमता में बाधा आती है। वाणिज्यिक इकाइयों लिए स्पष्ट रूपरेखा बनानी जरूरी है ताकि उनको अपने उद्यम शुरू करने लिए दौड़भाग न करनी पड़े।

नए नियमों ने विदेशी कंपनियों को भारत में अपनी सुविधायें स्थापित करने तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाने की अनुमति दी है। यह एक सकारात्मक कदम है तथा इससे अनेक संयुक्त उद्यम स्थापित हो सकते हैं। इससे उपग्रहों सहयोगी विकास, भारी निवेश तथा रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी और जीडीपी वृद्धि तेज होगी। वर्तमान समय में टैक्सों अनेक स्तर, जैसे, जीएसटी, राजस्व शेयर, अनेक डीओटी, डीओएस चार्ज व विधहोल्डिंग टैक्स आदि हैं। इन कारण लगभग एक तिहाई उद्यमी भारत से बाहर जाने की सोच रहे हैं ताकि उनको नियमों पालन व टैक्सों बोझ से राहत मिल स। सिंगापुर, मलेशिया व हांगकांग जैसे देश भारत की तुलना में एक बेहतर ढांचागत व तार्किक कर संरचना पेश करते हैं अत: उद्यमी वहां जाना चाहते हैं।

हालांकि, सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने लिए अनेक एक्सलरेटर कार्यक्रम बनाए हैं। भारत दुनिया में अमेरिका व चीन बाद तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप क्षेत्र है और इसकी आगे प्रगति की संभावना है। लेकिन निश्चित रूप से कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत में 140 इन्क्यूबेटर व एक्सलरेटर हैं, जबकि चीन और अमेरिका में इनकी संख्या 2,400 व 1,500 से अधिक है। ऐसे में पंजीकरण, दीवालिया कानूनों, अनुदानों, निवेश, आदि क्षेत्रों में तत्काल नियमों को सरल करने की जरूरत है।

इसरो और सरकार को नीतिगत कमियां दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। ऐसा करने पर भारत स्टार्टअप व निजी क्षेत्र उत्पादों व सेवाओं लिए आकर्षक बाजार बन जाएगा। बड़े पैमाने पर बाजार अवसर अपस्ट्रीम क्षेत्र में निजी क्षेत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं जहां वे डिजाइन निर्माण तथा उच्च प्रौद्योगिकी वाले अंतरिक्षयानों का विकास कर सकते हैं। इस साथ ही डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में सेटकाम प्रयोगों को विस्तार देना महत्वपूर्ण होगा। नियामक व संबंधित अधिकारियों को उभरते स्टार्टअप साथ नजदीकी से काम कर बहु-प्रतीक्षित सुधारों व प्रोत्साहनों को गति देनी चाहिए ताकि देश में उद्योग जगत तेजी से काम करते हुए अपनी सफलता से पूरे देश को लाभान्वित कर सके।

अंतरिक्ष एक वैश्विक परिघटना है और भारत को इस मोर्चे पर अवसरों का लाभ उठाने से चूकना नहीं चाहिए। नीतियों की संगति सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहारों साथ होनी चाहिए। इससे हमारा विकास और मानक भी बाकी दुनिया समान होंगे। उद्योग तेजी से तकनीकी विकास क्षेत्र में प्रगति करने तथा जीडीपी वृद्धि में योगदान करने की संभावनायें हैं। इस प्रकार निजी क्षेत्र व स्टार्टअप अंतरिक्ष तथा उससे आगे की यात्रा में भारत सरकार के सच्चे साझीदार बन सकते हैं।

# ताइवान पर मंडराता युद्ध का खतरा

"हालांकि, बीजिंग अभी इस द्वीप पर हमला कर सकता है, लेकिन वह इसके लिए तीन साल में पूरी तरह तैयार हो जाएगा।"

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



**चीन** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वादा किया है कि 'मातृभूमि पूर्ण एकीकरण का ऐतिहासिक काम निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।' यह परोक्ष रूप से ताइवान को दी गई एक धमकी थी, पर इसकी कोई समयसीमा नहीं थी। अगले दिन राष्ट्रपति साइ-इंग वेन ने भी जवाब देते हुए कहा, 'कोई ताइवान को वह रास्ता अपनाने लिए मजबूर नहीं कर सकता है जो चीन ने अपने लिए चुना है।'

हालांकि, अमेरिका ने चीन साथ युद्ध की कीमत पर द्वीप की रक्षा का सीधे वादा नहीं किया, पर यह स्पष्ट कर दिया कि ताइवान में अमेरिकी विशेष बल व मैरीन प्रशिक्षण मिशन पर हैं। बीजिंग इसे पहले से जानता है क्योंकि ट्रंप ने उनको वहां दो साल पहले भेजा था, लेकिन वाशिंगटन द्वारा इस बात की खुली पुष्टि चीन को स्पष्ट चेतावनी है। इस प्रकार एक संकटपूर्ण स्थिति है, भले ही यह धीरे-धीरे विकसित हो रही हो। रक्षा मंत्री चू कुओ-चेन ने ताइवान में कहा कि बीजिंग अब भी द्वीप पर हमला करने की स्थिति में है, पर वह तीन साल समय में पूरी तरह ऐसा करने लिए तैयार हो जाएगा। उन अनुसार, '2025 तक चीन हमले की कीमत और खामियाजा न्यूनतम करने की स्थिति में होगा। उस पास वर्तमान समय में क्षमता है, पर वह आसानी से युद्ध नहीं शुरू करेगा क्योंकि उसे अनेक दूसरी चीजों पर भी विचार करना पड़ेगा।' क्या उन जो कहने का अर्थ है वह पूरी तरह सच है?




आंशिक रूप से यह स्वीकृति है कि चीन तेजी से ऐसे हथियार एकत्र कर रहा है जिससे ताइवान पर ताइवान खाड़ी से होकर समुद्री हमला संभव हो स जो सबसे संकरे बिंदु पर 180 किलोमीटर चौड़ी है। प्रमुख चीनी हथियार लंबी दूरी वाला राट तोपखाना है जिससे ताइवन सभी बिंदुओं पर सटीक हमला किया जा सकता है। इनकी संख्या इतनी हो सकती है कि ताइवान की मिसाइल-रोधी रक्षा प्रणाली बेकार हो जाए। ऐसे हथियार को पीसीएल-191 कहते हैं और यह द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रयोग किए गए मल्टिपल राट लांचर 'स्टालिन आर्गन' का परिष्कृत रूप है, लेकिन अब इसकी रेंज 350 किलोमीटर है। इन राट लांचरों की दो ब्रिगेड ताइवान सामने वाले चीनी तट पर तैनात हैं और उनकी संख्या में जल्द ही और बढ़ोत्तरी होने वाली है। यदि वर्तमान समय में न हो, तो भी जल्द ही वे बीजिंग को ताइवान हवाईअड्डों, राडार स्टेशनों, विमान-रोधी रक्षा स्थलों तथा बंदरगाहों पर एकसाथ हमले में सक्षम बना देंगे। यदि ताइवान सभी रनवे व बंदरगाह नष्ट हो जाएं तो उस विमान व युद्धक जहाज चीनी आक्रमण का मुकाबला नहीं कर सकेंगे। जहाज खाड़ी को दस घंटे में पार कर लेंगे और कोई भी इतने नजदीक नहीं होगा कि चाहते हुए भी ताइवान की रक्षा कर स।

किसी भी समय अचानक हमला होने की स्थिति में ताइवान को जापानी अड्डों पर खड़े लड़ाकू विमानों तथा अमेरिकी प्रशांत बेड़े से सहायता मिल सकती है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि भले ही उस पास तटों पर राट लांचरों की समुचित संख्या हो, पर चीन को ऐसा हमला करने से विरत करने वाली 'अन्य चीजें' कौन सी हैं जो उसके पास उपलब्ध हो सकता हैं?

वल एक ही चीज काफी है, यदि अमेरिका ताइवान को बचाने लिए समय पर सैनिक हस्तक्षेप न कर पाए तो भी वह निश्चित रूप से इस तत्काल बाद चीन की पूरी तरह से नौसैनिक घेरेबंदी कर देगा। प्रशांत महासागर पार करने वाले चीन जहाज द्वीपों की 'प्रथम श्रृंखला', यानी जापान, ताइवान व फिलीपीन्स से गुजर कर हिंद महासागर में पहुंचते हैं और फिर वहां से मलक्का खाड़ी-मलेशिया व इंडोनेशिया होकर मध्य पूर्व व यूरोप पहुंचते हैं। व्यावहारिक रूप से कोई और रास्ता नहीं है और नौसैनिक घेरेबंदी से चीन की अर्थव्यवस्था कुछ ही महीनों में मर जाएगी।

दोनों ओर से युद्ध भड़कने में नाभिकीय युद्ध का भय एक बड़े प्रतिरोधक की तरह काम करता है और किसी प्रकार की संधि करने को मजबूर करता है। यह चीन के लिए अत्यधिक अपमानजनक स्थिति होगी। शायद यह इतनी अपमानजनक हो सकती है कि कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण समाप्त हो जाए। इसलिए शी जिनपिंग कभी ऐसा खतरा उठाने को तैयार नहीं होंगे। शास्त्रीय रणनीतिक रूप से सोचने वाले लोगों का यही विचार है और वे संभवत: ठीक भी हैं। लेकिन यह गलत भी हो सकता है।

## आप की बात

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले

**बांग्लादेश** मंदिरों में तोड़फोड़ और हिंदुओं पर हमले मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले दिनों दुर्गा पंडाल में हुए हमले बाद अब शुक्रवार को बांग्लादेश नोआखली जिले में एक इस्कान मंदिर पर भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर दिया। इसमें एक इस्कान मंदिर सदस्य की मौत हो गई। बांग्लादेश सरकार ने स्थिति पर काबू पाने लिए अर्धसैनिक बलों को उतारा है मगर मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कोई पहली बार हमने नहीं हुए हैं! बांग्लादेश और पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान सभी जगहों पर कट्टरपंथी लोग हिंदुओं की संपत्ति हथिया कर उन्हें अपने देश से बाहर कर देने पर आतुर हैं! अफगानिस्तान में तालिबान आंतकवादिओं द्वारा सत्ता हथिया लेने बाद विश्व भर में आतंकवादी घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है! ऐसे में भारत लिए एनसीबी कानून अत्यावश्यक हो गया है। मुस्लिम राष्ट्रों में अल्पसंख्यक हिंदुओं को मरने लिए अला नहीं जो छोड़ा जा सकता है! अच्छा हो सरकार को उच्च स्तर पर बांग्लादेश सरकार से बात कर हिंदुस्तानी नागरिकों की रक्षा की पुख्ता व्यवस्था करना चाहिए। और यदि वहां की सरकार असफल होती है तो भारत को अपना सैन्य बल वहां पर भेजकर इस स्थिति को काबू में करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### बच्चों को बाल साहित्य पढ़ाएं

**बदलते** परिदृश्य में सब कुछ बदलता चला गया। बच्चे तो है मगर बचपन गुम हो गया। दादी –नानी ,मां लोरिया और कहानियां सुनाती तो ज्ञानार्जन में वृद्धि होती थी, वही कोलाहल से दूर एकाग्रता का समावेश होता था। मीठी नींद जो की अच्छे स्वास्थ्य का सूचक होती वो इनसे प्राप्त होती थी। किन्तु वर्तमान में इलेट्रॉनिक दुनिया की ,भागदौड़ भरी व्यस्तम जिंदगी में बच्चों के लिए साथ बिताने का समय लोग नहीं निकाल पाता। इसके अलावा रिश्तेदारी का व्यवहारिक ज्ञान भी पीछे छूट सा गया है। कहानी से कल्पनानाओं की उत्पत्ति होती वही मातृत्व दुलार भी सही तरीके से प्राप्त होता। अब ये चिंता सताने लगी की कही कहानियां सुनाने की प्रथा विलुप्त न हो जाए। नहीं तो बच्चे लाड़-प्यार और कहानियों से वंचित हो जाएंगे। हाईटेक होते युग में मोबाइल और इंटरनेट ही सहारा बन गए हैं। दादी-नानी की कहानियां सुनने की प्रथा जैसे अब विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची हो। कहानियां कहने की कला बच्चों के स्मृति पटल पर अंकित हो कर और भावी पीढ़ी को कहने की कला देती है। बच्चों में भाषा के ज्ञान को मजबूती देने के लिए एवं पाठ्यक्रमों में कहानियों से बाल साहित्य को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### बेनतीजा बैठकें

**चीन** से सीमा विवाद सुलझाने प्रयास भारत द्वारा लगातार जारी है मगर चीन की नीयत में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में हुए ताजा विवाद बाद कोर कमांडर बैठक भी बेनतीजा रही है। चीन अड़ियल रवैये का ही नतीजा है कि इस बार भी सर्दियों में एलएसी पर सेना की मौजूदगी रहेगी। चीनी कदमों से तनाव घटने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में बैठकों का कोई औचित्य तो नजर नहीं आता? चीनी अड़ियल नतीजों का ही परिणाम है कि सीमा पर लगातार तनाव बना हुआ है।कभी चीनी सैनिक तो कभी विस्तारवाद की नियत विवादों की वजह बनती है। पिछले दिनों फिर भारत चीन सैनिक आमने-सामने थे इससे एक बार फिर लगा कि किसी संघर्ष की नौबत आ सकती है। विवाद सुलझाने लिए कोर कमांडर बैठक भी हुई जो भारत को अनर्गल ठहराने अलावा कुछ और हासिल न कर सकी जबकि सारे विवाद की जड़ में चीनी विस्तारवाद ही स्पष्ट रूप से सामने आया है। चीन का रवैया द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन भी है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**हम** 2022 में गोवा और 2024 में दिल्ली जीतेंगे। हिम्मत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े कि जीत हमारी होगी।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



**हर** बीतने दिन के साथ और ईरान द्वारा बेहतर विश्वास में समायोजित करने से इनकार किए जाने के चलते रास्ता छोटा होता जा रहा है।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**राज्य** सरकार कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए लगातार केंद्र सरकार से संनर्क में है जिससे कि बिजली उत्पादन सुगमता से चले।

– **अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री राजस्थान

# एमएसपी पर सर्वाधिक फसलें खरीदने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य: विधायक कल्याण

## आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार फसल विविधीकरण पर दे रही जोर

### हरियाणा में 11 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रहीं


पायनियर समाचार सेवा। घरौंडा।

**घरौंडा** के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदा जाता है। प्रदेश के किसानों को जोखिम मुक्त करने के उद्देश्य से भाजपा की राज्य सरकार ने धरातल पर अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया है। सरकार का मकसद यही है कि किसी भी प्रकार से किसानों की आमदनी को बढ़ाया जा सके।

उन्होंने जारी बयान में कहा कि वर्ष 2016 में लागू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है।

यह योजना वैकल्पिक होने के बावजूद भी लगातार इसमें संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां पशुपालकों को इस योजना के तहत सर्वाधिक लाभ मिला है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नई योजना के तहत बागवानी के क्षेत्र में 40 हजार तक का बीमा किया जा रहा है। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां 11 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार फसल विविधीकरण पर विशेष फोकस कर रही है और इसके लिए किसानों को प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। खारे पानी के क्षेत्र में झींगा का उत्पादन करके आय को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए निः शुल्क प्रशिक्षण का प्रावधान किया गया है। 8 से 9 लाख रुपये तक की सब्सिडी भी देने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही शहद पर भी सब्सिडी देने का प्रावधान सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि बेहतर जल प्रबंधन की दिशा में भी सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। सूक्ष्म सिंचाई पर भी 85 प्रतिशत की सब्सिडी सरकार द्वारा दी जा रही है।



### किसानों को दी करोड़ों रुपये की सब्सिडी

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक तथा सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के आधार पर प्रदेश को आगे ले जाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पराली प्रबंधन के उद्देश्य से विभिन्न कृषि यंत्र खरीदने के लिए किसानों को करोड़ों रुपये की सब्सिडी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि जो किसान पराली नहीं जलाते उसे एक हजार की सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है।

# स्योंसर के जंगल बनेंगे विलुप्त प्रजातियों के पक्षियों का बसेरा

## हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ने किया मौके पर अवलोकन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**पिहोवा** के गांव स्योंसर के जंगल को वाइल्ड लाईफ एंड वर्ड सैक्चुरी के रूप में विकसित करने की योजना को तैयार किया जाएगा। इस गांव में 11 हजार एकड़ भूमि पर जंगल फैला हुआ है। इस जंगल में विलुप्त प्रजातियों के पक्षियों का बसेरा बनाने के साथ-साथ वन्य जीव जैसे हाथी, बालू, हिरण, लंगूर बंदर सहित अन्य प्रजातियों का घर बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इस योजना को हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से तैयार किया जाएगा। इस योजना का खाका तैयार करने के बाद अंतिम अनुमति के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा के वनमंत्री कंवरपाल के समक्ष रखा जाएगा।

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने स्योंसर जंगलों का अवलोकन करने के बाद अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच, हरियाणा वन डाइवरसिफिकेशन के चेयरमैन विनित गर्ग, जिला वन अधिकारी रविंद्र धनखड़, बोर्ड के एसई अरविंद कौशिक, कार्यकारी अभियंता हंसराज सहित अन्य अधिकारियों ने पिहोवा के गांव स्योंसर के जगंलों का बारीकि से अवलोकन किया। इस दौरान स्योंसर के जंगलों को वन्य जीव एवं पक्षी अभयारण्य के रुप में विकसित करने की संभावनाओं को देखा और विस्तार से चर्चा की है। इन अधिकारियों ने योजना के हर पहलु पर विचार किया और योजना को आगे बढ़ाने की रुप रेखा पर उपाध्यक्ष से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि इस स्थल को विकसित करने के लिए हर पहलु पर विचार किया जाएगा ताकि इस स्थल को देश का सबसे सुंदर वन्य जीव एवं पक्षी अभयारण्य के रुप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वन विभाग की तरफ से इस जंगल में फलदार व छायादार पौधे लगाने के लिए कहा गया है।

इसके साथ ही इस जंगल के आस-पास पहले तालाब बनाए जाएंगे ताकि इन तालाबों से जंगल में पानी पहुंचाया जा सके। इससे जंगल में रहने वाले पक्षियों व पशुओं को पीने के लिए पानी भी मिल सके। इस योजना का प्रारुप तैयार करके मुख्यमंत्री मनोहर लाल व वनमंत्री कंवरपाल के समक्ष रखा जाएगा। यहां से अनुमति मिलने के बाद ही आगामी कार्रवाई पर काम किया जाएगा। इस योजना के लिए केंद्र सरकार से भी बातचीत की जाएगी।



**स्योंसर के जंगलों का अवलोकन करते हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच। साथ हैं अन्य अधिकारीगण।**

### पांच राज्यों के पर्यटक पहुंचते है तीर्थ नगरी पिहोवा में

**बोर्ड** के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा एक विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थली है। इस तीर्थ स्थली पर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल. जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। इस योजना के अमलीजामा पहनाने के बाद इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं पैदा होगी।



# मशाल यात्रा निकाल दी शहीद किसानों को श्रद्धांजलि

पायनियर सामचार सेवा। भिवानी।

### गांव तालु से टिकरी बॉर्डर के लिए रवाना हुई मशाल यात्रा

**तीन** कृषि कानूनों के खिलाफ एवं एमएसी की गारंटी की मांग को लेकर अब युवा किसान भी आगे आने लगे है तथा देश की कृषि व्यवस्था को बचाने का बीड़ा उठाने लगे है। इसी कड़ी में रविवार को गांव तालु से टिकरी बॉर्डर तक मशाल यात्रा निकाली गई, जिसको युवा किसानों के निर्देशन में टिकरी बॉर्डर तक ले जाया जाएगा।

इस मशाल यात्रा का उद्देश्य लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि देना एवं युवा किसानों को किसान आंदोलन के प्रति जागरूक करना है। रविवार को गांव तालु से रवाना हुई मशाल यात्रा को गांव के मौजिज लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर किसान नेता जोगेंद्र तालु ने कहा कि लखीमपुर खीरी में जिस बर्बरता से एक मंत्री के बेटे ने किसानों को गाड़ी के नीचे कुचला, वह बेहद ही निंदनीय है। उन शहीदों की याद में यह मशाल यात्रा निकाली जा रही है। तालु ने कहा कि इसके साथ ही युवाओं को किसान आंदोलन के प्रति जागरूक करने एवं लोगों को तीन कृषि कानूनों के बारे में बताना भी इस यात्रा का उद्देश्य रहेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी साबित होती जा रही है। पहले कृषि कानून लाकर किसानों को बर्बाद करने का काम किया और जब किसान इसका इन काले कानून का विरोध करते है तो कभी उन पर लाठियां बरसाई जाती है तो कभी गाड़ी से कुचलकर उनकी हत्या की जा रही है।

# बंद के दौरान शांति व्यवस्था के लिए तैनात किए मजिस्ट्रेट

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**विभिन्न** संगठनों द्वारा 18 अक्टूबर को भारत बंद किए जाने के आह्वान के चलते जिला में शांति एवम कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश डॉ आरएस ढिल्लो ने पुलिस अधिकारियों के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश के आदेशानुसार सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में ओवरऑल इंचार्ज होंगे।

जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार रेलवे स्टेशन भिवानी व थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक सतीश कुमार, कार्यकारी प्रबंधक, थाना शहर भिवानी के साथ अंकित कुमार, उपमंडल अधिकारी, उठान जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल भिवानी, थाना क्षेत्र सिटी स्टेशन भिवानी निरीक्षक रमेश प्रबंधक थाना सिविल लाइन भिवानी के साथ रविन्द्र सिंह तहसीलदार भिवानी, रेलवे स्टेशन बामला थाना क्षेत्र में निरीक्षक विद्यानन्द प्रबंधक थाना सदर भिवानी के साथ मंदीप सिंह सिहाग जिला नगर योजनाकार, गुजरानी रेलवे फाटक व थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक रणबीर प्रबंधक थाना औद्योगिक क्षेत्र के साथ अजय राठी कार्यकारी अभियन्ता, हरियाणा राज्य कृषि विपणन अधिकारी, रेलवे लाइन गांव प्रेमनगर में निरीक्षक श्रीभगवान कल्याण निरीक्षक भिवानी के साथ कृष्ण लाल जिला समाज कल्याण अधिकारी, थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक सतपाल प्रबंधक थाना जुई कलां के साथ राहुल शर्मा कार्यकारी अभियन्ता, जुई जल सेवाए मंडल, भिवानी, थाना क्षेत्र में निरीक्षक जयसिंह प्रबंधक थाना तोशाम के साथ रवि कुमार उप तहसीलदार, तोशाम, रेलवे स्टेशन लोहारू व थाना क्षेत्र में निरीक्षक पवन प्रबंधक थाना लोहारू के साथ जोधाराम तहसीलदार लोहारू, थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक रविन्द्र प्रबंधक थाना बहल व झुप्पा रेलवे फाटक में निरीक्षक बलदेव पुलिस लाइन भिवानी के साथ सुरेश कुमार उप तहसीलदार बहल, रेलवे स्टेशन सिवानी व थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक महेन्द्र प्रबंधक थाना सिवानी के साथ सुनिल सचिव नगरपालिका सिवानी, रेलवे स्टेशन बवानी खेड़ा व थाना क्षेत्र में निरीक्षक हरिओम प्रबंधक थाना बवानी खेड़ा के साथ रविन्द्र दलाल खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बवानी खेड़ा आदि मौजूद रहे।

# गांव नीमड़ीवाली में किसान पंचायत कल

**भिवानी।** सर्दी, गर्मी, धूप, बारिश की चिंता किए बगैर दिन-रात खेतों में काम कर अनाज उगाकर देश की जनता का पेट भरने वाले अन्नदाता वर्तमान में स्वयं अपनी ही आजीविका बचाने की मांग को लेकर सड़कों पर बैठे हैं। जिसके विरोध में किसानों का गुस्सा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

टॉवरों की ऐवज में मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर गांव नीमड़ीवाली के किसान भी तीन माह से अधिक समय से धरने पर बैठे है, लेकिन सरकार, कंपनी और प्रशासन उनकी सुनवाई करने को तैयार नहीं। जिसके विरोध स्वरूप नीमड़ीवाली के किसानों ने फैसला लिया है कि जब तक उन्हे मुआवजा नहीं मिलेगा, गांव में टॉवर लगाने का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। भाकियू जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि गांव नीमड़ीवाली में किसानों के धरने को चार माह पूर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पूरे न करने से गांव नीमड़ीवाली व आस-पास के सभी गांवों के किसानों व ग्रामीणों में भारी रोष है।

# परमात्मा की खुशियां पाने को प्रभु का स्मरण करें : बाबा सतनाम सिंह

### संक्रांति पर हुए भव्य धार्मिक समारोह में संगत से रूबरू होते हुए कहा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**गुरुद्वारा** नीलधारी सम्प्रदाय पिपली साहिब के प्रमुख संत बाबा सतनाम सिंहजी (राजा जोगी) ने कहा कि जो मनुष्य परम पिता परमात्मा को भूल जाते हैं, उन्हें विभिन्न प्रकार के दुख परेशान करने लगते हैं। इसलिए हमें परमात्मा की खुशियां लेने के लिए हर पल प्रभु का स्मरण करते रहना चाहिए।

वे रविवार को गुरुद्वारा नीलधारी सम्प्रदाय पिपली साहिब में चौथे पातशाह गुरु रामदासजी महाराज के प्रकाश दिवस, बाबा बुढ्डाजी के जन्म दिवस और संक्रांति पर आयोजित भव्य धार्मिक समारोह में संगत से रूबरू हो रहे थे। बाबा सतनाम सिंह जी ने संगत का मार्ग दर्शन करने के लिए श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी महाराज के शब्दों के कई उदाहरण भी प्रस्तुत किए।

समागम में भाई साहिब भाई निर्मल सिंह खालसा, प्रेम नवाज, प्रेम हंस, बीबा अरविंद पाल कौर, भाई करम सिंह बजाज, बीबा अर्पणा कौर, रागी भाई गुरप्रीत शिमला वाले, रागी भाई बलप्रीत सिंह लुधियाना वाले, रागी भाई जसप्रीत सिंह फतेहगढ़ साहिब वाले, गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई अर्जुन सिंह परवाना, रागी जत्था भाई सूबा सिंह पिहोवा ने संगत को शब्द गुरबाणी से जोड़ा। जत्थेदार भाई हरदयाल सिंह ने गुरु के चरणों में सरबत के भले के लिए अरदास की। गुरुद्वारा साहिब के प्रमुख ग्रंथी भाई बलजीत सिंह ने गुरबाणी शब्द की व्याख्या सुनाई। इस अवसर पर रानी मां, गुरअंश सिंह, गुरताज सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भाई जसवंत सिंह, महासचिव भाई शमशेर सिंह, भगवान सिंह वेरका वाले, प्रताप सिंह सिंगापुर वाले, दविंदर सिंह, अवतार सिंह, जोध सिंह, रब्ब सिंह आदि उपस्थित रहे।



**शब्द गुरबाणी संगत को निहाल करता रागी जत्था और मौजूद संगत।**

# संक्षिप्त समाचार

### उदयन शालिनी की हुई त्रैमासिक कार्यशाला



छात्राओं को शपथ दिलाती शालिनी संस्था की संयोजिका डॉ सुषमा शर्मा व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** कोविड-19 के चलते उदयन शालिनी कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र की सभी कार्यशालाएं आनलाइन आयोजित की जा रही थीं, परंतु इस माह द्वितीय त्रैमासिक कार्यशाला उदयन शालिनी संस्था में आफलाइन करने का निर्णय लिया गया। इसमें 78 शालिनी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ये शालिनी गत पांच वर्षों से संस्था से फेलोशिप प्राप्त कर रही है। कार्यक्रम में इस वर्ष में चयनित दो शालिनी को उदयन शालिनी की शपथ डॉक्टर सुषमा शर्मा व दीपक ने दिलवाई। शालिनी संस्था की संयोजिका डॉ सुषमा शर्मा ने उदयन केयर संस्था के उद्देश्य, लक्ष्य व मूल्यों के बारे में विस्तार से बताया। दीपक ने शालिनीयों को अच्छी संगति तथा सकारात्मक विचार रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ट्रेनर गीतांजलि तथा होनहार शालिनी हिमांशी, श्रद्धा पाठक, रिया व शिवानी भी शामिल रही।

### मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं : मनीष मलिक



**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा केशो राम नराती देवी ब्लड बैंक सैंटर शाहबाद में तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रकल्प प्रमुख मनीष मलिक व अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने बताया कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हमें अधिकाधिक रक्तदान करना चाहिए। प्रचार सचिव राजेश बावेजा व शाखा सचिव गुरचरण सिंहल ने बताया कि शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को फल वितरित किए। इस अवसर पर शाखा कोषाध्यक्ष रजनीश,अमरनाथ शर्मा, सचिन बंसल, नवीन अग्रवाल, हर्ष आनंद, सुधीर सूद, अमित अग्रवाल, सुनील गोयल, कमल बतरा, कुनाल अरोड़ा, जतिन गाबा, नवीन अरोड़ा, इशा अरोड़ा, आशीष, स्पर्श अरोड़ा, नवीन मंगला विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटकों से दिया लोगों को संदेश



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्थानीय कलाकारों ने विश्व विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में कुरुक्षेत्र में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। जिसमें कलाकारों ने विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझाते हुए पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर प्रकाश डाला। हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम दुष्यंत चौधरी के दिशा निर्देश में तथा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन के नेतृत्व में हरियाणा कला परिषद के कलाकारों द्वारा अलग-अलग विषयों पर नुक्कड़ नाटक मंचित कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों में ललित शर्मा, आदि देवेश शर्मा, अंकित कुमार, पार्थ शर्मा, राजीव तथा पारस शामिल रहे। इस अवसर पर विकास शर्मा विशेष रुप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आगामी नाटक संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर 24 अक्टूबर को किये जाएंगे।

### श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली में भगवती जागरण आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली व मां दुर्गा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से मां भगवती जागरण आश्विन मॉस की त्रयोदशी नवरात्र 18 अक्टूबर को गायक श्रवण राज और पार्टी द्वारा किया जाएगा। चौदस नवरात्र 19 अक्तूबर को यज्ञ एवं भण्डारा मन्दिर परिसर में होगा। मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना और यज्ञ श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पुजारी पंडित राहुल मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रों से करवाया जाएगा। डा. मिश्रा ने बताया कि 31 दिसम्बर 1963 को श्रीदुर्गा देवी मन्दिर की स्थापना उनके पिता स्वर्गीय पंडित शेषमणि मिश्रा संस्थापक ने समस्त पिपली के भक्तों द्वारा करवाई थी। तभी से नवरात्र में चैत्र और आश्विन मॉस की त्रयोदशी को मां भगवती जागरण और चौदस नवरात्र को यज्ञ व भंडारा प्रारंभ हुआ था।

## भाकियू कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर देंगे धरना आज

कुरुक्षेत्र। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर लखीमपुर खीरी प्रकरण के विरोध में 18 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 बजें कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन रेल रोकी जाएगी। भाकियू के जिला प्रधान कृष्ण कलाल माजरा ने बताया कि सोमवार को सुबह 9 बजे सभी कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन की पार्किंग में एकत्रित होंगे और उसके बाद रेलवे की पटरी पर धरना दिया जाएगा। कृष्ण कलाल माजरा ने कहा कि अभी तक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया है। जिससे जनता में केंद्र सरकार के खिलाफ रोष है। जब तक सरकार की ओर से कृषि कानूनों को वापस नहीं लिया जाता है, तब तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा।




# धनतेरस के लिए काश्यम कलेक्शन के साथ रिलायंस ज्वेल्स ने उत्सव की शुरुआत की

## *उम्दा आभूषणों की रेंज जो बनारस की कलात्मक और सांस्कृतिक परंपराओं से है प्रेरित*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**भारत** के सबसे भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांडों में से एक, रिलायंस ज्वेल्स ने इस बार त्योहारों के मौसम की शानदार तरीके से शुरुआत करते हुए उम्दा आभूषणों के बेमिसाल कलेक्शन, काश्यम को लॉन्च किया है। यह कलेक्शन बनारस की समृद्ध विरासत, परंपरा और आस्था को दर्शाने वाली कला एवं संस्कृति, मंदिरों और आश्चर्यजनक वास्तुकला से प्रेरित है।

ग्राहकों को काशी विश्वनाथ दुर्गा कुंड मंदिर, रत्नेश महादेव मंदिर, विशालाक्षी एवं बौद्ध मंदिर, रामनगर किला, तुलसी घाट, प्राचीन प्रवेशद्वार और जंतर-मंतर की कला के विभिन्न स्वरूपों के साथ-साथ बनारसी साड़ी, गंगा आरती, गंगा घाट तथा गुलाबी मीनाकारी एवं नक्काशी की जीवंत एवं अत्यंत मनमोहक कला पर आधारित विभिन्न प्रकार के अलंकृत डिजाइन और शानदार ढंग से तैयार किए गए आभूषणों में से अपने पसंदीदा गहनों को चुनने का अवसर मिलता है।

### उम्दा आभूषणों के बेमिसाल कलेक्शन और काश्यम को लॉन्च किया

उत्कृष्ट डिजाइनों की बेमिसाल परंपरा को आगे बढ़ाते हुए तथा नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दिवाली और धनतेरस के साथ-साथ शादियों जैसे विशेष अवसरों को अपने ग्राहकों के लिए और भी खास बनाने के लिए ब्रांड ने इस शानदार कलेक्शन को लॉन्च किया है, जो सोने एवं हीरों के बेहद खूबसूरत हार, झुमके और चूड़ियों के रूप में बनारस की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आश्चर्यजनक वास्तुकला एवं शिल्पकला को प्रदर्शित करते हैं। इस कलेक्शन में ग्राहकों को आभूषणों के बेजोड़ विकल्प मिलते हैं, और यहां ग्राहक बेहद आकर्षक एवं अव्वल दर्जे के चोकर सेट तथा नक्काशीदार एवं मनमोहक नेकलेस सेट से लेकर बेहद नाजुक एवं खूबसूरत नेकलेस सेट और बैंगल्स में से अपने पसंदीदा गहनों का चयन कर सकते हैं। यहां अलग-अलग अवसरों और हर तरह के बजट के अनुरूप गहनों की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है। गोल्ड कलेक्शन के डिजाइनों में मीनाकारी कला के साथ उत्कृष्ट विरासत और मंदिर शैली के आभूषण, एंटीक एवं येलो गोल्ड फिनिश, तथा येलो गोल्ड और एंटीक फिनिश में सोने के तारों की बेहद महीन कारीगरी वाले गहने शामिल हैं। इस कलेक्शन के लिए तैयार किए गए डायमंड सेट आपके त्योहारों के साथ-साथ ब्राइडल और कंटेम्परारी लुक के लिए एकदम उपयुक्त हैं।

# वीएबीबी: स्तन कैंसर का सटीक निदान करने और छोटी गांठों को हटाने के लिए उन्नत तकनीक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अक्टूबर** के स्तन कैंसर जागरूकता माह मनाने के लिए, प्रमुख चिकित्सक डॉ. ज्योति अरोरा, एसोसिएट डाइरेक्टर, रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग, मेदांता दि मेडिसिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम, ने इस जानलेवा बीमारी से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के एकमात्र उपाय के रूप में स्तन कैंसर का जल्द पता लगाने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने इस आम मिथक को भी तोड़ा कि स्तन कैंसर केवल वृद्धावस्था में ही हो सकता है। पिछले दो दशकों में 30 से 40 वर्ष की आयु वाली महिलाओं में इस बीमारी से ग्रसित होने का प्रतिशत दोगुने से अधिक हो गया है। हाल के दिनों में प्रत्येक वर्ष स्तन कैंसर से पीड़ित लगभग 50 फीसद महिलाओं की आयु 50 वर्ष से कम है।

समय पर निदान के महत्व के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए, डॉ. ज्योति ने आगे कहा, हमारे देश में स्तन कैंसर की घटना कम से कम एक दशक पहले की है, जो अब अधिक आक्रामक हो चुकी है और जागरूकता की कमी के साथ-साथ शुरुआती पहचान के प्रति सक्रिय रवैये की कमी हमारे देश में उच्च कैंसर मृत्यु दर के पीछे प्रमुख कारक हैं। यहां तक कि शहरी क्षेत्रों में भी, महिलाएं अपने स्तन की नियमित स्क्रीनिंग और जांच नहीं करवाती हैं, जो कि आरंभिक अवस्था में ही किसी भी चिंताजनक संकेत या स्थिति का पता लगाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। स्तन कैंसर की उच्च घटनाओं के बावजूद, पश्चिमी देश इसका शुरुआती चरण पता लगाकर स्तन कैंसर से होने वाली मौतों को कम करने में सक्षम हैं। चूंकि अक्टूबर को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, युवा महिलाओं में नियमित स्व-स्तन जांच के संदेश को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण है। 40 वर्ष से अधिक आयु वाली महिलाओं के लिए शुरुआती चरण में पता लगाने के लिए वार्षिक मैमोग्राम कैंसर के खिलाफ सबसे अच्छा बचाव है। आज उन्नत तकनीकों जैसे कि वैक्यूम-असिस्टेड ब्रेस्ट बायोप्सी स्तन में छोटे सी विक्षति की भी सैंपलिंग करने में मदद करती है, जिस से अत्यधिक सटीक निदान प्रदान होता है।

### वैक्यूम-असिस्टेड ब्रेस्ट बायोप्सी है एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया

स्तन में गांठ का पता चलने पर महिलाएं अक्सर चिंतित महसूस करती हैं, भले ही वे बिना कैंसर वाली या मामूली विक्षति वाली हों। कम आयु वाली महिलाओं (15-35 वर्ष) में, बिना कैंसर वाली गांठ फाइब्रोएडीनोमा होना बहुत आम बात हैं। लगभग 50 फीसद स्तन बायोप्सी में फाइब्रोएडीनोमा पाया जाता है, और 20 वर्ष से कम आयु वाली महिलाओं में की जाने वाली बायोप्सी के लिए यह दर 75 फीसद तक बढ़ जाती है। फाइब्रोएडीनोमा दृढ़, चिकना, रबड़ जैसा या कठोर महसूस हो सकता है और इसका एक निश्चित आकार होता है।

# दाखिला के लिए 3459 निजी स्कूलों ने बताई अब तक 98952 खाली सीटें

## हरियाणा प्रदेश में पांच हजार से अधिक निजी विद्यालयों ने नहीं दी रिक्त सीटों की कोई सूचना

### रिक्त सीटों की सूचना न देने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करें शिक्षा निदेशालयः परमार

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

प्रदेश भर के निजी स्कूलों में नियम 134ए के तहत गरीब बच्चों के मुफ्त दाखिला देने में प्राइवेट स्कूल हिचक रहे हैं। यही वजह है कि अब तक प्रदेश भर के 3459 निजी स्कूलों ने 98952 खाली सीटें दर्शायी हैं। जबकि पांच हजार से अधिक निजी विद्यालयों ने नियम 134ए के दाखिला के लिए खाली सीटों से जुड़ी कोई जानकारी शिक्षा निदेशालय को नहीं दी है। 18 से 22 अक्टूबर तक प्रदेशभर के निजी स्कूलों द्वारा दर्शायी गई खाली सीटों की वैरिफिकेशन की जानी है, मगर अभी तक आधे से भी कम निजी विद्यालयों सूचना विभाग के पास आई है। स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बृजपाल



सिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भर के 8600 निजी स्कूलों में करीब ढाई लाख गरीब बच्चों के दाखिला के लिए कक्षा दूसरी से बारहवीं तक सीटें खाली पड़ी हैं, मगर निजी विद्यालय गरीब बच्चों को दाखिला देना तो दूर शिक्षा विभाग को सही सूचना तक नहीं दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षा निदेशालय से खाली सीटों की सूचना नहीं देने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ हरियाणा शिक्षा नियमावली 2003 व संशोधित नियमावली 2013 के तहत मान्यता रद्द किए जाने की कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

परमार ने बताया कि सोमवार से खाली सीटों की शिक्षा विभाग वेरिफिकेशन करने जा रहा हैं, मगर अभी तक सभी निजी स्कूलों ने वैकेंसी तक नहीं दर्शायी हैं। जिससे गरीब बच्चों की मुफ्त शिक्षा के अधिकार का भी हनन हो रहा है। 24 अक्टूबर से 7 नवंबर तक दाखिला के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने हैं। 11 नवंबर को पात्र गरीब बच्चों की सूची तैयार किए जाने और 14 नवंबर को असेसमेंट टेस्ट का शेड्यूल निर्धारित है। 19 नवंबर तक रिजल्ट तैयार होगा और 24 नवंबर को पहला दाखिला ड्रा निकाला जाएगा। जिसके बाद 26 नवंबर से 8 दिसंबर तक दाखिले होने हैं।

# सिंघु बॉर्डर लखवीर हत्याकांड में तीन और आरोपी लिए रिमांड पर

## आरोपियों को न्यायालय में पेशकर पुलिस ने मांगी थी चौदह दिन की रिमांड

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

थाना कुण्डली पुलिस ने सिंघु बॉर्डर पर धरने के नजदीक हुई हत्या की घटना में शामिल तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी भगवंत सिंह निवासी सुन्दरपुर जिला शाहजापुर उत्तर प्रदेश हाल डेरा फतेहगढ़ साहिब पंजाब, गोविन्द प्रीत सिंह निवासी न्यू भोपाल जालंधर हाल डेरा फतेहगढ़ साहिब पंजाब व नारायण सिंह निवासी रख देवीदासपुरा अमरपुर पंजाब के रहने वाले हैं। आरोपियों को आज न्यायालय में पेशकर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 15 अक्टूबर 2021 को थाना कुण्डली पुलिस को सूचना मिली थी कि सिंघु बॉर्डर पर धरने के नजदीक निहंगों ने



किसी व्यक्ति को बांधकर बैरीकेड पर लटका रखा है और उसका हाथ व पैर कटा हुआ है।

सूचना पर पुलिस वहां पहुंची, तब तक व्यक्ति मर चुका था। कुछ व्यक्ति वहां खड़े हुए थे। पुलिस ने शव को ले जाने का प्रयास किया तो उन्होंने विरोध किया था, लेकिन पुलिस द्वारा बातचीत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल सोनीपत में लाया गया था। डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। जांच टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्यों को लिया गया। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना कुण्डली में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान लखबीर सिंह निवासी चिमा खुर्द जिला तरनतारन पंजाब के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम करवाने के उपरान्त शव को परिजनों के हवाले किया गया था। अनुसंधान टीम द्वारा घटना में शामिल आरोपी सरबजीत सिंह निवासी विटवाह जिला गुरदासपुर पंजाब को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ करने पर अपने किये अपराध की स्वीकारोक्ति की गई थी। आरोपी को न्यायालय में पेशकर सात दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था। रिमाण्ड के दौरान अनुसंधान टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल तीन और आरोपियों भगवन्त सिंह, गोविन्द प्रीत सिंह व नारायण सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को आज न्यायालय में पेशकर छह दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। शीघ्र ही घटना में शामिल आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# ऐलनाबाद में आज से शुरू होंगी भाजपा की रैलियां

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

ऐलनाबाद उपचुनाव का प्रचार अब धीरे-धीरे तेजी पकड़ रहा है। विपक्षी राजनीतिक जहां अभी पूरी तरह से बिखरे हुए हैं वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी गठबंधन सोमवार से प्रचार अभियान को नया मोड़ देने जा रहा है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ तथा जननायक जनता पार्टी के अध्यक्ष निशान सिंह सोमवार को यहां पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करने जा रहे हैं। इससे पहले दोनों राजनीतिक दलों के प्रदेशाध्यक्ष पार्टी प्रत्याशी गोविंद कांडा के नामांकन के समय ही यहां आए थे। ऐलनाबाद का चुनावी माहौल अब धीरे-धीरे बदल रहा है। विपक्षी राजनीतिक दल कांग्रेस जहां पूरी तरह से गुटबाजी का शिकार है और कांग्रेस का प्रत्याशी अलग-थलग पड़ गया है, वहीं ऐलनाबाद हलके के लोग इनेलो प्रत्याशी से जब विकास कार्यों का हिसाब मांग रहे हैं तो उसके पास बताने के लिए कुछ नहीं है।

इसके उलट विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा प्रत्याशी गोविंद कांडा अब तक करीब 35 गांवों में जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा सरकार के मंत्रियों के चुनावी रण में उतरने से पहले उनके लिए मैदान तैयार करने हेतु भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ सोमवार से ऐलनाबाद में आ रहे हैं।

धनखड़ ऐलनाबाद के गांव कागदाना में पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ सहयोगी पार्टी जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह भी होंगे। इसके अलावा भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला, सिरसा की सांसद सुनीता दुग्गल, जजपा के वरिष्ठ नेता दिग्विजय चौटाला भी इस रैली में मौजूद रहेंगे।ऐलनाबाद के चुनावी रण में भाजपा जिस माइक्रो मैनेजमेंट के माध्यम से काम कर रही है, उसमें सोमवार का आयोजन अहम भूमिका निभाएगा, क्योंकि ओम प्रकाश धनखड़ तथा निशान सिंह यहां संयुक्त दौरा करके इलाका निवासियों को भाजपा के समर्थन में लामबंद करेंगे। धनखड़ तथा निशान सिंह के दौरे को 20 अक्टूबर के बाद शुरू होने वाले मुख्यमंत्री के दौरे के साथ जोड़कर देखा जा रहा है।

### संगठन को धार देने के बाद अब ऐलनाबाद में झोंका

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने हरियाणा में न केवल 40 साल बाद पहली बार प्रदेश परिषद की बैठक का आयोजन किया है बल्कि इतने बड़े स्तर पर संगठन को खड़ा करने वाले भी धनखड़ पहले अध्यक्ष हैं। पिछले कई माह से संगठन को धार देने के बाद अब उन्होंने सोमवार से संगठन के नेताओं को ऐलनाबाद में उतार दिया है। ऐलनाबाद में संगठन के जिन नेताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जा रही है उसका बाद में रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जाएगा। जिसके आधार पर संगठन में उनकी जिम्मेदारी बढ़ाई जा सकती है।

# सिंगला को सौंपी सक्षम के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

सोनीपत। सेक्टर-14 कम्युनिटी सेंटर में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सक्षम हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष नरेंद्र बत्रा व क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्वनाथ उपस्थित हुए। इसमें सक्षम सोनीपत के नवनियुक्त इकाई व पदाधिकारियों को संस्था के उद्देश्य, नियमों व कार्यप्रणाली के बारे में बताया व पद की शपथ दिलाई गई।

सक्षम सोनीपत के जिला अध्यक्ष के तौर पर संजय सिंगला, महासचिव प्रवीण वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश माथुर, वह महिला प्रमुख शालु त्यागी व युवा प्रमुख जय वर्मा को चुना गया। इसके अलावा करीब 21 प्रकोष्ठों के जिला प्रमुख भी बनाए गए। आज के कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।



अक्षम लोगों को ट्राई साइकिल देते संस्था के पदाधिकारी।

# किसान आंदोलनकारी आज रोकेंगे रेलगाड़ी



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चो के आह्वान पर 18 अक्टूबर को पूरे देश में आंदोलन द्वारा प्रातः 10 बजे से सायंकाल चार बजे तक रेल रोकी जाएंगी, क्योंकि केन्द्र सरकार आन्दोलन के 11 महिने बाद भी किसानों की सुनवाई नहीं कर रही है। आन्दोलन के बाद भी किसानों का बाजरा, मूंग, कपास व धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की मण्डी में व्यवस्था नहीं कर रही है और रबी फसल के लिए डीएपी खाद उपलब्ध नहीं करवा रही है।

ये बातें धरने को सम्बोधित करते हुए सांगवान खाप चालीस के सचिव नरसिंह सांगवान डीपीई व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सज्जन कुमार सिंगला ने कही। उन्होंने भाजपा व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर आरोप लगाया कि वे किसान आन्दोलन को तोड़ने के लिए समाज में जात पात का जहर घोल रहे हैं। उन्होंने सिंधु बार्डर पर एक नौजवान मजदूर की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है।

### भाजपा भाईचारा तोड़ने से बाज आए : सज्जन सिंगला

गुरु ग्रन्थ साहब की पुस्तक की बेअदबी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए परे मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने व पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की है।

धरने को सम्बोधित करते हुए फोगाट खाप के उपप्रधान धर्मपाल महराना ने कहा कि 18 अक्टूबर को ढ़ाणी फोगाट दादरी, कालूवास, सुई, लोहारू तथा सिवानी में संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर रेल रोकी जाएगी। यह कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होगा।

# रक्तदान कर बचाएं लोगों की जान, इससे बड़ा नहीं है कोई दान

भिवानी। भिवानी में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले का शायद ही कोई इलाका हो, जहां डेंगू का कोई मरीज न हो। वहीं मौसम में बदलाव के बाद मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से लोगों में भय की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक जिले के विभिन्न अस्पतालों के डेंगू वार्ड मरीजों से भरे पड़े हैं। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। डेंगू के कारण मरीजों की प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रही है, जिसके लिए प्लेटलेट्स डोनरों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। लेकिन जागरूकता के अभाव कारण लोग ब्लड व प्लेटलेट्स डोनेट करने आगे नहीं आ रहे जिसके कारण डेंगू से मरनेवालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। बीते कल भिवानी मे डेंगू के सात मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ी तो रक्तवीर राजेश डुडेजा व रक्तवीर मनीष वर्मा ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभालते हुए सभी मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध करवाकर जिंदगी बचाने का काम किया। रक्तवीर बिजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, अनिरुद्ध व बिजेंद्र कुमार ने प्लेटलेट्स डोनेट कर मानवता का धर्म निभाया।

# पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति के अधिकारों से खिलवाड़ कर रही प्रदेश सरकार: राजेन्द्र

### क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

जीतू पतित पावन पाठशाला में लेबर क्रांति मोर्चा द्वारा राज्य स्तरीय एससी व बीसी समाज के लोगों की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। मीटिंग की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा महावीर जांगड़ा ने की। मीटिंग को संबोधित करते हुए लेबर क्रांति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर ने कहा कि हरियाणा सरकार पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति के अधिकारों से खिलवाड़ कर रही है। मीटिंग में मंच संचालन सुरेश सैनी ने किया।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए क्रीमीलेयर के फैसले के बाद भी अभी तक सरकार ने कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। जबकि इस फैसले को आए हुए दो महीने हो चुके हैं। भाजपा सरकार द्वारा आए दिन सरकारी नौकरियों को खत्म किया जा रहा है और प्राइवेट सैक्टर में भी कोई आरक्षण नहीं है। इससे लाखों एससी व बीसी के छात्र बेरोजगार घूम रहे हैं।



उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने सरकारी व प्राइवेट सेक्टर में जल्द ही आरक्षण नहीं दिया तो एक बहुत बड़ा आंदोलन हरियाणा में होगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे महावीर जांगड़ा ने कहा कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू हुए 28 साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक पिछड़े वर्ग की क्लास वन और क्लास टू में 27 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा नहीं मिली है, यह घोर अन्याय है और स्थानीय निकाय के चुनाव में 8 प्रतिशत का झुनझुना हरियाणा सरकार ने दिया है और उस पर भी स्टे है। उन्होंने कहा कि अगर देना है तो पूरा 27 प्रतिशत चाहिए।

उन्होंने पिछड़े वर्ग के जो जनप्रतिनिधि है, उन पर कटाक्ष किया कि वह किसी पार्टी की गुलामी ना करें और अपने समाज के हितों की आवाज उठाएं। मोर्चा के महासचिव दलबीर उमरा ने कहा कि सरकार को चाहिए कि पिछड़े वर्ग की जातीय जनगणना कराई जाए और उन्होंने कहा कि देश में दलित समाज पर अत्याचार हो रहे है, उनका डटकर मुकाबला किया जाएगा अब बर्दाश्त नहीं होंगे।

# गोदाम में टीम को छापे में मिला करोड़ों रुपये का चावल

## विभाग की टीम जुटी जांच में, बिलों की की जा रही जांच

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

चंडीगढ़ से मिली शिकायत के आधार पर खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने निसिंग स्थित एक गोदाम में छापेमार कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान टीम को करोड़ों रुपये का चावल मिला।

इतनी मात्रा में चावल को देखकर टीम हैरत में पड़ गई। चावल कहां से लाया गया? चावल को स्टॉक करने के पीछे क्या कारण है? चावल स्टॉक करने के लिए कागजी कार्यवाही पूरी की गई है या नहीं? इन सबकी जांच के लिए टीम हर पहलू की गहनता के साथ जांच कर रही है। मामले में डीएफएससी अशोक रावत ने बताया कि निसिंग के एक गोदाम में चावल का स्टॉक रखा गया है, इसकी शिकायत चंडीगढ़ से मिली थी। शिकायत के आधार विभाग की टीम का गठन कर छापा मारकर गोदाम को सील कर दिया है। चावल के बिलों की जांच की जा रही है। सोमवार तक जांच पूरी हो जाएगी। उसके बाद पूरी जानकारी बताई जा सकेगी।



फाईल फोटो

### कहीं चावल फर्जीवाड़े की तरफ तो नहीं कर रहा है इशारा ?

चावल के स्टॉक पर इसलिए सवाल उठ रहे हैं कि जिले में कई राइस मिलर्स बाहरी राज्यों से सस्ता, घटिया चावल लाकर एफसीआई को जमा करवा देते हैं। जिससे राइस मिलर्स करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाते हैं। कई राइस मिलर्स धान खरीद में फर्जीवाड़े को अंजाम देकर बाहरी राज्यों से चावल का स्टॉक जमा करना शुरू कर देते हैं। करोड़ों रुपये के चावल के स्टॉक पर कई सवाल उठ रहे हैं? जिनके जवाब डीएफएससी की जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

### हर बार राइस मिलर्स पर लगते हैं आरोप

जिले में हर साल राइस मिलर्स पर आरोप लगते हैं कि बाहरी राज्यों से घटिया क्वालिटी का चावल लाकर सरकार को लौटाते हैं। ऐसा इसलिए होता है कि मंडियों में धान खरीद में बड़े स्तर पर हेराफेरी होती है। कागजों में फर्जी धान खरीदी जाती हैं और बाहरी राज्यों से पीडीएस का चावल लाकर जमा करवाकर करोड़ों रुपये कमाए जाते हैं। इस भ्रष्टाचार में विभाग के कई अधिकारी व कई राइस मिलर्स शामिल होते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### राजतिलक के साथ रामलीला महोत्सव का समापन



थानेसर। पुराना बस स्टैण्ड स्थित शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क में श्रीरामलीला ड्रामाटिक क्लब का शुभ राजतिलक किया गया। मुख्यातिथि ने विधायक सुभाष सुधा ने श्रीराम के मस्तक पर राजतिलक किया। उनके साथ श्री अद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, बीकानेर मिष्ठान भण्डार से मोहन लाल, डा. मनु तनेजा नेत्र विशेषज्ञ जिला अस्पताल सहारनपुर, डा. अनुराग कौशल श्रीबाला आरोग्यम अस्पताल, राजतिलक से पूर्व राम-भरत मिलाप का मंचन किया गया। 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे श्रीराम-लक्ष्मण सीता का भव्य स्वागत किया गया। मुख्यातिथि मोहन लाल ने कहा कि राम के जीवन से सीख मिलती है। राम की भूमिका में भारत तनेजा, सीता की भूमिका विकास कश्यप, लक्ष्मण की भूमिका में पवन धीमान, हनुमान की भूमिका मुकेश अरोड़ा, भरत की भूमिका में महेन्द्र ठाकुर, शत्रुघ्न की भूमिका राहुल आनंद, गुरु वशिष्ठ की भूमिका कृष्ण लाल वधवा ने निभाई।

### टीकाकरण के पश्चात इम्यूनिटी होती मजबूत : नरेश सैनी



कुरुक्षेत्र। सिंह सभा गुरुद्वारा में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवानिवृत मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी मुख्यातिथि के रूप में पधारे जबकि बाबा गुरविंद्र सिंह ने अध्यक्षता की। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि प्रेरणा समिति हरियाणा पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही हैं और आज उन द्वारा यह तीसरा टीकाकरण अभियान है। जिसका लक्ष्य जन जन तक टीकाकरण का लाभ पहुंचाना है। मुख्यातिथि नरेश सैनी ने शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि सभी नागरिकों को दोनों टीके अवश्य लगवाने चाहिए क्योंकि टीका लगाने के पश्चात मानव की इम्यूनिटी स्ट्रांग हो जाती है। डॉ. शैलेन्द्र के नेतृत्व में टीकाकरण के लिए एक दल ने पीपली और आसपास से आए लोगों को टीके लगाए। इस अवसर पर प्रियंका वर्मा, अनुराधा, कर्म चंद, अशोक, सीता आदि उपस्थित रहे।

### बाबा आज थानै आणो है...भजन पर झूमे श्याम भक्त




कुरुक्षेत्र। खाटूश्यामजी के प्रचार-प्रसार को समर्पित संस्था खाटूश्याम परिवार ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित द्रौपदी कूप श्रीश्याम मंदिर में 327वां श्रीश्याम एकादशी संकीर्तन किया गया। प्रधान जयपाल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के पूजन में सभी सदस्यों व भंडारा आयोजक ममता शर्मा व नीतू शर्मा परिवार ने भाग लिया। गणेश वंदना से आरंभ हुए इस संकीर्तन में गायक श्रवणराज शाहाबाद मारकण्डा ने श्यामजी के मधुर भजनों से समां बांधा इनमें विनती सुन लो सांवरे दुखिया गरीब की..., सांवरे आ के मिल जा के जी ना लगे..., कीर्तन की है रात बाबा आज थानै आणो है..., लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण में तुम्हारी..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया...और श्याम तेरी शरण के बाद मुझे न कुछ और चाहिए...इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे। श्रीश्याम आरती में जयपाल शर्मा, शिवकुमार कौशिक, मोहिंदर पाल गर्ग, वाचस्पति भारद्वाज, शालीन अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ खुशबीर शर्मा, सुनील अंगीरस, रविंदर शर्मा, अंशुल गुप्ता, संजय शर्मा, राजिंदर सिंगला, संजीव मित्तल, संदीप राणा, बंटी राजावत व सुखदेव शर्मा सहित महिलाएं भी शामिल रहे।

### रविवार को मिला जिला में 01 नया पॉजिटिव केस

सोनीपत। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि जिला में रविवार को सायंकाल तक जिला में एक कोरोना का नया केस मिला है। जिससे अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 47469 हो गया है। उपायुक्त ने यह जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दी। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब तक कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 254 है। उन्होंने बताया कि अब तक जिला में 47 हजार 214 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। अब जिला में एक कोरोना पॉजिटिव मरीज बचा है।

# समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने से ही समाज आगे बढ़ेगा



एनसीआर क्षत्रिय कल्याण महासभा की बैठक में मौजूद समाज के बंधु।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

रोहिल्ला टाक एनसीआर क्षत्रिय कल्याण महासभा की एक बैठक रविवार को जवाहर नगर स्थित संत नामदेव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें दिल्ली एनसीआर सहित हरियाणा, यूपी, राजस्थान के समाज बंधुओं ने भाग लिया। बैठक में मंच संचालन निरंजन रोहिल्ला ने किया। बैठक में दूरदराज से आये समाजबंधुओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने व रोहिल्ला समाज को नेशनल लेवल पर पहचान बनाने के लिए सभी ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हर क्षेत्र में अनेकों संगठन, सभाएं बनी हुई हैं। जो अपने-अपने स्तर पर समाज की उन्नति के लिए कार्य कर रहे है। सभी सभाओं व संस्थाओं ने मिलकर एक ऐसा मंच बनाना चाहिए, जो पूरे भारत में रोहिल्ला समाज के लिए काम करे। वक्ताओं ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना ही बैठक का मुख्य उद्देश्य है। दहेज प्रथा एक बुराई है इसके अलावा मृत्यु भोज पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। रोहिल्ला समाज ने इन बुराइयों को खत्म करते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा की तरफ ध्यान देना चाहिए, ताकि समाज का उद्धार और उत्थान हो सके।

# केरल के ऊंचे इलाकों में मूसलाधार बारिश के एक दिन बाद हृदयविदारक नजारे सामने आए

एजेंसी। कूटीकल (केरल)

**पश्चिमी** घाट पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित एक बस्ती में रविवार की सुबह रोती-बिलखती एक बुजुर्ग महिला को बारिश के पानी से लबालब सड़कों पर एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के पास जाकर मदद मांगते देखा जा सकता है। फटी-सी साड़ी पहने महिला ने जोर-जोर से रोते और इधर-उधर भागते हुए कहा, मैंने सब कुछ खो दिया है ... अपना सब कुछ... मैं कहा जाऊं? ... मुझे कौन आश्रय देगा?

शनिवार को अचानक हुई मूसलाधार बारिश ने गांव के लोगों को झकझोर कर रख दिया। बारिश में बुजुर्ग महिला की जीवन भर की कमाई का एक-एक पैसा बह गया और वह अचानक बेघर हो गई। महिला ने पत्रकारों से कहा, 'मैंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन सर से कूरा (झोपड़ी) बनाने के लिए दो सेंट जमीन देने की गुहार लगाई है। मेरे पास कोई चारा नहीं है। मेरी बेटियों के घर भी जलमग्न हो गए हैं। अब मैं ठिकाने की तलाश में गिरजाघर जा रही हूं। केरल के कोट्टायम जिले में स्थित कूटीकल में कई असहाय परिवारों की कहानी भी ऐसी ही है, जो शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए सिलसिलेवार भूस्खलन के कारण गंभीर संकट का शिकार हुए हैं और कई लोगों की जान तक जा चुकी है।









## 'केंद्र सरकार केरल के लोगों को हर संभव सहायता मुहैया कराएगी'

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित केरल के लोगों को हर संभव सहायता मुहैया कराएगा। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि सरकार भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर केरल के कुछ हिस्सों की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। शाह ने कहा, केंद्र सरकार जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हर संभव सहायता मुहैया कराएगी। एनडीआरएफ की टीम पहले ही बचाव अभियान में मदद के लिए भेजी जा चुकी है। सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने तलाश, बचाव एवं राहत अभियान के लिए राज्य में 11 टीमों को तैनात किया है। भारी बारिश और भूस्खलन से मरनेवालों की संख्या रविवार को बढ़कर आठ हो गई।

# निवेशकों और उद्योग के हितधारकों के लिए भारत में काफी अवसरः निर्मला

योषिता सिंह। न्यूयॉर्क

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है, जिससे भारत में सभी निवेशकों तथा उद्योग के हितधारकों के लिए काफी अवसर हैं। सीतारमण ने शनिवार को उद्योग मंडल फिक्की तथा अमेरिका-भारत रणनीतिक मंच द्वारा आयोजित गोलमेज में वैश्विक उद्योग जगत के दिग्गजों तथा निवेशकों से कहा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के पुन:नियोजन तथा भारत के स्पष्ट रुख अपनाने वाले नेतृत्व की वजह से सभी निवेशकों तथा उद्योग के हितधारकों के लिए हमारे देश में काफी अवसर हैं।

सीतारमण वाशिंगटन डीसी की अपनी यात्रा के बाद शुक्रवार की देर रात यहां पहुंचीं। वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्ट-अप कंपनियां काफी तेजी से बढ़ी हैं और अब इनमें से कई पूंजी बाजार से धन जुटा रही हैं। इस साल ही करीब 16 स्टार्ट-अप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हुई हैं।

यूनिकॉर्न से आशय एक अरब डॉलर से अधिक के मूल्यांकन से है। वित्तमंत्री ने कहा, भारत ने चुनौतीपूर्ण समय में भी डिजिटलीकरण का पूरा लाभ उठाया है। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर सीतारमण के हवाले से कहा कि वित्तीय क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की वजह से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सीतारमण ने शनिवार को यहां मास्टरकार्ड के कार्यकारी चेयरमैन अजय बंगा और मास्टरकार्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माइकल मीबैक, फेडेक्स कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) राज सुब्रमण्यम, सिटी की सीईओ जेन फ्रेजर और आईबीएम के चेयरमैन एवं सीईओ अरविंद कृष्णा, प्रूडेंशियल फाइनेंस इंक के अंतरराष्ट्रीय कारोबार प्रमुख स्कॉट स्लीस्टर और लेगाटम के मुख्य निवेश अधिकारी फिलिप वासिलियो से भी मुलाकात की।



## भारत अपने सतत सुधारों की वजह से मजबूत राह परः बंगा

बंगा ने इस बैठक के बाद कहा कि भारत अपने सतत सुधारों की वजह से मजबूत राह पर है। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से काफी प्रभावित हूं। मीबैक ने कहा कि मास्टरकार्ड भारत में निवेश करना जारी रखेगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सुब्रमण्यम के साथ वित्तमंत्री की बैठक में हाल ही में शुरू की गई पहल राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टर प्लान गति शक्ति और भारत के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र और तेजी से आगे बढ़ रही स्टार्ट-अप कंपनियों पर चर्चा हुई। सुब्रमण्यम ने कहा, भारत में फेडएक्स का कारोबार काफी तेजी से बढ़ रहा है। भारत को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। यह तथ्य कि हमारे पास वैश्विक हवाई नेटवर्क है, सिर्फ इस वजह से हम भारत में जरूरत होने पर कोविड-19 से संबंधित सामग्री पहुंचा सकते हैं।

## 'भारत ने जो डिजिटलीकरण किया है वह वास्तव में प्रभावशाली है'

फ्रेजर ने कहा कि सिटी का भारत में काफी गौरवशाली और मजबूत इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा को लेकर चिंता है, लेकिन यह स्थिति पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि भारत ने जो डिजिटलीकरण किया है वह वास्तव में प्रभावशाली है। उन्होंने कहा, भारत डिजिटल व्यापार और डिजिटल सेवाओं का एक प्रमुख केंद्र होगा। वित्तमंत्री ने स्लीस्टर के साथ बैठक में पूंजी बांड बाजार में सुधार, निवेशक चार्टर और अन्य उपायों पर बातचीत की। लेगाटम के वासिलियो के साथ वित्तमंत्री की बैठक में मजबूत संरचनात्मक वृद्धि तथा कंपनी के भारत में निवेश पर चर्चा हुई।

फिर महंगा हुआ पेट्रोल और डीजल

# वाहन ईंधन के दाम एटीएफ से 30 प्रतिशत ज्यादा हुए

एजेंसी। नई दिल्ली

**वाहन** ईंधन कीमतों में रविवार को फिर बढ़ोतरी हुई। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 35-35 पैसे प्रति लीटर और बढ़ाए गए हैं। इससे अब वाहन ईंधन के दाम विमान ईंधन (एटीएफ) से एक-तिहाई ज्यादा हो गए हैं। साथ ही देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम अब नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार चौथे दिन 35 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों द्वारा जारी मूल्य अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में 35 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। दिल्ली में अब पेट्रोल 105.84 रुपये प्रति लीटर के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में यह अब 111.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में डीजल 102.52 रुपये प्रति लीटर और दिल्ली में 94.57 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। इस बढ़ोतरी के साथ सभी राज्यों की राजधानियों में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार निकल गया है। वहीं करीब एक दर्जन राज्यों में डीजल शतक को पार कर गया है। अब बेंगलुरु, दमन और सिलवासा में डीजल 100 रुपये प्रति लीटर के पार



हो गया है। इससे अब पेट्रोल का दाम एटीएफ से 33 प्रतिशत अधिक हो गया है। दिल्ली में एटीएफ 79,020.16 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 79 रुपये प्रति लीटर है। राजस्थान के गंगानगर में पेट्रोल 117.86 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहां डीजल 105.95 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सितंबर के आखिरी सप्ताह में वाहन ईंधन कीमतों में तीन सप्ताह के बाद संशोधन का सिलसिला फिर शुरू हुआ था। उसके बाद से यह पेट्रोल में 16वीं वृद्धि है। वहीं इस दौरान डीजल के दाम 19 बार बढ़ाए गए हैं।

देश के ज्यादातर हिस्सों में पेट्रोल पहले ही 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुका है। वहीं करीब एक दर्जन राज्यों और संघ शासित प्रदेशों....मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, केरल, कर्नाटक और लद्दाख में डीजल शतक को पार कर चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थानः पूर्व मंत्री मदेरणा का निधन

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता महिपाल मदेरणा का रविवार को निधन हो गया। कांग्रेस नेता का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव चाडी, जोधपुर में किया जाएगा। नर्स भंवरीदेवी अपहरण व हत्या मामले में मदेरणा हाल ही में जमानत पर बाहर आए थे उनका कैंसर का इलाज चल रहा था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य नेताओं ने मदेरणा के निधन पर शोक जताया है। गहलोत ने शोक जताते हुए ट्वीट किया, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे महिपाल मदेरणा के निधन पर मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोकाकुल परिवारजनों को यह आघात सहने की शक्ति दें तथा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। भंवरीदेवी जोधपुर में सरकारी नर्स थी। मदेरणा व पूर्व विधायक मलखान सिंह का उसके साथ कथित तौर पर अवैध संबंध था। साल 2011 में भंवरी देवी की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। सीबीआई ने मदेरणा को गिरफ्तार किया था और लंबी न्यायिक हिरासत के बाद वह उपचार के लिए जमानत पर थे। उनकी बेटी दिव्या मदेरणा अभी ओसियां सीट से विधायक हैं।

### कोविड रोधी टीका लगवाएं और टीवी सेट, मोबाइल फोन जीते

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में एक व्यापक टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें टीका लगवाने वाले लोगों को टेलीविजन सेट, मोबाइल फोन और कंबल जीतने का मौका मिलेगा। टीकाकरण की दर बढ़ाने के लिए इंफाल वेस्ट जिला प्रशासन ने व्यापक टीकाकरण शिविर सह ड्रॉ. कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम का नाम टीके की खुराक लें और पुरस्कार पाएं रखा गया है। इसका आयोजन जिले के तीन केंद्रों पर 24 और 31 अक्टूबर तथा सात नवंबर को किया जाएगा। इंफाल वेस्ट जिले के उपायुक्त टी किरण कुमार की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया कि इन केंद्रों पर टीके की खुराक लेने वालों को ड्रॉ (लॉटरी) में हिस्सा लेने और पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में टेलीविजन सेट, द्वितीय पुरस्कार मोबाइल फोन और तृतीय पुरस्कार कंबल दिया जाएगा। वहीं 10 अन्य सांत्वना पुरस्कारों की भी घोषणा की गई है। मणिपुर के सभी 16 जिले में इंफाल वेस्ट सबसे ज्यादा आबादी वाला जिला है।

### तेलंगाना में ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से चार की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना मुडीगोंडा मंडल में शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे उस समय हुई, जब श्रद्धालुओं का एक समूह देवी दुर्गा की मूर्ति को नदी में विसर्जित करने जा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में दुर्घटना के समय भारी बारिश हो रही थी। ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रैक्टर के चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर-ट्रॉली फिसल गई और चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे धान के खेत में पलट गया। एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य मामूली रूप से घायल हो गए, जिन्हें निकट के अस्पताल में भेजा गया। देवी की मूर्ति दूसरे ट्रैक्टर में रखी थी।

### बैड बैंक के बोर्ड में जल्द और निदेशक शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एनएआरसीएल) या बैड बैंक जल्द ही शेयरधारकों के उचित प्रतिनिधित्व और बेहतर कॉरपोरेट प्रशासन के लिए बोर्ड में और निदेशकों को शामिल करेगा। सूत्रों ने बताया कि निजी क्षेत्र के बैंकों की तरफ से शेयरधारकों का 49 प्रतिशत प्रतिनिधित्व होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में 6,000 करोड़ रुपये की एनएआरसीएल को लाइसेंस दिया था, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्रों ने कहा कि निजी क्षेत्र के बैंकों की ओर से शेयरधारकों का 49 प्रतिशत प्रतिनिधित्व होगा। रिजर्व बैंक ने एनएआरसीएल से जल्द ही पूर्ण बोर्ड का ब्योरा देने को कहा है। बैड बैंक की स्थापना का काम संभालने वाले भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने एनएआरसीएल के लिए एक प्रारंभिक बोर्ड को चुना है।

# पिछली सरकारों की फितरत ही दंगा थी: योगी आदित्यनाथ

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पूर्ववर्ती गैर भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों की फितरत ही दंगा थी और वे दंगाइयों को प्रश्रय देकर आगे बढ़ाते थे।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को यहां पंचायत भवन में भाजपा पिछड़ा मोर्चा द्वारा आयोजित सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा में विश्वास करती है और इसका मूल मंत्र सबके सुख की कामना, सबके आरोग्य की कामना है और इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास का मंत्र दिया। 2014 से पहले प्रदेश में शासन करने वालों का नारा था-सबका साथ लेकिन परिवार का विकास।

योगी ने कहा कि उन्हें (विपक्ष को) स्वयं और स्वयं के परिवार के अलावा समाज और राष्ट्र के बारे में कोई चिंता थी ही नहीं, यही कारण रहा कि प्रदेश पिछड़ता गया, बदहाली होती गई और दंगों की आग में प्रदेश झोंक दिया गया।

## हैती में अमेरिका के 17 मिशनरियों का अपहरण

**सैन जुआन ( अमेरिका )।** अमेरिका के बच्चों समेत 17 मिशनरियों के एक समूह का शनिवार को हैती में अपहरण कर लिया गया। इस घटना की जानकारी रखने वाले एक संगठन द्वारा विभिन्न धार्मिक मिशनों को भेजे संदेश से यह पता चला है। ओहायो स्थित क्रिश्चियन एड मिनिस्ट्रीज के एक संदेश के अनुसार, अपहरण तब किया गया जब मिशनरी एक अनाथालय से अपने घर लौट रहे थे। संदेश में कहा गया है कि मिशन के फील्ड निदेशक अमेरिकी दूतावास के साथ काम कर रहे हैं और उनका परिवार तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को छोड़कर अनाथालय आने वाले

# यूपी को योगी सरकार नहीं, योग्य सरकार चाहिए: अखिलेश

एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश को योग्य सरकार चाहिए, योगी सरकार नहीं। सपा मुख्यालय में रविवार को यादव ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरएस कुशवाहा, कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेता हरिकिशोर तिवारी, मुजफ्फरनगर के पूर्व सांसद कादिर राणा और उनके



समर्थकों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई काम नहीं है, भाजपा सरकार सिर्फ नाम बदलना, रंग बदलना, नेम प्लेट बदलवाना, स्टूल पर बिठाना, होर्डिंग लगवाना, गंगा जल छिड़कवाना, कार पलटवाना, फोटो हटवाना, गड्ढों की जगह जेब भरना जानती है।

यादव ने कहा, ये मिलावट वाले, झूठ बोलने वाले, धुआं उड़ाने वाले और टायर चढ़ाने वाले लोग हैं और जनता इनसे बहुत नाराज है, प्रदेश को योग्य सरकार चाहिए, योगी सरकार नहीं।

# बहुसंख्यकवादी राजनीति के दबाव में है कांग्रेस, उसे वैचारिक स्तर पर साहस दिखाना होगा: अपूर्वानंद

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** पिछले कुछ वर्षों से नेतृत्व और संगठन के स्तर पर संकट से घिरी है। पार्टी में अगले साल संगठनात्मक चुनाव होने हैं लेकिन पार्टी के भीतर ही एक धड़ा नेतृत्व पर सवाल खड़े कर रहा है। देश की सबसे पुरानी पार्टी की मौजूदा स्थिति को लेकर जानमाने राजनीतिक टिप्पणीकार प्रोफेसर अपूर्वानंद से पेश है भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब:

***सवाल: कांग्रेस की मौजूदा स्थिति और उसमें नेतृत्व के संकट को लेकर आप क्या कहेंगे?***

**जवाब:** कांग्रेस एक अभूतपूर्व स्थिति का सामना कर रही है। इन दिनों अधिकतर राजनीतिक दल बहुसंख्यकवादी राजनीति के दबाव में हैं। उनको बार-बार यह साबित करना पड़ता है कि वो हिंदूवादी हैं। कोई भी दल खुद को धर्मनिरपेक्ष नहीं कहना चाहता। कांग्रेस भी इस राजनीतिक माहौल में काम कर रही है। वह भी एक गहरे राजनीतिक दबाव में है। उसके भीतर इसको लेकर एक संघर्ष चल रहा है।

***सवाल: कांग्रेस खुद से जुड़े फैसलों और विचारधारा के स्तर पर भी एक असमंजस की स्थिति में क्यों नजर आ रही है?***

**जवाब:** कांग्रेस के सामने एक दुविधा है जो दूसरों दलों में नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा समाज के सभी तबकों को साथ रखने का प्रयास किया है, लेकिन दूसरे दल किसी एक तबके की तरफ से बोलते हैं। चाहे वामपंथी दल ही क्यों न हों। वो भी जब वर्ग की बात कर करते हैं तो कुछ लोगों को अलग रखते हैं। भाजपा भी कुछ लोगों को अलग रखती है। सामाजिक न्याय की बात करने वाले दलों ने बड़े हिस्से को अपने से बाहर रखा, लेकिन कांग्रेस किसी हिस्से को बाहर नहीं रख सकती। यही वजह है कि कांग्रेस इस ऊहापोह में रहती है कि वह कैसे सबको आपने साथ रखे। यही नहीं, पिछले कुछ वर्षों में यह राजनीतिक भाषा विकसित हुई है कि या तो आप मेरे साथ हो, या मेरे खिलाफ हो। यह भी कांग्रेस के लिए दिक्कत है क्योंकि वह सामूहिकता की बात करती है। ऐसे में उसका मध्यमार्गी विचाराधारा की पार्टी होना भी उसके लिए दिक्कत पैदा कर है।

***सवाल: कांग्रेस की बहुसंख्यक समाज में स्वीकार्यता कम क्यों हुई और उससे क्या गलतियां हुईं?***

**जवाब:** कांग्रेस की सबसे बड़ी गलती यह थी कि पिछले कुछ दशकों में वह सत्ता की पार्टी बनकर रह गई। ऐसे में वह विचार और विचारधारा के प्रति लापरवाह हो गई। नेहरू के समय तक पार्टी में धर्मनिरपेक्षता और दूसरे सिद्धांतों को लेकर प्रतिबद्धता थी। बाद में उसको लेकर लापरवाही दिखी। फिर कांग्रेस



समझौते करने लगी और त्वरित राजनीतिक लाभ की सोच के साथ समझौते करने लगी। यह पहले शाह बानो और फिर राम मंदिर का ताला खुलवाने के फैसलों में देखने को मिला। इसके साथ ही, कांग्रेस ने बदलते राजनीतिक परिवेश के हिसाब से कदम नहीं उठाए। कई वर्गों को हिस्सेदारी या राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं दिया। वह कई वर्गों की राजनीतिक अकांक्षाओं को नहीं समझ पाई। वहीं पर कांग्रेस पिछड़ गई।

***सवाल: कांग्रेस में अब तो गांधी परिवार के खिलाफ आवाज उठने लगी हैं। क्या पार्टी अतीत में भी ऐसे बुरे दौर से गुजरी है?***

**जवाब:** इन दिनों जिस जी-23 समूह की चर्चा हो रही है उसके वैचारिक रुख को लेकर मुझे जानकारी नहीं हैं। अब तक उन्होंने यह नहीं बताया कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए उनके पास कोई ब्लूप्रिंट (खाका) है या नहीं। ऐसा लगता है कि यह सब पर्दे के पीछे का राजनीतिक दांवपेंच भर है। इन नेताओं में ज्यादातर जननेता नहीं हैं। अतीत में कांग्रेस कई बार संकटों से घिरी है। 1960 के दशक में पहली बार संकट में आई और कई राज्यों में कांग्रेस विरोधी सरकारें बनी, कांग्रेस में विभाजन तक हो गया था। उस वक्त इंदिरा गांधी कांग्रेस को संभाल ले गईं। इसके बाद 1971 में शरणार्थियों के मुद्दे, 1976 में जेपी आंदोलन और 1977 में चुनावी हार के बाद कांग्रेस संकट से घिरी। 1980 में उबरी और सत्ता में आई। मैं कह सकता हूं कि 1980 के बाद कांग्रेस लगातार कहीं न कहीं संकट में रही है। उसका एक कारण यह भी रहा है कि पार्टी में ऐसे लोग हावी हो गए जो वैचारिक न होकर रणनीतिक थे। राजीव गांधी के समय यह आरंभ हुआ। यह बिल्कुल नया दौर है। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं, ऐसे में कांग्रेस के लिए यह सबसे चुनौतीपूर्ण समय है। अब पार्टी का फिर से खड़ा होना पहले के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होगा।

***सवाल: ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल के राष्ट्रीय विकल्प बनने के प्रयासों के बीच कांग्रेस का मौजूदा संकट से उबर पाना कितना चुनौतीपूर्ण होगा?***

**जवाब:** हर पार्टी का काम करने का एक तरीका होता है। यह उथल-पुथल कांग्रेस में चलेगी। उसे राजनीतिक वातावरण की मदद भी नहीं मिल रही है। अगर कांग्रेस के लोग ईमानदारी से लड़ें तो कुछ हो सकता है। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को पूरा अधिकार है कि वो पूरे देश में अपना प्रसार करें। कांग्रेस को यह देखना पड़ेगा कि वह इन सबके बीच अपने आप कैसे मजबूत बनाती है। कांग्रेस को विचारधारा के स्तर पर यह साहस पैदा करना होगा कि वह अपने मुख्य मतदाता वर्गों जैसे दलित और मुसलमान के बारे में खुलकर बात करे। कांग्रेस को फिर खड़ा होने के लिए ऐसा करना होगा।

# जेवर एयरपोर्ट के नीचे से गुजरेगी हाई स्पीड रेल

## अंडरग्राउंड होगा स्टेशन, मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का होगा खाका तैयार

● तीसरा स्टेशन रनवे के नीचे होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी देने की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका प्रेजेंटेशन दिया गया है।

यूपी के प्रमुख एयरपोर्ट में से एक होने की वजह से जेवर एयरपोर्ट को सड़क, रेल, मेट्रो और हाई स्पीड रेल के साथ जोड़ने की तैयारी पूरी हो गई है। इसका तीसरा स्टेशन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के नीचे होगा। बड़ी बात यह है कि हाई स्पीड रेल जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नीचे से गुजरेगी।

इसका खाका खींच लिया गया है। मतलब हाई स्पीड रेल का स्टेशन जेवर एयरपोर्ट के अंडरग्राउंड में होगा। दूसरी तरफ राज्य सरकार और प्रशासन ने एयरपोर्ट के शिलान्यास की तैयारी पूरी कर ली है। प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के कार्यालय से तिथि मिलते ही इसका शिलान्यास कराया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के तहत चारों तरफ से सड़क मार्ग से जोड़ने की पहल शुरू हो गई है।

खास बात यह है कि यमुना एक्सप्रेस वे को सीधे एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए जीरो पॉइंट से 32 किलोमीटर की दूरी पर एक इंटरचेंज बनेगा। इसके तैयार होने के बाद आगरा की तरफ से आने वाले लोग एयरपोर्ट जा सकेंगे। साथ ही जीरो पॉइंट से पांच किलोमीटर आगे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर इंटरचेंज बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। यह इंटरचेंज सेक्टर.17 के पास होगा।

एक्सप्रेसवे को एयरपोर्ट तक जोड़ने वाली सड़क लगभग 100 मीटर चौडी होगी। इसके साथ ही 60 मीटर की सर्विस रोड निर्मित की जाएगी। ग्रेटर नोएडा से आरम्भ होने वाली 130 मीटर सड़क से कार्गो ढुलाई का काम होगा। खुर्जा-बुलंदशहर मार्ग को पूर्वी दिशा से एयरपोर्ट से कनेक्ट करने की योजना बनाई गई है। यह सड़क लगभग 24 मीटर या इससे ज्यादा चौड़ी होगी। इसी तरह दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए बल्लभगढ़ तक 6 लेन का हाईवे बनाया जाएगा।

यह कुल 31 किलोमीटर लंबी सड़क होगी। इसमें 24 किलोमीटर का निर्माण हरियाणा में और 7 किलोमीटर का निर्माण गौतमबुद्ध नगर में होगा। इस लिंक रोड के भूमि अधिग्रहण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। जिला प्रशासन को भूमि अधिग्रहण करने को कहा है। जेवर एयरपोर्ट को मेट्रो से जोड़ा जाएगा।

परी चौक से जेवर तक लगभग 35 किलोमीटर लंबे रूट पर सिर्फ पांच स्टेशन बनाए जाएंगे। पहले ज्यादा स्टेशन प्रस्तावित थे। मगर ज्यादा स्टेशनों के कारण यात्रा में वक्त ज्यादा लगेगा। इसी लिए सिर्फ पांच स्टेशन बनाने पर सहमति बनी। इसी तरह परीचौक से शिवाजी स्टेडियम तक मेट्रो कनेक्टिविटी का प्लान तैयार किया जा रहा है। शिवाजी स्टेडियम की मेट्रो पहले से ही आईजीआई एयरपोर्ट से जुड़ी है। जेवर एयरपोर्ट रेलवे से भी जुड़ेगा। बोडाकी में मॉडर्न रेलवे स्टेशन निर्मित होगा। यहीं पर मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट होगा।

यह मेट्रो, बस, रेल से जुड़ेगा। इस स्टेशन के बन जाने के बाद एनसीआर के यात्रियों को अपने वाहन से दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी। वे यहीं से सीधे एयरपोर्ट या मेट्रो में जा सकेंगे। इससे सड़कों पर प्राइवेट वाहनों का दबाव कम होगा। इससे न सिर्फट्रैफिक जाम से छूटकारा मिलेगा, वरना प्रदूषण और पर्यावरण के लिएभी बेहतर होगा।

हाईस्पीड रेल की डीपीआर फाइनल हो चुकी है। दिल्ली का सराय कालेखां इसका पहला स्टेशन होगा। इसके बाद यह ट्रेन नोएडा के सेक्टर-148 में रूकेगी। इसका तीसरा स्टेशन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के नीचे होगा। मतलब जेवर एयरपोर्ट यातायात के हर विकल्प से जुड़ा रहेगा।

## बदमाशों ने डेयरी गुजरान गांव में की कई राउंड फायरिंग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित डेयरी गुजरान गांव में बीती रात को बदमाशों ने एक दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग की है। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक कार चालक की कार में गोली जा घुसी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। बदमाशों की कार सेक्टर.150 के पास पलट गई। बदमाश कार में अवैध हथियार छोडकर भाग गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। अपर पुलिस उपायुक्त विशाल पांडे ने बताया कि बीती रात को कार में सवार अज्ञात 3 अज्ञात बदमाशों ने गांव डेयरी गुजरान में एक दुकान की शटर पर अंधाधुंध फायरिंग की। वहां से गुजर रहे एक कार सवार की कार में उनकी गोली लगी। कार सवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचा। पुलिस को देख बदमाश कार में सवार होकर वहां से भाग गए।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान गिरा, महिला और बच्चे नीचे दबे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बारिश के दौरान नोएडा में बड़ा हादसा हुआ है। बारिश के दौरान नोएडा के सेक्टर 70 में स्थित बसई गांव में एक मकान पर बिजली गिर गई। बिजली गिरने के कारण मकान गिर गया। जिसमें एक महिला और बच्चा दब गया। स्थानीय लोगों की मदद से महिला और बच्चे को बाहर निकाला है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर बारिश होते समय नोएडा के फेस 3 थाना क्षेत्र में स्थित सेक्टर 70 बसई गांव में एक मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसके कारण मकान गिर गया। थाना पुलिस और डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर महिला और



बच्चे को बाहर निकाला। बच्चे को मामूली चोटें आई हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि दोनों की स्थिति ठीक है। दोनों को मामूली चोट आई है।

# बिल्डिंग से नीचे गिरकर जुड़वा भाइयों की मौत

● हादसे के बाद इलाके में गम का माहौल, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

थाना विजय नगर क्षेत्र के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड हाई राइज सोसायटी की 25 मंजिल से गिरकर दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों सगे भाई जुड़वा है और उनकी उम्र 14 साल थी।

पुलिस का कहना है कि जिस वक्त ये हादसा हुआ उस वक्त दोनों भाई फ्लैट की बालकनी में खेल रहे थे। तभी अचानक नीचे गिर गए। पुलिस ने दोनों भाइयों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



दिवंगत बच्चों का फाइल फोटो

पुलिस क्षेत्राधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि सिद्धार्थ विहार स्थित प्रत्येक ग्रेंड हाईराइज़ सोसाइटी में शिव नारायण सिंह रहते हैं ।

वह किसी काम से बाहर गए हुए थे। रात्रि में उनकी पत्नी व बेटी तथा जुड़वा पुत्र फ्लैट में थे। रात्रि में उनके जुड़वा पुत्र सत्यनारायण सिंह व सूर्य नारायण सिंह बालकनी में खेल रहे थे कि अचानक दोनों नीचे गिर गए। उनके चीखने की आवाज सुरक्षा गार्डों ने सुनी और मौके पर पहुंचे। पूरी कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहराई से जांच पड़ताल की जा रही है।

# 38 चौकी प्रभारी समेत 53 उप-निरीक्षकों के तबादले

**नोएडा।** डीसीपी फर्स्ट जोन राजेश एस ने 3 वरिष्ठ उप-निरीक्षक और 38 चौकी प्रभारियों सहित 53 उप-निरीक्षकों का तबादला किया है।

पुलिस उपायुक्त राजेश एस ने बताया कि कानून व्यवस्था को और भी ज्यादा बेहतर करने के लिए फर्स्ट जोन में 53 उप.निरीक्षकों का तबादला किया है। उप.निरीक्षक विकास यादव को चौकी प्रभारी हरौला, अनूप कुमार सिंह को चौकी प्रभारी डीएलएफ , मुनेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी बॉटनिकल गार्डन, सुंदर सिंह को चौकी प्रभारी बरौला, अरुण मलिक को चौकी प्रभारी सेक्टर-18, संदीप कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर-51, राकेश गौतम को चौकी प्रभारी अट्टा, बृजपाल सिंह को चौकी प्रभारी सदरपुर, जितेंद्र त्रिपाठी को चौकी प्रभारी सेक्टर-6, मदन सिंह को चौकी प्रभारी सलारपुर, अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर-12, 22, सुनील कुमार शर्मा को चौकी प्रभारी सेक्टर-29, कैलाश नाथ को वरिष्ठ उप.निरीक्षक थाना सेक्टर-20, राजेश को चौकी प्रभारी बनाया।

# बदमाशों से मुठभेड़ : चार लुटेरों को लगी गोली

● कई राज्यों में था आतंक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रविवार की सुबह बीटा.2 थाना पुलिस और शातिर लुटेरों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में 4 बदमाशों को पुलिस की गोली लगी है।

सभी घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। यह बदमाश काफी समय से ग्रेटर नोएडा समेत काफी शहरों और राज्यों में लोगों को लिफ्ट



देने के नाम पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने परी चौक के पास चेकिंग के दौरान स्विफ्ट गाड़ी में सवार 4 लोग आते हुए दिखाई दिए। स्विफ्ट गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस ने जब इन लोगों को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार लोगों ने गाड़ी को रोकने के बजाय गाड़ी को तेज चलाना शुरु कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने स्विफ्ट गाड़ी का चुहदपुर अंडरपास के पास घेराव कर लिया। बदमाशों ने पुलिस द्वारा अपने आपको घिरा हुआ देखकर पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें 4 बदमाशों को गोली लगी है।

विशाल पांडे ने बताया कि बदमाशों की पहचान आनंद वर्मा रेवड़ी, शिव कुमार वर्मा, बबलू वर्मा और दीपक वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भेज दिया है। यह काफी समय से ग्रेटर नोएडा समेत पूरे एनसीआर में लोगों को लिफ्ट देकर लूटपाट करते थे।

# एसआईटी की जांच में कई बड़े भ्रष्टाचार हुए उजागर

● सुपरटेक ट्विन टावर को गिराने के लिए कंपनी देगी प्रेजेंटेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सुपरटेक एमेरल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट में अवैध रूप से बने ट्विन टावर को गिराने के लिए सुपरटेक ने एक एजेंसी का सुझाव प्राधिकरण को दिया है। यह एक निजी एजेंसी है। सोमवार को यह एजेंसी सीबीआरआई के अधिकारी, उनकी तरफ से बनाई गई कमेटी और नोएडा अथॉरिटी के अफसरों के समक्ष दोनों टावर को गिराने का प्रेजेंटेशन देगी। उसके बाद तय किया जाएगा कि सुपरटेक की चुनी हुई एजेंसी दोनों टावर को ध्वस्त करने में सक्षम है या नहीं। अगर एजेंसी सक्षम नहीं पाई गई तो दूसरी एजेंसी से प्रेजेंटेशन कराया जाएगा।

एजेंसी का चयन करने के बाद डिजिटल ट्रायल समेत आगे की कवायद कर संयुक्त रिपोर्ट बनाई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार इन दोनों टावर को गिराने में आने वाले खर्च का वहन सुपरटेक बिल्डर को करना है। नोएडा प्राधिकरण की देखरेख में सिर्फ3 महीने में इन टावर को गिराया जाना है। एसआईटी की जांच में एक और बड़ा खुलासा हुआ है कि ट्विन टावर के फ्लैट खरीदारों से बिल्डर ने एफएआर की मंजूरी नहीं ली थी। दरअसल एफएआर बढ़ाने से पहले नोएडा अथॉरिटी में इसके स्ट्रक्चरल कैलकुलेशंस होते हैं। इस प्रक्रिया में फ्लैट बायर्स को भी शामिल किया जाता है। जिस जमीन पर इमारत खड़ी होती है, उसमें फ्लैट बायर का भी मालिकाना हक होता है। मगर बिल्डर ने इन सभी फ्लैट ओनर्स को बताए बिना एफ एआर बढ़ाया और फ्लोर बढ़ाता चला गया। नियमों के मुताबिक खरीदारों से मंजूरी ली जानी चाहिए थी। एसआईटी ने अपनी जांच में इस मामले पर भी सवाल उठाया है।

## दंगल में महिला पहलवानों ने दिखाया दमखम

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-15 में ऋषिपाल मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलडियों ने भाग लिया। इसमें पहले स्थान पर मोनू पुराना ने जीत दर्ज की।

दूसरे स्थान पर आशीष छत्रसाल स्टेडियम रहे। जबकि तीसरे स्थान पर साहिल चांदरूप अखाडा के पहलवान ने जीत दर्ज की। हर साल की तरह इस साल भी नोएडा सेक्टर-15 ऋषिपाल क्रीड़ा स्थल में विशाल दंगल का आयोजन कराया गया। इस दंगल का आयोजन ऋषिपाल मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा पिछले 26 सालों से लगातार कराया जा रहा है।



रिंग में अपना वूमन पावर।

# देश मे कैंसर और टीबी जैसी बीमारियां बड़ी चुनौती: राज्यपाल

● स्वयं सहायता समूहों को वितरित की वित्तीय सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को यहां कहा कि देश में महिला शक्ति ही दहेज जैसी कुरुति को जड़ से खत्म कर सकती है। इसके लिए समस्त महिलाओं को यह संकल्प लेना होगा कि वह अपने बेटे के लिए ज्यादा दहेज लाने वाली बहू नहीं बल्कि संस्कारी और शिक्षित बहु लाएंगी।

साथ ही दहेज लेने से परहेज करेंगी। आनंदी बेन पटेल मोहननगर



स्थित आईटीएस सभागार में आयोजित स्वयं सहायता समूह के वित्तीय सहायता वितरण समारोह को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने देश मे टीबी व कैंसर से निपटने को बड़ी चुनोती बताया। उन्होंने कहा कि गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल जिस समाज से आते थे मैं भी उसी पटेल समाज से ही आती हूं। एक जमाने में पटेल समाज में दहेज का बहुत प्रचलन था। बिना दहेज के बच्चियों की शादियां नहीं हो पाती थी । जिसके कारण मां-बाप खासे परेशान रहते थे। राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल ने दहेज के खिलाफ बहुत काम किया। उनके पास जब भी कोई शादी का निमंत्रण लेकर जाता था तो उनका एक ही सवाल होता था कि उन्होंने अपने बेटे को कितने रुपए में बेचा है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से रुपए में गाय भैंसों को खरीदा या बेचा जाता है उसी तरह हमारे समाज में भी यह काम होता था। राज्यपाल ने कहा कि देश में कैंसर और टीबी जैसी बीमारियां घातक रूप धारण करती जा रही हैं और इनसे निपटना बड़ी चुनौती है। इन बीमारियों का इलाज काफी महंगा होता है और आम आदमी नहीं करा पाता है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी की इस परेशानी को खत्म करने के लिए आयुष्मान योजना चालू की। जिसमे पांच लाख रुपये का बीमा होता है।जिससे बीमारी होने पर उसका इलाज आसानी से हो सके। इससे पहले उन्होंने विभिन्न स्वयं सहायता समूह को आर्थिक सहायता के चेक भी वितरित किए। उन्होंने बताया कि कुल 510 आंगनबाड़ियों को गोद लिया गया है। इस मौके पर महापौर आशा शर्मा भी मौजूद थी।

### 400 कॉलेजों को आंगनबाड़ियों से जोड़ा

आंगनबाड़ियों को सशक्त और आधुनिक बनाने की पहल की दिशा में कदम बढ़ाते हुए करीब 400 कालेजों को आंगनबाड़ियों से जोड़ा है। यह कालेज चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ तथा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्ध हैं।यह कालेज आंगनबाड़ियों को गोद लेकर उन्हें आधुनिक व सशक्त बनाने का काम करेंगे।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बताया कि आंगनबाड़ियों का प्रदेश को सशक्त और स्वस्थ बनाने का बहुत बड़ा योगदान है। जब प्रदेश सशक्त बनेगा तो देश भी सशक्त बनेगा। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी को सशक्त बनाने की कार्य योजना लखनऊ से शुरू की थी जिसमें अब तक 510 आंगनबाड़ियों को गोद लिया गया है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

आज दिल से बहुत खुशी महसूस करेंगे। अपनी माताजी को कोई गिफ्ट देने का मन करेगा और उनकी सेवा करने की इच्छा मन में जागेगी। ऑफिस को लेकर व्यवहार बिल्कुल अलग नजर आएगा। आप काफी मुस्तैद नजर आएंगे और काम को लेकर परिपक्व होंगे। निजी जीवन को लेकर कुछ चुनौतियां रहेंगी, जिन्हें दूर करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होने के योग बन रहे हैं।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** गरीब विधवाओं की मदद करें।

### वृष

आज व्यवसाय की वृद्धि के लिए भागीदारी के विषय में सोचना चाहिए। व्यवसाय में धन के आगमन की संभावना रहेगी। मीडिया से जुड़े जातक सफल रहें। आमदनी स्थिर और बेहतर होने के पूर्ण योग हैं, आज आपको धैर्य से काम लेना होगा। आलोचकों पर ध्यान न दें। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। संपत्ति के बड़े सौदे लाभ दे सकते हैं। शांति बनाए रखने में ही भलाई है।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** चंद्रमा को अर्घ्य दें।

### मिथुन

आज आपको धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा, जो लंबे समय तक चलेगा। कई तरह की योजनाएं बन सकती हैं। आज अविवाहित लोगों का विवाह भी तय हो सकता है। आप बुद्धि से काम पूरे करवा सकते हैं। खुद को साबित करके दिखा देंगे। आज आपको दोस्तों और परिवार से सहयोग मिलने के योग हैं। अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छा कहा जा सकता है।

**( का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** शिव आराधना करें।

### कर्क

आज मन में भावुकता आएगी। किसी पुरानी बीमारी के ताजा होने पर थोड़े गंभीर होंगे। आंखों से आंसू भी आ सकते हैं आज किसी के साथ की आवश्यकता महसूस होगी। इसलिए अभी शादीशुदा है, तो जीवन साथी को अपना हाल सुनाएं। वह आपका साथ देंगे। प्रेम जीवन में गलतफहमीओं को पनपने न दे। इससे बचने की कोशिश करें। काम को लेकर स्थिति अच्छी है। प्रयास सार्थक होंगे।

**( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** सफेद रुमाल जेब में रखें।

### सिंह

रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। व्यक्तिगत जीवन में तनाव कम रहेगा और सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन का पूर्ण आनंद उठा सकेंगे। दूसरों की भावनाओं में नहीं बहें। दिल की सुनें और आप सही राह पकड़ लेंगे। सफलता की प्राप्ति करेंगे। धन की प्राप्ति हो सकती है। राजनीति में उच्च नेता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। काम की बात हो सकती है। दिनभर के कामों से आलस्य महसूस हो सकता है।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** गूगल लोबान की धूप शाम को घर में जलाएं।

### कन्या

बिजनेस में नई पहल करने का समय है। कामकाज में नया प्रयोग करने में सफल हो सकते हैं। दिन ठीक है। आप जो भी सोचेंगे, उसमें सफलता मिल सकती है। अधिकारी तारीफ करेंगे। जीवनसाथी के साथ समय बीतेगा। रोजमर्रा के कामों में फायदा हो सकता है। प्रॉपर्टी के काम भी पूरे हो सकते हैं। पुराने काम समय से पूरे हो जाएंगे। पारिवारिक समस्याओं के समाधान का मौका मिल सकता है।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** बुजुर्ग महिला के चरण स्पर्श करें।

### तुला

माता पिता के प्रति प्रेम की भावना जागेगी। इंश्योरेंस पॉलिसी लेने में सावधानी रखें और किसी की भी गारंटी न लें। कोर्ट कचहरी से जुड़े मामले आ सफलता दायक रहेंगे। काम को लेकर भावुकता में आने से बचना चाहिए और अपने काम से मतलब रखना चाहिए। निजी जीवन की स्थितियां बहुत सुंदर रहेंगी और आप रिश्तों से इंसाफ कर पाएंगे। पुराने कर्मचारी के कारण कोई समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** संभव हो तो गोमाता का दान करें

### वृश्चिक

आज वाणी और व्यवहार को संयमित रखें। सहकर्मियों से झगड़ा होने की संभावना है। व्यय की अधिकता रहेगी, परंतु आमदनी सीमित रहेगी। मानसिक तनावों को हावी न होने दें। विपरीत परिस्थितियों को भी पक्ष में करने की अद्भुत क्षमता का प्रयोग करें। आने वाले दिनों में किए गए कामों से फायदा हो सकता है। बाहर जा रहे हैं, तो ऑफिस का काम किसी साथी के भरोसे छोड़ कर जा सकते हैं।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** नम: शिवाय का जाप करें।

### धनु

नौकरी, कॅरियर और पैसों के लिहाज से दिन अच्छा है। नई नौकरी या प्रमोशन की कोशिश में है, तो कोशिशें पूरी हो सकती हैं। उत्सुकता भी चरम पर हो सकती है। आज आप नए लोगों से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बहुत से लोग सहमत भी हो सकते हैं। बहुत से लोग मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। कामकाज के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है। लव लाइफ में कुछ बदलाव होने के योग बन रहे हैं।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** भगवान शिव की कपूर से आरती करें।

### मकर

दिमाग से ज्यादा शारीरिक श्रम पर ध्यान देंगे ? मेहनत करना सबसे बड़ा गुण है और आप पीछे नहीं हटते। अंतरात्मा से आज कुछ आवाज आएगी, जिसे सुनकर आपका कोई काम बन जाएगा और आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। ऑफिस में आपकी बुद्धिमानी की तारीफ होगी। अधिकारी आज आपकी कर्तव्यनिष्ठा से प्रसन्न होकर प्रमोशन की बात कर सकता है। निजी जीवन में चुनौतियां तो होंगी, लेकिन उनसे पार पाना आपको आता है।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** रुद्राष्टकम का पाठ करें।

### कुंभ

खुद को शांत रखने की कोशिश करेंगे। कई तरह के अनुभव मिल सकते हैं। नकारात्मक चिंताओं को त्यागकर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। आप नए कार्यों को प्रारंभ कर सकते हैं। अटके हुए काम निपटाने के लिए भी दिन ठीक है। मेहनत होगी। फायदा हो सकता है। यात्रा में थोड़ी सावधानी बरतें। धन तथा कीमती सामानों को सुरक्षित रखें। न्यायालय संबंधित मामले अभी थोड़ा लंबा चल सकते हैं। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** रात्रि को दूध में हल्दी डालकर पीना शुरू करें।

### मीन

मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। कोई नया काम करने की सोच रहे हैं तो आपके सामने कुछ और काम आ सकते हैं। रोजमर्रा के कामकाज ज्यादा ही रहेंगे। थोड़े समय में सब ठीक हो जाएगा। धैर्य रखें। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए आपको कुछ नया सीखना होगा। सेहत संबंधी मामलों में चिंता कम हो जाएगी।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** अस्पताल में भर्ती रोगियों की मदद करें।



हिंगोरी का कहना है कि आत्मज्ञान की यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है त्याग। इसे देखने का तरीका ही इसे अलग बनाता है

# किसी से जुड़ाव नहीं

वैराग्य, संस्कृत में, मोटे तौर पर, बैराग या अनासक्त या त्याग के रूप में अनुवादित होता है। त्याग पर बड़ा सवाल यह है कि वह क्या है जिसका हम याग रहे हैं? क्या हमारा सारी सांसारिक वस्तुओं का त्यागना त्याग के समान है? इसे समझने के लिए, मैं योग वशिष्ठ का उल्लेख करना चाहूंगा। एक राजा और रानी की अद्‌भुत कहानी है, जिन्हें अंतत: सच्चाई का एहसास हुआ। हालांकि रानी को यह बहुत पहले ही पता चल गया था, मगर राजा ने फैसला किया कि आत्मज्ञान का मार्ग तपस्या और प्रायश्चित है। उन्होंने अपनी पत्नी की देखरेख में अपना राज्य छोड़ दिया, अपनी सारी सांसारिक संपत्ति को त्याग दिया और वन में चले गए जहां उन्होंने कई वर्षों तक घोर तपस्या की, तो क्या यह आत्मज्ञान का सही मार्ग था? वास्तव में नहीं, इसका नतीजा यह हुआ कि वह बेहद निराश और दुखी हो गया। आध्यात्मिक विकास के पथ संबंधी दीक्षाओं के संदर्भ में यह एक सामान्य भ्रम है।

सच्चा त्याग स्वामी बनने, पहाड़ों पर जाने, 'धर्मशाला' में रहने और फर्श पर सोने में नहीं है। इसके अलावा, इसे कोई भी प्राप्त कर सकता है, चाहे वह करोड़पति हो या योगी, छात्र, किसान, डॉक्टर, कैदी या कोई और। त्याग का अर्थ आपके पास क्या है या क्या नहीं है, नहीं है, बल्कि यह आपकी चेतना की स्थिति है। यह, निश्चित रूप से, बहुत गहन लगता है, लेकिन आइए चर्चा करें कि इसका वास्तव में क्या अर्थ है। त्यागी वह है जो इंद्रियों द्वारा प्रदत्त आनंद के बजाय आत्मा द्वारा प्रदत्त आनंद में लीन रहता है। एक सच्चा त्यागी जो कुछ भी उसके समक्ष आता है उसका आनंद लेता है, और इस मायावी दुनिया में इच्छाओं का अनुसरण नहीं करता है। वास्तव में ज्ञान प्राप्त करना और राजा के रूप में सांसारिक सुखों का जबरन त्याग करना भी तीव्र इच्छा में तब्दील हो जाता है जो फिर आध्यात्मिक प्रगति को मापने के लिए मील के पत्थर की स्थापना करता है। अगर मैं इसे एक वाक्य में रखूं, जिसने इंद्रियों के आकर्षण पर काबू पा लिया है और संपत्ति, रिश्ते और इच्छाओं के मामले में विरक्त हो गया है वह एक सच्चा त्यागी है।

त्याग आत्मज्ञान की यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालांकि इसे देखने का तरीका यह नहीं है कि आपके पास 'कुछ भी नहीं' है, बल्कि इस कुछ भी को 'स्वयं पर हावी' नहीं होने देना है। न आपकी इंद्रियां, न आपका मन, न आपकी संपत्ति, न आपके रिश्ते और सबसे बढ़कर न ही आपकी 'पहचान'। 'स्व' में स्थित रहें। इसलिए कोई इन समस्त 'सोच' और 'चीजों' को कैसे त्याग सकता है? इसे देखने का एक सरल तरीका है सम्भाव। जब हम सुख-दु:ख, दुख-सुख, पसंद-नापसंद से अप्रभावित रहते हैं, तो हम समता को प्राप्त कर लेते हैं। तो फिर हम इस मुकाम पर कैसे पहुंचे। इस लेख में हम वहां पहुंचने के एक तरीके की जांच करेंगे, और वह है 'स्वीकृति' का तरीका। जब हम चीजों को 'जैसी हैं' के रूप में देखते हैं और न कि उन्हें 'होना चाहिए या नही' के रूप में, तो हम स्वीकृति विकसित करते हैं। प्रकट रूप में घटित होने वाली स्थितियों और परिदृश्यों के अलावा, यह स्वयं को स्वीकार करने से भी संबंधित है। इसका मतलब निष्क्रियता या सुधार और परिवर्तन की दिशा में कोई प्रयास नहीं करना है, लेकिन एक बार जब स्वीकृति अपने भीतर व्याप्त हो जाती है, तो उसमें भावना का अभाव होता है और आप स्वयं को 'जैसे है वैसे है' के आधार पर स्वीकार करना सीख जाते हैं। मैं व्यर्थता या भाग्यवाद की भावना की सिफारिश नहीं कर रहा हूं, जो दोनों अर्थ में नकारात्मक हैं। बल्कि, संत अक्सर 'संतोष' की बात करते हैं, जिसका मूल 'स्वीकृति' में होता है जो एक सकारात्मक मानसिकता से उपजा है।

बसरा की राबिया एक प्रसिद्ध सूफी फकीर थीं। आध्यात्मिक जीवन के प्रति उनके दृष्टिकोण ने अनेक समकालीनों से सम्मान प्राप्त किया। जब लोगों ने उनसे पूछा, 'भगवान के सेवक कब संतुष्ट होते हैं?' उन्होंने उत्तर दिया, 'वे संतुष्ट हैं जब वे दर्द के लिए भी वैसे आभारी होते हैं, जैसे वे आनंद के लिए होते हैं।'

यह एक लंबी यात्रा है, एक यात्रा, जिसे हमने कई जन्मों में पार किया है, और जैसा कि हम अभी भी उस पथ पर हैं। मुझे अपनी और दूसरों की स्वीकृति निर्मित करने के लिए एक महान उपकरण के बारे में बताने का मौका दें। इसे प्रतिपक्ष भवन के नाम से जाना जाता है। यह एक योगिक मन का अभ्यास है जो आपको हर बार एक नकारात्मक विचार मन में आने पर सकारात्मक विचार पैदा करना सिखाता है। दूसरे शब्दों में, यह उन विचारों या भावनाओं के प्रति विपरीत दृष्टिकोण पैदा करने का एक उपकरण है जो आपके मन में अशांति पैदा करते हैं।

> त्यागी वह है जो इंद्रियों द्वारा प्रदत्त आनंद के बजाय आत्मा द्वारा प्रदत्त आनंद में लीन रहता है। एक सच्चा त्यागी जो कुछ भी उसके समक्ष आता है उसका आनंद लेता है, और इस मायावी दुनिया में इच्छाओं का अनुसरण नहीं करता है।


सरल शब्दों में, यह एक विपरीत दृष्टिकोण दर्शाता है। जब आपको किसी चीज के बारे में ऐसे ख्याल आते हैं जिन्हें आपकी बुद्धि पसंद नहीं करती है, तो आप नापसंद मूल विचार को अधिरोपित करने के लिए एक विपरीत विचार का चयन करते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई आपके प्रति असभ्य है, तो स्वाभाविक रूप से उनके प्रति शत्रुता विकसित करने के बजाय, प्रतिपक्ष भवन आपको उन्हें विपरीत ढंग से देखना सिखाता है। आप खुद को समझा सकते हैं कि शायद वह व्यक्ति तनाव से गुजर रहा है और उसे यह नहीं पता कि वे कैसे बोल रहे है, या शायद किसी की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना आपकी नियति थी, या आप खुद से पूछ सकते हैं कि क्या आपने जो कुछ कहा है वह इस प्रतिक्रिया की शुरुआत करता है। ये कुछ उदाहरण हैं कि आप दूसरे व्यक्ति के व्यवहार को आपको चोट पहुंचाने से कैसे रोक सकते हैं। एक अद्‌भुत नियम के रूप में, सफलता की दर को देखने के बजाय, असफलता के घटने की दर को देखें।

महर्षि पतंजलि का कथन है, 'मन को क्रोध और आक्रोश के निरंतर विचारों के समक्ष रखेंगे, तो आप पाएंगे कि ये क्रोध-लहरें क्रोध-संस्कारों का निर्माण करती हैं, जो आपको अपने दैनिक जीवन में क्रोध के अवसरों तलाशने के लिए प्रेरित करेंगी। अति विकसित क्रोध-संस्कार वाले व्यक्ति को बुरे स्वभाव वाला कहा जाता है।'

एक बार एक गुरु से प्रश्न पूछा गया, 'अगर मुझे महिलाओं के साथ व्यवहार करते समय कामुक विचार आते हैं तो मुझे क्या करना चाहिए?' वह ऐसे मुस्कुराए जैसे उससे सौ बार पहले भी यह सवाल पूछा गया हो। उन्होंने कहा,'महिलाओं के साथ व्यवहार करते समय उन्हें एक नन्हीं बच्ची और फिर एक बूढ़ी औरत के रूप में देखें।' यह एक तरह के प्रतिपक्ष भवन का अनूठा उदाहरण था, जहां आप एक नकारात्मक भावना से बचने के लिए एक विपरीत भावना नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार की कल्पनाओं को आरोपित करते हैं।

मैं आपसे क्रिकेट के खेल के बारे में सोचने का आग्रह करता हूं। तकनीकी रूप से, गेंद को 100 मील प्रति घंटे की गति से देखना और फिर इसे कैसे खेलना है, यह तय करना लगभग असंभव है। बहुत कम बल्लेबाज ऐसा कर पाते हैं। तो वे उस गेंद को कैसे हिट करते हैं जो उसकी सोच से भी तेज चलती है? इसे अभ्यास कहते हैं। यह मांसपेशियों की स्मृति की ओर भी ले जाती है। आपको नेट्स पर जाना होगा और तब तक अभ्यास करना होगा जब तक आपको पता न हो कि क्या करना है। आपको यह समझने की जरूरत है कि आप सुधार करेंगे, लेकिन एक बार में थोड़ा ही। आध्यात्मिक प्रथाओं के साथ भी ऐसा ही है। जब खुद को स्वीकारने के लिए जूझ रहे हों, तब भी आप दूसरे पक्ष को देख सकते हैं और कह सकते हैं, 'इन दिनों, मैं खुद को कम नापसंद करता हूं' और फिर कहें, 'मैं शायद ही खुद को नापसंद करता हूं', जो अंतत: एक ऐसी भावना पैदा करेगा जिसमें आप खुद को बिलकुल नापसंद नहीं करेंगे। यहां से, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप अपने आप को निर्विवाद रूप से स्वीकार करना शुरू कर सकते हैं।

**- लेखक आध्यात्मिक पुस्तकों की हिंगोरी सूत्र श्रृंखला के लेखक हैं।**



# गांधी: मेरी दृष्टि में



प्रमोद पाठक

गांधी के बारे में लिखना कुछ लोगों का शौक होता है और कुछ के लिए यह एक फैशन है। लेकिन एक और वर्ग है जो मंच पर उभर कर आया है, वह है गांधी का अपमान करने वालों का। हालांकि संख्या में अभी भी महत्वहीन है, मगर यह समूह आक्रामक, मुखर और सोशल मीडिया कार्यकर्ता है, जो मानता है कि एक चाय कप में तूफान पैदा किया जा सकता है। ऐसे कार्यकर्ताओं के लिए गांधी को नीचा दिखाने का प्रयास सिर्फ एक मनोरंजन है, जिसका वे आनंद लेते हैं। चाहे वह धारणा हो या प्रचार, गलत सूचना या दुष्प्रचार, अभियान उद्देश्य से ज्यादा आवेगपूर्ण है। लेकिन जरूरत इस बात की है कि सही ज्ञान उस विशाल युवा आबादी तक पहुंचे, जो सोशल मीडिया के बहकावे में आ जाते हैं। शायद, सेज जैसे प्रामाणिक स्रोत द्वारा हालिया शोध प्रकाशन सोशल मीडिया की गलत सूचना की प्रकृति पर कुछ प्रकाश डालता है और आंख खोलने वाला काम करता है। अध्ययन में सही पाया गया है कि भारत सर्वाधिक गलत सूचना प्रभावित देशों में से एक है और सर्वाधिक गलत सूचना का उत्पादन भी करता है। जाहिर है, क्योंकि सोशल मीडिया बड़ी संख्या में लोगों के लिए एक पूर्णकालिक मनोरंजन है। इस पृष्ठभूमि में, और यहां तक कि ट्रोल ब्रिगेड की फायरिंग रेंज में आने के जोखिम के बावजूद, आइए गांधी के एक और जन्मदिन पर उनके बारे में बात करते हैं। इससे भी ज्यादा, क्योंकि हम भारत की आजादी के 75 साल बड़े पैमाने पर मना रहे हैं। हालांकि यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ने और योगदान करने वाले अनेक लोग थे, फिर भी यह गांधी ही थे जिन्होंने तारकीय भूमिका निभाई।

उनके आगमन से पहले कई लोगों ने ब्रिटिश सरकार को सुनाने की कोशिश की, लेकिन यह गांधी ही थे जो सफल हुए। यह गांधी ही थे जिन्होंने साबित किया कि अंग्रेज अजेय नहीं थे। यह गांधी ही थे जिन्होंने कांग्रेस को वकीलों के वर्चस्व वाले भावुक लोगों के एक प्रेरक समूह से जन आंदोलन के अंग में बदल दिया। और यह गांधी ही थे जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ दुनिया की राय को प्रभावित किया, जिससे अंतत: उनके पीछे हटने का मार्ग प्रशस्त किया। चंपारण से लेकर दांडी तक गांधी ही थे जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में आम भारतीय को हिस्सेदार बनाया। गांधी पर सबसे बड़ा गलत बयान उनकी हिंदू साख के बारे में है। सच तो यह है कि वह उन लोगों की तुलना में अधिक धर्मपरायण हिंदू थे, जो आज इस मुद्दे का समर्थन कर रहे हैं। गांधी ने न केवल हिंदू धर्म को उसके वास्तविक अर्थों में समझा, बल्कि उन्होंने धार्मिक रूप से भी इसका अभ्यास किया। उन्होंने गीता के सिद्धांतों का पालन किया और धर्म के उस दर्शन में विश्वास किया जिसकी स्वामी विवेकानंद ने स्पष्ट रूप से पैरवी की थी। राम के बारे में उनकी समझ आज राम को मानने वाले कई दावेदारों से काफी बेहतर थी। परंपरा और आधुनिकता का एक आदर्श मिश्रण, गांधी नैतिक नेतृत्व का एक उदाहरण थे, यह विषय आज प्रबंधन कक्षाओं में बहुत लोकप्रिय है। वास्तव में, गांधी के उल्लेख के बिना नैतिकता का कोई भी पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो सकता है। उन्होंने न केवल नैतिक आचरण का प्रचार किया, बल्कि वे इसका प्रतीक भी बने।

उनके लिए नैतिकता, मंदिर में होने पर उचित व्यवहार करना, नहीं थी, बल्कि तब भी जब आप अकेले हों और कोई नहीं देख रहा हो। वह सत्य और अहिंसा में विश्वास करते थे, वे गरीबों के उत्थान में विश्वास करते थे, वे स्वच्छता को ईश्वरत्व मानते थे। उनके लिए सादा जीवन और उच्च विचार मूलमंत्र थे और उन्होंने जो उपदेश दिया, उस पर अमल किया। उनके लिए साधन और साध्य विनिमेय थे। उनके आर्थिक विचारों का विश्व बैंक द्वारा बार-बार समर्थन किया गया। कोई आश्चर्य नहीं, वह अभी भी हमारे सबसे लोकप्रिय वैश्विक ब्रांडों में से एक हैं। वर्ष 2000 में उन्हें सहस्राब्दी का आदमी उचित घोषित किया गया था। जो अभी भी उन्हें नहीं समझते हैं : ईश्वर, उन्हें क्षमा करें, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या करते हैं।

**- पाठक प्रबंधन प्रोफेसर, लेखक और एक प्रशंसित जन वक्ता हैं।**

# प्रगति के लिए कला की ओर मुड़ें

कोई भी कलाकार हो सकता है, चाहे उसकी प्रतिभा कुछ भी हो। अपने दैनिक जीवन में कला, रचनात्मकता व कल्पना का उपयोग करने से बहादुरी, सफलता और विशिष्टता प्राप्त हो सकती है, ये सभी वास्तविक सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। यह समझना कि कला कैसे आपको अधिक रचनात्मक और लीक से हटकर सोचने में सक्षम बनाती है, आपको अपने आराम क्षेत्र से बाहर कर देगी और आपको आपकी राह में आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करेगी। यहां ऐसे तरीके दिए गए हैं जिनसे कला और कल्पना को अपने नियमित कार्य में शामिल करने से आपको दूरगामी उत्पादकता और उपलब्धि प्राप्त होगी। यह मान लेना आसान है कि कला को देखकर हमें खुशी मिलती है। चाहे कोई आधुनिक विषयों, शास्त्रीय शैलियों, मूर्तियों, स्थिर जीवन या चीनी मिट्टी की चीजें पसंद करता हो, मगर कला के लिए प्यार सार्वभौमिक है, यहां तक कि उन लोगों के बीच भी, जो खुद को कलाकार नहीं मानते हैं। हालांकि, यह पारस्परिक भावना केवल दिखावे के लिए नहीं है। कला का परिचय हमारे स्वास्थ्य, सफलता और हमारे जीवन को प्रभावित करता है। आइए कुछ ऐसे तरीकों पर गहराई से नजर डालें जिनसे कला आपके जीवन को बेहतर बना सकती है।

## कला हमारे जीवन को प्रभावित करती है

क्या आप जानते हैं कि कला को देखने का सीधा असर दिमाग पर पड़ता है? लंदन विश्वविद्यालय ने 2011 में बताया कि जब व्यक्तियों ने आकर्षक कलाकृति देखी, तो मस्तिष्क में रक्त प्रवाह 10 प्रतिशत तक बढ़ गया। शायद 'कला' शब्द किसी कारण से 'स्मार्ट' शब्द के



भीतर छिपा है! कला मन और शरीर दोनों को ठीक कर सकती है। इस तथ्य ने ध्यान आकर्षित किया है, क्योंकि चिकित्सकों ने पाया है कि कला को देखने और उसका सृजन करने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। यह तनाव से राहत देती है, मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाती है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है। कला रोगी के ठीक होने के समय को कम करती है और अस्पताल के कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाती है। कला स्वास्थ्य में सुधार करती है, इस बात के इतने प्रमाण हैं कि अब हमारे पास प्रशिक्षित कला चिकित्सक हैं।

## कला संप्रेषण में सहायता करती है

जब शब्द किसी चीज को व्यक्त करने में असफल होते हैं, तो दृश्य कला उसे संप्रेषित करने का एक तरीका है। यह हमारे लिए खुद को व्यक्त करने और मानवीय दुर्दशा के बारे में सोचने का एक तरीका है। हम जो सोचते हैं या महसूस करते हैं उसके आधार पर हम एक संदेश के साथ एक छवि बनाते हैं और इसे दूसरों के साथ साझा करते हैं, यह देखने के लिए कि वे इसे कैसे समझते हैं। इस अर्थ में, कला वह टिकट हो सकती है जो हमें रहने के लिए अधिक शांतिपूर्ण वातावरण बनाने का अवसर देती है।

> आरती झवेरी का कहना है कि किसी भी रूप में रचनात्मकता तनाव दूर करने, मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करती है।

## कला व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता सुधारने का ईंधन है

कला न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि यह हमें दिशा की भावना भी प्रदान करती है। कला को रचने और देखने से जुड़ी रचनात्मकता जीवन के प्रति हमारे दृष्टिकोण को बदल सकती है और हमें आश्वस्त कर सकती है कि आने वाले दिन उज्जवल हैं। क्या आपको आसन्न कयामत का आभास होता है? किसी कला पर एक नजर डालें, या ब्रश या कलम उठाएं और उस पर अपना हाथ आजमाएं। कला दैनिक झंझट से राहत और स्वस्थ ढंग से कठिनाइयों से निपटने का अवसर प्रदान करती है। क्या आप अपने जीवन में ज्यादा कला देखना चाहते हैं? तो अपने घर के रास्ते में या कामों को करते समय एक आर्ट गैलरी में रुककर उन छोटे-छोटे फायदों का लाभ उठाएं।

**- लेखक एक दृश्य कलाकार हैं।**

# भगवान आसानी से प्रसन्न होते हैं

भगवान हमेशा हमारी मदद करने, हमें पुरस्कृत करने के तरीके तलाशता रहता है। इसलिए वह हमेशा हमें देख रहा है, हमारी सुन रहा है और वह जानता भी है कि हम क्या सोच रहे हैं। इसका उद्देश्य हमें आवश्यकतानुसार जवाब देना है। ऐसा सृष्टिगत विधान है। वह प्रसन्न होता है जब कोई कर्तव्यपरायण होता है, अर्थात व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करता है। बेशक, भगवान बहुत अधिक प्रसन्न होते हैं यदि कोई 'धर्म' के अनुसार कार्य करता है जिसके लिए उसने जन्म लिया है। वह कल्याणकारी गतिविधियों में लगे लोगों की इस हद तक सराहना करते हैं कि उन्होंने ऐसे व्यक्तियों के लिए कोई 'दुर्गति' (बुरा अंत) नहीं होने का आश्वासन दिया है। भगवान कृष्ण ने जनकल्याण के साथ नि:स्वार्थ भाव से काम करने के लिए जनक जी की विशेष रूप से सराहना की है।

परमेश्वर ने उनकी भी सराहना की है जो संकट के कारण उसके पास जाते हैं, भगवान कृष्ण ने ऐसे व्यक्तियों को कुलीन कहा है। धनसाधकों के बारे में भी उनका यही मत है। धन की तलाश में रहने में कुछ भी गलत नहीं है, ईश्वर की एक ही शर्त है कि वह 'धर्म' के अनुसार हो। यदि धन की खोज करना वांछनीय नहीं था, तो पूरी दुनिया अयोग्य हो जाती। क्या आप ईश्वर से ऐसी मानसिकता की उम्मीद कर सकते हैं? फिर, भगवान को प्रसन्न करने में हमारी समस्या कहां है? हम जो चाहते हैं वह प्रामाणिक होना चाहिए और यदि हम उसके पास जाते हैं तो भगवान प्रसन्न होंगे। और आत्मिक कार्य, यहां तक कि थोड़े से भी, परमेश्वर को बहुत भाते हैं, वह भयंकर भय से सुरक्षा का वादा करता है। यह कल्पना करना असंभव है कि हम में से कोई इतनी आसानी से और सहजता से प्रसन्न हो जाए।

लेकिन हमारे पास परमेश्वर के पास न जाने और अपने कार्यों से उसे प्रसन्न करने का प्रयास न करने के लिए बहुत सारे बहाने हैं। सबसे आम बहाना यह है कि दूसरे ऐसा नहीं कर रहे हैं। हां, वे नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वे ऐसा नहीं करेंगे, जैसा कि भगवान कृष्ण ने बताया है, जब उन्होंने कहा था, 'घृणा और इच्छा के द्वैत के कारण होने वाले भ्रम के कारण, सभी जीव भ्रम में पड़ जाते हैं।' यदि हम जनसमूह में से एक बनना चाहते हैं और जन्म और मृत्यु के चक्र से गुजरना चाहते हैं



> अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि अगर हम गुणवत्तापूर्ण जीवन जीना चाहते हैं, तो हमें भगवान की बात सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए और उन्हें खुश करने का प्रयास करना चाहिए

और एक सामान्य जीवन व्यतीत करते हैं और एक अन्य सामान्य जीवन के लिए पुन: जन्म लेते हैं, तो यह हमारा निर्णय है। लेकिन अगर हम इस एक और अगले जीवन में गुणवत्तापूर्ण जीवन जीना चाहते हैं, तो हमें परमेश्वर के निर्देशों को सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए और उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करना चाहिए। क्या वो वह नहीं है जिसके पास सारे पत्ते हैं?

एक और बहाना यह है कि हम बुढ़ापे में करेंगे, जैसा कि ईश्वर कहता है। नेक विचार, लेकिन यह काम नहीं करता है। उस समय तक हमारी आदतें कठोर हो जाती हैं और शरीर कमजोर हो जाता है। वास्तविकता यह है कि परमेश्वर के पास जाने और उसे प्रसन्न करने के लिए आवश्यक कोई भी प्रयास उम्र के साथ और अधिक कठिन होता जाता है। तीसरा बहाना यह है कि मन नहीं मानता। बेशक ऐसा नहीं होगा क्योंकि हमने एक बच्चे की मानसिकता को अपनाया है, जो फल खाने से इनकार करता है क्योंकि उसे यह पसंद नहीं है। क्या उसने फल चखा है? नहीं, उसने नहीं चखा है। यह चौथा बहाना बताता है, जो यह है कि भगवान को किसने देखा है? निश्चित रूप से, आपने नहीं देखा है क्योंकि आपने अपेक्षित प्रयास नहीं किया। लेकिन आप कैसे सुनिश्चित हो सकते हैं कि दूसरों ने भी भगवान को नहीं देखा है? क्या आपने ऐसा बयान देने से पहले सभी के साथ जांच की है? बहाने की सूची अंतहीन है। तो यह हमें कहां मिलता है? प्रभु ने उत्तर दिया है : भ्रम में। मुझे यकीन है कि हम में से कुछ इतने समझदार हैं कि यह स्वीकार कर सकते हैं कि वर्तमान जीवन इतना महान नहीं है और इसके बारे में कुछ किया जाना चाहिए। भगवान बहुत दयालु हैं। जैसा कि कहा जाता है, आप एक कदम उठाते हैं, वह आपकी ओर 99 कदम बढ़ाता है। एक छोटा कदम भी परमेश्वर को प्रसन्न करेगा और वह हमारी अपेक्षाओं से कहीं अधिक पर्याप्त रूप से प्रतिफल देगा। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भगवान के भक्त भगवान के लिए ऐसी स्तुति लिखते हैं, क्योंकि भगवान उनके लिए जो करते हैं उससे वे अभिभूत होते हैं।

**- बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं**

# अभ्यास मैच में कप्तान कोहली की नजरें बल्लेबाजी क्रम को सही करने पर

एजेंसी। दुबई

**टी-20** विश्वकप में टीम के अभियान से शुरू होने से पहले सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले अभ्यास मैच में भारतीय कप्तान विराट कोहली की नजरें हरफनमौला हार्दिक पांड्या की लय और बल्लेबाजी क्रम को सही करने पर होगी। भारतीय टीम को सोमवार को इंग्लैंड के बाद बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है। टीम के सभी खिलाड़ी हाल ही में समाप्त हुई आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) का हिस्सा थे। ऐसे में कोहली के खिलाड़ियों के लिए मैच अभ्यास कोई समस्या नहीं है, लेकिन 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट में अपने शुरुआती मैच से पहले उनकी कोशिश सही संयोजन बनाने की होगी।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम प्रबंधन उन खिलाड़ियों को मौका देना चाहेगा, जिनकी जगह अंतिम एकादश में पक्की नहीं है। ऐसे खिलाड़ियों को बल्लेबाजी या गेंदबाजी के लिए और अधिक मौके देने की कोशिश होगी ताकि उनकी मौजूदा फॉर्म के बारे में बेहतर जानकारी मिल सके। सलामी बल्लेबाज के तौर पर उप-कप्तान रोहित शर्मा का स्थान पक्का है जबकि उनके साथी के तौर पर ईशान किशन और लोकेश राहुल के बीच किसी एक को चुनना कठिन विकल्प होगा। इन अभ्यास मैचों में इन्हीं दोनों को पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है, ताकि यह देखा जा सके की कौन बेहतर लय में है। राहुल हालांकि इसके लिए बड़े दावेदार होंगे क्योंकि उनके पास दबाव के मैच खेलने का अनुभव है। उन्होंने आईपीएल के 14वें सत्र में 138.80 के स्ट्राइक रेट से 626 रन (30 छक्कों सहित) बनाए है। किशन ने भी आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के आखिरी दो मैचों में लगातार तेज-तर्रार अर्धशतक लगाकर लय में आने के संकेत दिए। उन्होंने इन दोनों मैचों में पारी का आगाज किया था राहुल अगर पारी का आगाज करते है तो किशन मध्यक्रम में छठे स्थान पर हार्दिक को कड़ी टक्कर देंगे। हार्दिक और किशन दोनों का हालांकि आईपीएल के यूएई चरण में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। हार्दिक की गेंदबाजी भी एक बड़ा मुद्दा होगा। इस बात की संभावना कम है कि वह गेंदबाजी करेंगे। ऐसे में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि अगर वह टीम का हिस्सा है तो विकेटकीपर ऋषभ पंत से पहले बल्लेबाजी करेंगे या बाद में।




### टीमें

**भारत:** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, वरुण चक्रवर्ती, राहुल चाहर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी , भुवनेश्वर कुमार, हार्दिक पांड्या।

**इंग्लैंड:** इयोन मोर्गन (कप्तान), जेसन रॉय, सैम बिलिंग्स, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, जोस बटलर (विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), मोइन अली, टॉम कुरेन, क्रिस जॉर्डन, डेविड विली, क्रिस वोक्स, टाइमल मिल्स, आदिल राशिद , मार्क वुड।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविंद्र जडेजा का टीम में स्थान पक्का है। अगर वरुण चक्रवर्ती फिट रहते है तो टीम में उनका स्थान भी लगभग पक्का है। तीसरे स्पिनर के लिए लेग स्पिनर राहुल चाहर और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बीच मुकाबला होगा। तेज गेंदबाजी की कमान भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह को मिलने की उम्मीद है, लेकिन अगर टीम दो स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला करती है तो टीम में शार्दुल ठाकुर को जगह मिल सकती है। इंग्लैंड को जोस बटलर के साथ आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले जेसन रॉय और जॉनी बेयरस्टो से उम्मीद होगी। आईपीएल के प्रदर्शन को पैमाना रखे तो लियाम लिविंगस्टोन और डेविड मलान जैसे कुछ बल्लेबाज यहां संघर्ष कर सकते है। कप्तान इयोन मोर्गन कप्तान के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शानदार रहे है लेकिन वह टूर्नामेंट में बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके।

# टी-20 विश्वकप: पूर्व चैंपियन श्रीलंका की भिड़ंत नामीबिया से

एजेंसी। अबुधाबी

**बदलाव** के दौर से गुजर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका सोमवार को यहां क्वालीफायर में नामीबिया को हराकर टी-20 विश्वकप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। श्रीलंका ने 2014 में टी-20 विश्वकप जीता था, लेकिन इसके अगले साल से उसके शीर्ष खिलाड़ियों ने संन्यास लेना शुरू कर दिया और उनके विकल्प टीम में उनकी जगह को भरने में नाकाम रहे। कुमार संगकारा, महेला जयवर्धने, तिलकरत्ने दिलशान, रंगना हेराथ, लसिथ मलिंगा, नुवान कुलशेखरा और तिसारा परेरा 2014 के बाद संन्यास लेने वाले मुख्य खिलाड़ी हैं। खराब प्रदर्शन के कारण श्रीलंका की रैंकिंग में गिरावट आई जिसके कारण उसे सुपर 12 चरण में सीधे प्रवेश की जगह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के पहले दौर में हिस्सा लेना पड़ रहा है।

शीर्ष खिलाड़ियों के संन्यास के अलावा श्रीलंका को इंग्लैंड में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल के उल्लंघन के कारण निरोशन डिकवेला, कुसाल मेंडिस और दनुष्का गुनतिलका जैसे खिलाड़ियों के एक साल के निलंबन से भी जूझना पड़ रहा है। इनकी गैरमौजूदगी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे चरिथ असालंका, अविष्का फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस और तेज गेंदबाज चमिका करूणारत्ने से टीम को काफी उम्मीदें होंगी। श्रीलंका के पास कलाई के स्पिनर वानिंदु हसारंगा भी हैं, जो शीर्ष गेंदबाज के रूप में खुद को साबित कर चुके हैं। हसारंगा बल्ले से योगदान देने में भी सक्षम हैं और अब तक दो अर्धशतक जड़ चुके हैं। श्रीलंका के पहले प्रतिद्वंद्वी नामीबिया की 18 साल बाद विश्वकप में वापसी हो रही है। टीम ने पिछली बार 2003 में विश्वकप में हिस्सा लिया था। नामीबिया पिछली बार विश्वकप में खेलते हुए छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाया था और टीम के मौजूदा कप्तान गेरहार्ड इरासमस उस समय सिर्फ सात साल के थे। टीम ने पिछले कुछ समय में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके श्रीलंका को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है। लीसेस्टरशर के पूर्व कोच पियरे डि ब्रून को कोच नियुक्त करने और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एल्बी मोर्कल को उनका सहायक नियुक्त करने के बाद टीम ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय दर्जा हासिल किया है। जिस साल नामीबिया ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय दर्जा हासिल किया उसी साल टी-20 विश्वकप क्वालीफायर में भी जगह बनाई। प्रबल दावेदार स्कॉटलैंड के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में जीत के अलावा नामीबिया ने बरमूडा, कीनिया और सिंगापुर को भी हराया। कप्तान इरासमस ने तीन अर्धशतक जड़े। आलराउंडर जेजे स्मिट ने 168 के स्ट्राइक रेट से 190 रन बनाए जबकि शीर्ष क्रम में क्रेग विलियम्स और स्टीफन बार्ड ने भी उपयोगी योगदान दिया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों स्मिट और जेन फ्रीलिंक ने नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि स्पिनर बर्नार्ड सोल्ट्ज ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी से प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डेविड वाइसी की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिली है।



### टीमें

**नामीबिया:** गेरहार्ड इरासमस (कप्तान), स्टीफन बार्ड, कार्ल बिरकेनस्टॉ, मिचौ डू प्रीज, जेन फ्रीलिंक, जेन ग्रीन, निकोल लोफी-ईटन, बर्नार्ड सोल्ट्ज, बेन शिकोंगो, जेजे स्मिट, रूबेन ट्रम्पेलमैन, माइकल वैन लिंगेन, डेविड वाइसी, क्रेग विलियम्स और पिक्की ए फ्रांस।

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल जनित परेरा, दिनेश चांदीमल, धनंजय डिसिल्वा, पथुम निसंका, चरिथ असालंका, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षे, चमिका करुणारत्ने, वानिन्दु हसारंगा, दुष्मंथा चमीरा, लाहिरु कुमारा, महेश थेकशाना और बिनुरा फर्नांडो।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

## आयरलैंड के सामने पहले मैच में नीदरलैंड की मुश्किल चुनौती

एजेंसी। अल अमेरात (ओमान)

**बड़े** टूर्नामेंटों में कई बार बड़ी टीमों के खिलाफ उलटफेर कर चुकी आयरलैंड के सामने टी-20 विश्वकप के शुरुआती चरण में सोमवार को नीदरलैंड की चुनौती होगी। ग्रुप ए का यह मुकाबला काफी अहम होगा क्योंकि दोनों टीमें सुपर 12 चरण में जगह बनाने की दावेदार हैं। खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में हालांकि आंकड़े नीदरलैंड के पक्ष में है, जिसने आयरलैंड के खिलाफ 12 टी-20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है। नीदरलैंड की टीम हालिया एकदिवसीय श्रृंखला में भी आयरलैंड पर भारी पड़ी थी। आयरलैंड ने पाकिस्तान (2007), इंग्लैंड (2011), वेस्टइंडीज (2015) और जिम्बाब्वे (2015), और बांग्लादेश (2009 टी-20 विश्वकप) के खिलाफ विश्वकप में जीत दर्ज की है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बेहतर टीम के रूप में स्थापित होने के बाद ये दोनों टीमें टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचने की दावेदार है। आयरलैंड ने 2009 में टी-20 विश्वकप के दूसरे दौर में पहुंचकर कई लोगों को चौंका दिया था। यह शीर्ष स्तर पर उनका पहला वैश्विक टूर्नामेंट था। इस टीम के पास 2014 में शुरुआती चरण से आगे बढ़ने के बाद मौका था लेकिन उन्हें खराब नेट-रन रेट का खामियाजा भुगतना पड़ा। टीम हालांकि अपने अगले चार टूर्नामेंटों में पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। टीम की कोशिश 2014 के बाद से टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने की होगी। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण वाली टीम आयरलैंड ने कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात से मैच गंवाने के बाद भी बेहतर नेट रन रेट पर क्वालीफायर में अपने वर्ग में शीर्ष पर रहते हुए इस साल के टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। आयरलैंड ने अपना आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मार्च 2020 में खेला था। तीन मैचों की इस श्रृंखला में हालांकि उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने हाल में घरेलू सरजमीं पर स्कॉटलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में जीत दर्ज की, लेकिन पांच देशों की श्रृंखला के फाइनल में उसे मेजबान ओमान से हार का सामना करना पड़ा। अनुभवी केविन ओ ब्रायन उनके प्रमुख खिलाड़ी होंगे, जो 2009 में भी टीम में थे।

### टीमें

**नीदरलैंड:** पीटर सीलार (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, फिलिप बोइसेवेन, बेन कूपर, बास डी लीडे, स्कॉट एडवर्ड्स, ब्रैंडन ग्लोवर, फ्रेड क्लासेन, स्टीफन मायबर्ग, मैक्स ओ डॉड, रियान टेन डोइशे, लोगान वैन बीक, टिम वान डेर गुग्टेन, रूलोफ वैन डेर मेर्वे और पॉल वैन मीकेरेन।

**आयरलैंड:** गैरी विल्सन (कप्तान), मार्क एडायर, एंडी बालबर्नी, डेविड डेलानी, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, शेन गेटकेट, केविन ओ ब्रायन, बॉयड रैनकिन, सिमी सिंह, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, स्टुअर्ट थॉम्पसन, लोर्कन टकर और क्रेग यंग।

**मैच भारतीय समयानुसार 15:30 बजे से शुरू होगा।**

## संक्षिप्त समाचार

### महिला बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की जीत में चमकी शेफाली और राधा

**होबार्ट।** भारत की शेफाली वर्मा ने अर्धशतक जड़ा जबकि राधा यादव ने दो विकेट चटकाए जिससे सिडनी सिक्सर्स ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में रविवार को होबार्ट हरिकेन को पांच विकेट से हराया। पूनम यादव के दो विकेट के बावजूद हालांकि ब्रिसबेन हीट को शिकस्त का सामना करना पड़ा। युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली ने 50 गेंद में छह चौकों की मदद से 57 रन की पारी खेली, जिससे सिडनी की टीम ने 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। हरिकेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 125 रन बनाए थे। शेफाली के अलावा सिक्सर्स की कप्तान एलिस पैरी ने भी 33 गेंद में 27 रन की पारी खेली, जिससे टीम ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन बनाकर जीत दर्ज की। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने हमवतन रिचा घोष (46 गेंद में 46 रन) और साशा मोलोनी (16 गेंद में 22 रन) को आउट करते हुए हरिकेन को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोका। एक अन्य मैच में लेग स्पिनर पूनम ने बेथ मूनी (40) और हीथर ग्राहम को आउट किया जिससे ब्रिसबेन हीट ने पर्थ स्कोरचर्स को सात विकेट पर 137 रन पर रोक दिया।

### लाजियो ने इंटर मिलान को हराया

**रोम।** लाजियो ने विवादास्पद गोल सहित तीन गोल दागकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में इंटर मिलान को 3-1 से हराया जो मौजूदा सत्र में टीम की पहली हार है। फेलिप एंडरसन ने 81वें मिनट में लाजियो को 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई जब चोट के कारण इंटर के फुलबैक फेडेरिको डिमार्को मैदान पर गिरे हुए थे। शनिवार को हुए मुकाबले में इस गोल से इंटर की टीम नाराज हो गई लेकिन नियमों के अनुसार रैफरी को गंभीर चोट के जोखिम की स्थिति में ही खेल रोकना चाहिए और शनिवार को ऐसा कुछ नहीं था। इंटर के खिलाड़ियों ने लाजियो के खिलाड़ियों से गेंद को खेल से बाहर करने को कहा, लेकिन एंडरसन ने काइरो इमोबाइल के शॉट पर रिबाउंड होकर आई गेंद को गोल में पहुंचा दिया। सर्गेज मिलिनकोविच सेविच ने इसके बाद इंजरी टाइम में हैडर से गोल दागकर लाजियो की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।

### चीन ने जापान को हराकर उबेर कप जीता

**आरहस।** चीन ने शनिवार को यहां फाइनल में गत चैंपियन जापान को 3-1 से हराकर उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। कुछ मुख्य खिलाड़ियों के बिना खेल रहे जापान ने कड़ी टक्कर दी लेकिन चीन की टीम दबदबा बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। चीन ने 15वीं बार उबेर कप का खिताब जीता है। चेन किंग चेन और जिया ई फान ने युगल मुकाबले में जापान की जोड़ी को हराया जो उबेर कप के इतिहास का सबसे लंबा मुकाबला रहा। दूसरे युगल मुकाबले में चीन की जोड़ी ने चार गेम प्वाइंट बचाते हुए मैच जीतकर खिताब अपनी टीम की झोली में डाला जिसके बाद तीसरे एकल मुकाबले की जरूरत नहीं पड़ी। चीन ने दोनों युगल मुकाबले और एक एकल मुकाबला जीता जबकि एक एकल मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### लियोन ने मोनाको को हराया, लिली हारा

**पेरिस।** फारवर्ड तोको एकाम्बी और सेंट्रल डिफेंडर जेसन डेनायर के गोलों की बदौलत लियोन फ्रेंच फुटबॉल लीग में मोनाको को 2-0 से हराकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया। एकाम्बी ने 75वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा, जबकि डेनायर ने 90वें मिनट में लुकास पेक्वेटा के क्रॉस को गोल में पहुंचाकर लियोन की जीत सुनिश्चित की। दिन के एक अन्य मैच में गत चैंपियन लिली को क्लेरमोंट के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी और टीम नौवें स्थान पर चल रही है। मैच का एकमात्र गोल 32वें मिनट में विटाल एनसिम्बा ने दागा।

### मालोर्का को हराकर सोसीदाद ला लीगा में शीर्ष पर

**बार्सीलोना।** रीयाल सोसीदाद ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैच के अंतिम लम्हों में 21 साल के जुलेन लोबेते के गोल की बदौलत मालोर्का को 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में तीन अंक की बढ़त बना ली। स्थानापन्न खिलाड़ी लोबेते डेढ़ साल से अधिक समय में पहली बार खचाखच भरे एनोएता स्टेडियम में दर्शकों के चहेते बन गए जब उन्होंने 90वें मिनट में विजई गोल दागकर सोसीदाद को ला लीगा के शीर्ष पर पहुंचा दिया। लोबेतो को 66वें मिनट में मैदान पर उतारा गया था क्योंकि टीम गोल करने के मौके नहीं बना पा रही थी। मौजूदा सत्र में सोसीदाद ने अब तक सिर्फ एक मुकाबला गंवाया है जब उसे अगस्त में बार्सीलोना के खिलाफ अपने पहले मैच में शिकस्त झेलनी पड़ी थी। लेवांते और गेटाफे का मुकाबला शनिवार को गोल रहित ड्रॉ छूटा।

# एशेज में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर लगातार दबाव बनाना जरूरी: ब्रॉड

एजेंसी। लंदन

**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि इस साल के आखिर में एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज गति से गेंदबाजी नहीं बल्कि लगातार दबाव बनाए रखना उनकी टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कोहनी की चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं, तो वही ओली स्टोन पीठ दर्द की समस्या से परेशान हैं। ऐसे में अनुभवी जेम्स एंडरसन गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे जिसमें मार्क वुड के रूप में सिर्फ एकमात्र गेंदबाज होगा जो लगातार 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकता है।

ब्रॉड को चोट से उबरने के बाद कोच क्रिस सिल्वरवुड की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए इंग्लैंड के पास मुख्य योजना के अलावा दूसरी योजना भी है। द टेलीग्राफ के मुताबिक ब्रॉड ने कहा, मैं काफी अध्ययन कर रहा हूं और यह परखने की कोशिश कर रहा हूं कि पिछले छह वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में दाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ विकेट की दोनों ओर से गेंदबाजी पर बल्लेबाज कैसे आउट हुए हैं। उन्होंने कहा, हम अक्सर इंग्लैंड में बहुत तेज गति के बारे में बात करते हैं, लेकिन मैं जो महसूस कर रहा हूं वह उसके बारे में नहीं है।

## नीरज ने कांगो के मुक्केबाज के खिलाफ नॉकआउट जीत दर्ज की


**दुबई।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज नीरज गोयत ने सुपर बॉक्सिंग लीग की क्रिप्टो फाइट नाइट में यहां कांगो के बेबे रिको त्शिबांगु के खिलाफ नॉकआउट जीत दर्ज की। ब्रिटेन के दिग्गज पेशेवर मुक्केबाज आमिर खान समर्थित इस प्रतियोगिता में शनिवार रात को गोयत ने अपने मुकाबले के तीसरे दौर में ही जीत दर्ज कर ली। इस जीत से वेल्टरवेट (63-67 किग्रा भारवर्ग) में पिछले तीन साल से नीरज के अजेय रहने का क्रम जारी है। गोयत ने इस जीत के बाद एक बार फिर से आमिर खान को मुकाबले के लिए चुनौती दी। पाकिस्तानी मूल के आमिर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई साफ जवाब नहीं दिया। ओलंपिक पदक विजेता आमिर ने कहा, मीडिया और प्रशंसकों में इसकी चर्चा हो रही है। जब ऐसा होगा तो उनके लिए निश्चित रूप से रोमांचक होगा।

# महज औपचारिकता पर बीसीसीआई ने मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन मंगाए

एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच बनने के लिए मनाने के दो दिन बाद बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने लोढा समिति की सिफारिश वाले संविधान के अनुसार रविवार को इस पद के अलावा तीन सहयोगी स्टाफ के लिए आवेदन करने के लिए विज्ञापन जारी किया। पहले से ही तय है कि एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के मौजूदा प्रमुख द्रविड़ इस पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं जिसे केवल कुछ चमत्कार होने के बाद ही बदला जा सकता है।

द्रविड़ पहले ही आईपीएल फाइनल के मौके पर दुबई में बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों से साथ चर्चा में अनौपचारिक रूप से सहमति दे चुके हैं। हालांकि बीसीसीआई को क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) बनाने की जरूरत है और अगर संविधान के अनुसार चला जाए तो उन्हें बीसीसीआई शीर्ष परिषद को औपचारिक सिफारिश करनी होगी। सभी पदों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 26 अक्टूबर है। यही कारण है कि बीसीसीआई ने 2023 वनडे विश्वकप तक दो साल के कार्यकाल के लिए मुख्य कोच के पद के साथ बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोचों के लिए अभी विज्ञापन जारी किया है। रवि शास्त्री के साथ गेंदबाजी कोच भरत अरूण और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर का कार्यकाल इस महीने भारत के टी-20 विश्वकप अभियान समाप्त होने पर खत्म हो जाएगा।



बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ अगर आवेदन भरते हैं तो उनके कार्यकाल के बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि उनके पास 2019 से अब तक के अपने दो साल के कार्यकाल के दौरान दिखाने के लिए कोई प्रदर्शन नहीं है। गेंदबाजी कोच के पद के लिए भारत ए और अंडर-19 कोच पारस म्हाम्ब्रे को लाए जाने की उम्मीद है जो द्रविड़ के भरोसेमंद हैं। मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने वाले को 30 टेस्ट या 50 वनडे खेलने के साथ राष्ट्रीय टीम को दो साल की कोचिंग देने या फिर आईपीएल की टीम को तीन साल की कोचिंग देने का अनुभव होना जरूरी है।

# छेत्री ने खिताबी जीत का श्रेय भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों को दिया

एजेंसी। माले

**करिश्माई** कप्तान सुनील छेत्री ने सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप में पांच गोल दागकर भारत को आठवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन उन्होंने टीम की जीत का श्रेय युवा खिलाड़ियों को दिया। पिछले 10 साल से भारत के शीर्ष फुटबॉल खिलाड़ी रहे 37 साल के छेत्री ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में नेपाल के खिलाफ पहला और अपने कॅरियर का 80वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर महान खिलाड़ी पेले को पीछे छोड़ा जबकि लियोनल मेस्सी की बराबरी की। छेत्री ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की विज्ञप्ति में कहा, युवाओं को देखिए... उन सभी के लिए अच्छा लग रहा है। यह उनकी कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया। फाइनल तक हम 20 दिन यहां थे, हमने इस दौरान रोजाना अभ्यास सत्र और मैचों में हिस्सा लिया।




उन्होंने कहा, यह जीत विशेष है क्योंकि पहले दो मैचों में हमारा प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं था। हम जिस स्थिति में थे उससे निकलना और हमने जैसा प्रदर्शन किया, वैसा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। छेत्री तीसरी बार सैफ चैंपियनशिप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं। वह इससे पहले 2011 और 2015 में भी इस क्षेत्रीय टूर्नामेंट को जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। टूर्नामेंट में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और पहले दो मैचों में उसे बांग्लादेश (1-1) और श्रीलंका (0-0) ने बराबरी पर रोका। छेत्री ने बाद में ट्वीट किया था, जिस तरह चाहते थे उस तरह की शुरुआत नहीं हुई, लेकिन अंत बिल्कुल वैसा हुआ जैसा हम चाहते थे। खिलाड़ियों के इस समूह पर गर्व है और जिस तरह हम चीजों को पटरी पर लाए उस पर भी। छेत्री ने भारत के आठ में से पांच गोल दागे। उन्होंने शनिवार को गोल करने वाले भारत के दो अन्य खिलाड़ियों सुरेश सिंह और सहल अब्दुल समद की भी तारीफ की।

कप्तान ने कहा, मैंने सहल को खेलते हुए देखने का लुत्फ उठाया। सुरेश, आपने जैसे गोल किया उसे आदत बनाओ। सहल ने कहा कि यह अविश्वसनीय लम्हा और करिश्मा था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि बॉक्स के अंदर क्या हुआ। मैं अंतिम चार-पांच मिनट के लिए मैदान पर उतरा। टीम के मेरे साथी कड़ी मेहनत कर रहे थे, इसके हकदार वे सभी हैं। सहल ने कहा, मुझे याद नहीं कि बॉक्स के अंदर क्या हुआ। मुझे गेंद मिली और मैं अंदर गया। यह शानदार अहसास है। मुख्य कोच इगोर स्टिमक को लीग मैच में मालदीव के खिलाफ लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद खिताबी मुकाबले के लिए डगआउट से प्रतिबंधित किया गया था। स्टिमक ने कहा, लड़कों ने कर दिखाया। स्टिमक जिरी पेसेक (1993) और स्टीफन कोंसटेनटाइन (2015) के बाद तीसरे विदेशी कोच हैं जिन्होंने भारतीय टीम के साथ खिताब जीता है।

### टीम के दो चोटिल साथियों को समर्पित की ट्रॉफी

भारत ने इस ट्रॉफी को टीम के दो चोटिल साथियों फारुख चौधरी और ब्रेंडन फर्नांडिस को समर्पित किया जो मैदान पर नहीं आ पाए। मंदार राव देसाई और ग्लेन मार्टिन्स ब्रेंडन की जर्सी साथ लेकर पहुंचे जबकि राहुल भेके ने पोडियम पर फारुख की जर्सी पहनी। भेके ने कहा, फारुख और ब्रेंडन भी यहां मौजूद हैं और इस खिताबी जीत का हिस्सा हैं। इस चैंपियनशिप में उनका योगदान लोगों की नजर से दूर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा, मैंने फारुख की जर्सी पहनी क्योंकि मैं चाहता था कि वह ट्रॉफी के जश्न के दौरान हमारे साथ हो। इस खिताबी जीत के साथ भारत ने इस क्षेत्रीय टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा। भारत 13 बार टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए 12 बार फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा है। भारतीय खिलाड़ी रविवार रात बेंगलुरू के लिए रवाना होंगे जहां वे अपने इंडियन सुपर लीग क्लबों से जुड़ेंगे। गोलकीपर मोइरांगथेम धीरज सिंह सहित अंडर 23 खिलाड़ी कुछ दिन बेंगलुरू में रुकेंगे और फिर 20 अक्टूबर को एएफसी अंडर 23 क्वालीफायर के लिए दुबई रवाना होंगे।

# जतिंदर-इल्यास के अर्धशतक ओमान 10 विकेट से जीता

एजेंसी। अल अमेरात

ओमान ने घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए रविवार को यहां जतिंदर सिंह (नाबाद 73) और आकिब इल्यास (नाबाद 50) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की नाबाद साझेदारी से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी के पहले मैच में पापुआ न्यू गिनी को 10 विकेट से हराकर दो अंक हासिल किए।

पापुआ न्यू गिनी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान असद वला की 56 रन की अर्धशतकीय पारी की मदद से नौ विकेट पर 129 रन का स्कोर बनाया। ओमान ने जतिंदर और इल्यास के दबदबे से बनी 85 गेंद की अटूट साझेदारी से 13.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 131 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस तरह से ओमान पुरुषों के टी-20 विश्वकप में 10 विकेट से जीत दर्ज करने वाली तीसरी टीम बन गई। इससे पहले आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने यह कारनामा किया था। ओमान के लिए पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी है। पंजाब में जन्में जतिंदर इस भागीदारी में आक्रामक रहे जिन्होंने छोटे मैदान का पूरा फायदा उठाया और छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 73 रन की पारी के लिए 42 गेंद खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के जड़े थे। इल्यास ने 43 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से नाबाद 50 रन बनाए। पापुआ न्यू गिनी ने इन दोनों के बीच भागीदारी को तोड़ने के लिए सात गेंदबाजों को लगाया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।